संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 10 मई 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 127 पृष्ठ: 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



मीडिया को संबोधित करते हुए सचिन पायलट।

# राजस्थान कांग्रेस में फिर बढ़ी तकरार !

## गहलोत की नेता वसुंधरा, सोनिया नहीं: पायलट, चिट्ठी लिखी, अनशन किया पर सीएम ने भ्रष्टाचार पर एक्शन नहीं लिया; 11 से पदयात्रा करूंगा

### लड़ाई खुलकर सामने आई

● 'हमने दिल्ली जाकर अपनी बात कही। वसुंधराजी के भ्रष्टाचार पर कई महीनों से चिट्ठियां लिखीं। अनशन पर बैठा। अब भी जांच नहीं हुई'

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस के नेता और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के बीच की लड़ाई अब खुलकर सामने आ गई है। उन्होंने गहलोत के आरोपों पर मंगलवार को खुलकर जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'पहली बार देख रहा हूं कि कोई अपनी ही पार्टी के सांसदों और विधायकों की आलोचना कर रहे हैं। भाजपा नेताओं की तारीफ और कांग्रेस नेताओं का अपमान मेरी समझ से बाहर है। यह पूरी तरह गलत है।' 'मुख्यमंत्री की बातों से लगता है कि उनकी नेता वसुंधरा राजे हैं, सोनिया गांधी नहीं। अपने नेताओं को खुश करने के लिए



बहुत सारे लोग बहुत सारी बातें करते हैं, चुगली करते हैं। ऐसी बातें मुझसे भी की जाती हैं, लेकिन मैं मंच पर ये कहूं तो यह शोभा नहीं देता है।'

**अब मैं नाउम्मीद हूं:** पायलट ने कहा, 'हमने दिल्ली जाकर अपनी बात कही। वसुंधराजी के भ्रष्टाचार पर कई महीनों से चिट्ठियां लिखीं। अनशन पर बैठा। अब भी जांच नहीं हुई। समझ में आ रहा है क्यों एक्शन नहीं लिया। अब मैं नाउम्मीद हूं। जनता ही भगवान है।' 'जनता के सामने सभी को नतमस्तक होना रहेगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ 11 मई को अजमेर से जयपुर तक यात्रा निकालेंगे। 125 किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा होगी और इसमें 5 दिन का वक्त लगेगा।' गहलोत ने रविवार को धौलपुर में पायलट कैंप के विधायकों पर सियासी संकट के वक्त 10 से 20 करोड़ रुपए लेने के आरोप लगाया था।

### बेबुनियाद और झूठे आरोपों को नकारता हूं: सचिन

**मानेसर** जाने के मामले में पायलट ने कहा, हम सब लोग अपनी बात को रखने के लिए दिल्ली गए थे। ऐसे लोगों पर आरोप लगाए जा रहे हैं जो पिछले 40 साल से सार्वजनिक जीवन में हैं, जिनका बेदाग जीवन रहा है, जिनका जीवन मिसाल रहा है। तीन दिन पहले में बाड़मेर में था। हेमाराम चौधरी 1980 से विधायक हैं, उनकी क्या छवि है, उनकी क्रेडिबिलटी क्या है, यह लोगों से पूछिए।

गहलोत ने विधायकों को अमित शाह का पैसा वापस लौटाने की सलाह भी दी। अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान और गजेंद्र सिंह शेखावत इन सबने मिलकर हमारी सरकार को गिराने का षड्यंत्र किया। राजस्थान में विधायकों को पैसे बांट दिए।

### हम सीएम बदलना चाहते थे: पायलट



**सचिन** ने कहा, आपको पता है, सरकार बनने के बाद मैं उपमुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष था। 2020 में मुझ पर राष्ट्रद्रोह के मुकदमे में कार्रवाई करने की कोशिश की गई। अनेक ऐसे प्रकरण हुए। मैं और मेरे साथी सरकार में नेतृत्व परिवर्तन करना चाहते थे और अपनी बात लेकर दिल्ली गए थे। हमने अपनी बातों को रखा। उसके बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने लगातार चर्चा की और अहमद पटेल के माध्यम से सबसे मुलाकात की। एआईसीसी ने कमेटी का गठन किया, जिसमें माकन और वेणु गोपाल जी सदस्य थे। उस कमेटी ने हम सबकी बातें सुनी। उस कमेटी के बाद हम सबने लगातार कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए काम किया, जी-जान से कोशिश की और मेहनत की। ढाई साल का जो कार्यकाल निकला, इस बात का प्रतीक है अनुशासन तोड़ने का काम कभी भी किसी ने नहीं किया।

### 'मुझे कोरोना, गद्दार, निकम्मा कहा गया'

**पूर्व** डिप्टी सीएम ने कहा, मुझे बहुत कुछ कहा गया, कोरोना, गद्दार निकम्मा तक। ढाई साल से इन आरोपों सुन रहा था, लेकिन हम अपनी पार्टी और अपनी सरकार की छवि को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते थे। जिस प्रकार का भाषण दिया गया यह पहली बार नहीं हुआ। अपने विधायकों और अपने नेताओं को बेइज्जत,बदनाम करने का काम हो रहा है। बीजेपी के नेताओं का गुणगान हो रहा है, यह समझ से परे है।

## मणिपुर हिंसा में म्यांमार के उग्रवादी भी शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/इम्फाल**
**मणिपुर** में मैतेई आरक्षण विवाद को लेकर 3 मई को हिंसा भड़की थी। हिंसा पर काबू पा लिया गया है, लेकिन अब तक 60 लोग मारे जा चुके हैं। मणिपुर में हिंसा थम गई। सोमवार को दूसरे दिन भी कर्फ्यू में ढील दी गई। इसी के साथ जनजीवन पटरी पर लौटने लगा है। इस बीच, खुफिया सूत्रों से पता चला है कि हिंसा की साजिश की बड़ी वजह म्यांमार के उग्रवादी हैं। दरअसल, म्यांमार से 50 हजार से ज्यादा कुकी-मिजो-चिन समूह के लोग और रोहिंग्या मिजोरम में घुस चुके हैं। इनमें उग्रवादी समूहों के कैडर भी शामिल हैं। खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन लोगों की शारीरिक बनावट और भाषा-बोली स्थानीय लोगों जैसी ही है। इस वजह से इनकी अलग से पहचान नहीं हो पा रही है।

## केरल स्टोरी पर रोक की पिटीशन सुनेगा सुप्रीम कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**फिल्म** द केरल स्टोरी की रिलीज पर रोक की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को राजी हो गया है। कांग्रेस नेता और सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने मंगलवार को चीफ जस्टिस से याचिका पर जल्द सुनवाई की अपील की। इसके बाद अदालत ने सुनवाई के लिए 15 मई की तारीख तय कर दी है। पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- फिल्म अच्छी है या नहीं, ये बजार तय करेगा। फिल्म 5 मई को रिलीज हुई है और इसी दिन केरल हाईकोर्ट ने फिल्म का ट्रेलर देखा था। इसके बाद अदालत ने फिल्म की रिलीज पर रोक से इनकार कर दिया था। इस फिल्म की रिलीज बंगाल और तमिलनाडु में बैन कर दी गई है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया गया है। फिल्म केरल के हालात पर आधारित है।

## पूर्व पाक पीएम इमरान खान गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/इस्लामाबाद**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। इमरान खान को इस्लामाबाद हाईकोर्ट के बाहर से गिरफ्तार किया गया है।

**भ्रष्टाचार के आरोप में हुई कार्रवाई:** बताया जा रहा है कि भ्रष्टाचार के आरोप में इमरान खान को गिरफ्तार किया गया है। पाकिस्तानी रेंजर्स ने इमरान को उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब



वह अदालत में पेशी के लिए जा रहे थे।

इमरान के सहयोगी फवाद चौधरी ने उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि किए बिना कहा, 'इमरान खान की कार को घेर लिया गया है।'




केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मैत्री द्वारा के शिलान्यस कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्ट का मुआयना करते हुए।

## एमपी: बस नदी में गिरी, 3 बच्चों समेत 22 की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/खरगोन**
**मध्य प्रदेश** के खरगोन में मंगलवार सुबह एक बस 50 फीट ऊंचे पुल से गिर गई। हादसे में 22 यात्रियों की मौत हो गई। इनमें 3 बच्चे, 9 महिलाएं और 10 पुरुष हैं। बस डोंगरगांव और दसंगा के बीच बोराड़ नदी के पुल की रेलिंग तोड़कर नीचे जा गिरी। नदी सूखी हुई थी। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। 30 से अधिक घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। सात घायलों को इंदौर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। डोंगरगांव के रहने वाले राज पाटीदार ने बताया कि मां शारदा ट्रेवल्स की बस में 50 से 60 लोग सवार थे। हादसा साढ़े आठ से नौ बजे के बीच हुआ। पुलिस-प्रशासन से पहले डोंगरगांव और लोनारा के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। हमने बस के कांच फोड़कर घायलों को बाहर निकाला। घायलों को अपनी गाड़ियों से अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव से पांच मिनट पहले ही बस निकली थी। बस तेज रफ्तार में चल रही थी। खरगोन के सिविल सर्जन डॉ. अमर सिंह चौहान ने बताया कि 3 घायल यात्रियों की मौत जिला अस्पताल में हुई है। शुरूआत में 15 लोगों की मौत की जानकारी सामने आई थी। कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा ने बताया कि 22 लोगों की मौत हुई है।

## नाव हादसा लालच और लापरवाही का नतीजा: केरल हाईकोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/तिरुवनंतपुरम**
**केरल** हाईकोर्ट ने तनूर में 7 मई को हुए नाव हादसे को चौंकाने वाला करार दिया। हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हम यह निश्चित करेंगे कि कभी भी ऐसा हादसा ना हो इसलिए खुद इस मामले की सुनवाई कर रहे हैं। जस्टिस देवन रामचंद्रन और जस्टिश शोभा अन्नमा इआपेन ने सवाल किया- अधिकारी कहां थे, वो कर क्या रहे थे? अदालत ने केरल सरकार से पूछा कि जहां हादसा हुआ, वहां पोर्ट अफसर कौन था? उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई? कोर्ट ने कलेक्टर से 12 मई तक रिपोर्ट मांगी है। केरल के मलप्पुरम में रविवार को एक टूरिस्ट बोट पलटने से 22 लोगों की मौत हो गई। इसमें 15 बच्चे भी शामिल थे। बोट में क्षमता से ज्यादा लोग बिठाए गए थे और उतनी लाइफ जैकेट बोट में नहीं थी।

## 'अपना उत्तराधिकारी देने में विफल रहे पवार'

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**महाराष्ट्र** में राकांपा के नेतृत्व को लेकर जारी घमासान भले ही थम गया हो, पर इसका राज्य की राजनीति पर जबरदस्त असर पड़ा है। दरअसल, शरद पवार की ओर से पार्टी के अगले अध्यक्ष का एलान न किए जाने और अपना इस्तीफा वापस लेने के फैसले को लेकर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने तंज कसा था। अब इसे लेकर खुद शरद पवार ने बयान दिया है और उद्धव शिवसेना को आड़े हाथों लिया है।

**क्या था उद्धव शिवसेना का पवार पर तंज ?:** उद्धव शिवसेना ने कहा था कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को आगे ले जाने के लिए शरद पवार एक राजनीतिक उत्तराधिकारी खड़ा करने में विफल रहे। उद्धव शिवसेना के मुखपत्र सामना में यह भी कहा गया था कि शरद पवार के बाद राकांपा का नया अध्यक्ष चुनने के लिए जो बड़ी



### मतभेद?


● सदस्यों को पवार को ही आगे अध्यक्ष बने रहने के लिए कहना पड़ा, क्योंकि उन पर राकांपा के काडरों की ओर से दबाव बना हुआ था

कमेटी बनाई गई थी, उसके ही कई सदस्य वह थे जो सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी के साथ जाने के लिए बेताब थे। इन सदस्यों को पवार को ही आगे अध्यक्ष बने रहने के लिए कहना पड़ा, क्योंकि उन पर राकांपा के काडरों की ओर से दबाव बना हुआ था।

## खतरनाक हो सकता है मोचा तूफान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** मौसम विभाग ने मोचा साइक्लोन को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहा साइक्लोन एक बहुत ही गंभीर तूफान में बदल सकता है और इसमें हवा की गति 130 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। सोमवार को बंगाल की खाड़ी के दक्षिण पूर्व और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना। 12 मई के आसपास मोचा साइक्लोन के बांग्लादेश और म्यांमार के तटों की ओर बढ़ने की उम्मीद है।

## टेरर फंडिंग: एनआईए का जम्मू-कश्मीर में छापा



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**जम्मू** कश्मीर में 5 मई को हुए आतंकी हमले के बाद से एनआईए ने आतंकवादी संगठनों से जुड़े कैडरों और हाइब्रिड ओवरग्राउंड वर्कर के ठिकानों पर रेड शुरू की है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को टेरर फंडिंग और पाकिस्तान की आतंकी साजिश के मामले को लेकर जम्मू कश्मीर के 7 जिलों में छापेमारी की। इन जिलों में कुल 15 जगहों-अनंतनाग के चार, शोपियां के तीन, बडगाम, श्रीनगर और पुंछ में दो-दो और बारामूला और राजौरी जिलों में एक-एक पर तलाशी ली गई है। एनआईए ने यह रेड 5 मई को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में सेना के पांच जवानों के शहीद होने के कुछ दिनों बाद की है।

## मिशन 2024: नवीन पटनायक से मिले नीतीश



**टीम एक्शन इंडिया/भुवनेश्वर**
बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भुवनेश्वर पहुंच गए हैं। भुवनेश्वर बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच नीतीश कुमार का काफिला नवीन निवास के लिए रवाना हुआ। नवीन निवास में पहुंचने के बाद नीतीश कुमार की बहुप्रतीक्षित मुलाकात ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से हो रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नवीन निवास में ही बीजद सुप्रीमो के साथ लंच किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, नवीन के साथ मुलाकात के बाद नीतीश कुमार 11 मई को महाराष्ट्र जाने वाले हैं।

## 'चुनाव आयोग ने हनुमान चालीसा पढ़ने से रोका'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कर्नाटक** की राजधानी बेंगलुरु में हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए जमा हुए बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के सदस्यों को इलेक्शन कमीशन ने रोक दिया। वीएचपी के सदस्यों ने बताया कि इलेक्शन कमीशन ने राज्य में लागू धारा 144 का हवाला देकर उन्हें हनुमान चालीसा पढ़ने से रोका। वहीं, कर्नाटक सीएम बासवराज बोम्मई ने भी अपने समर्थकों के साथ हुबली के विजयनगर पहुंचकर हनुमान चालीसा पढ़ी। दरअसल, बजरंग




दल और विश्व हिंदू परिषद ने सोमवार को ऐलान किया था कि मंगलवार को देशभर के प्रमुख मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। संगठनों ने इसे हनुमत शक्ति जागरण अभियान नाम दिया था। कर्नाटक चुनाव में बजरंग दल और बजरंग बली की एंट्री उस

### बजरंग बली पर सियासत

● कर्नाटक सीएम बासवराज बोम्मई ने भी अपने समर्थकों के साथ हुबली के विजयनगर पहुंचकर हनुमान चालीसा पढ़ी

वक्त हुई, जब कांग्रेस ने पिछले हफ्ते घोषणापत्र जारी किया था। राज्य में सरकार में आते ही वह बजरंग दल, पीएफआई समेत जाति और धर्म के आधार पर समुदायों के बीच नफरत फैलाने वाले सभी संगठनों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए बैन लगाएगी।'

## सेना में ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के सभी अधिकारियों की वर्दी होगी एक समान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय सेना** ने मूल कैडर और नियुक्ति के बावजूद ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों के लिए एक समान वर्दी अपनाने का फैसला किया है। हाल ही में संपन्न सेना कमांडरों के सम्मेलन के दौरान विस्तृत विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। सूत्रों के अनुसार, फ्लैग रैंक (ब्रिगेडियर और ऊपर) के वरिष्ठ अधिकारियों के हेडगियर, शोल्डर रैंक बैज, गोरगेट पैच, बेल्ट और जूते अब मानकीकृत और



सामान्य होंगे। ध्वज-रैंक के अधिकारी अब कोई डोरी नहीं पहनेंगे। यह बदलाव इस साल 1 अगस्त से लागू होंगे। भारतीय सेना के कर्नल और नीचे के रैंक के अधिकारियों द्वारा पहनी जाने वाली वर्दी में कोई बदलाव नहीं होगा।

### याचिकाकर्ता की दलील | एडहॉक समिति ने टूर्नामेंट के लिए इन पहलवानों की प्रविष्टि भी भेज दी

## रेसलर्स का धरना: 5 पहलवानों का बिश्केक टूर्नामेंट के लिए चयन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पहलवानों का जंतर-मंतर पर धरना मंगलवार को 17वें दिन भी जारी है। इसी बीच, पहलवानों के साथ जनवरी माह में धरने पर बैठे 5 पहलवानों का बिश्केक टूर्नामेंट के लिए चयन हो गया है। टोक्यो ओलिंपिक रजत पदक विजेता रवि कुमार दहिया, टोक्यो ओलिंपिक में पांचवें स्थान पर रहने वाले दीपक पूनिया, एशियाई चैंपियन सरिता मोर ने एक से चार जून को बिश्केक (किर्गिस्तान) में होने वाले तीसरे रैंकिंग टूर्नामेंट में देश के लिए खेलने को तैयार हैं। भारतीय ओलिंपिक संघ की एडहॉक समिति ने टूर्नामेंट के लिए इन पहलवानों की प्रविष्टि भी भेज दी है। जल्द ये पहलवान टूर्नामेंट की तैयारियों को लगने वाले राष्ट्रीय शिविर में शामिल होंगे।



दीपक पुनिया | सरिता मोर | रवि कुमार दहिया | सोनम मलिक | अंशु मलिक

**30 से अधिक पहलवान जाएंगे बिश्केक:** सरिता मोर को छोड़कर ये पहलवान इस बार के धरने में शामिल नहीं हुए, लेकिन पहलवानों का समर्थन करते रहे। खेल मंत्रालय की ओर से कुश्ती संघ के चुनाव रद्द किए जाने के बाद रैंकिंग टूर्नामेंट के लिए टीम भेजी जानी थी। इसके लिए दूसरे रैंकिंग टूर्नामेंट में खेलने वाले पहलवानों से बिश्केक टूर्नामेंट के बारे में पूछा गया। रवि कुमार दूसरे रैंकिंग टूर्नामेंट में नहीं खेले थे।

## कर्नाटक : 224 विधानसभा सीटों के लिए मतदान आज

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने बुधवार को कर्नाटक में होने वाले मतदान से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कर्नाटक विधानसभा का कार्यकाल 25 मई को समाप्त होने वाला है। राज्य में 224 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को सुबह 07 से शाम 06 बजे तक मतदान होगा। राज्यभर में 58,545 मतदान केंद्रों पर 5.21 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। ये मतदाता 2,615 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत तय करेंगे। मतगणना 13 मई को होगी। आयोग के मुताबिक 224 विधानसभा क्षेत्रों में 58,282 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## मोदी ने कर्नाटक के लोगों से वोट की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** में बुधवार यानी 10 मई को विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव प्रचार पूरा हो चुका है। वोटिंग से एक दिन पहले पीएम मोदी ने कर्नाटक की जनता के नाम एक वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि राज्य को इन्वेस्टमेंट, इनोवेशन और इंडस्ट्री में नंबर-1 बनाने के लिए भाजपा को वोट दें। आपने मुझे जो प्रेम दिया है, वो मेरे लिए ईश्वर के आशीर्वाद की तरह है। कर्नाटक के लोगों का आह्वान अब भी मेरे कानों में गूंज रहा है। आजादी के अमृतकाल में हम भारतीयों ने अपने देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। कर्नाटक विकसित भारत का नेतृत्व करने की क्षमता से भरा



हुआ है। हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमें इसे जल्दी से जल्दी टॉप 3 में ले जाना है। ये तभी होगा जब कर्नाटक की इकोनॉमी तेजी से आगे बढ़ेगी। आपने अभी कर्नाटक में डबल इंजन की सरकार का साढ़े तीन साल का कार्यकाल देखा है। भाजपा सरकार की निर्णायक, केंद्रित और भविष्य को बेहतर बनाने वाली नीतियां कर्नाटक की अर्थव्यवस्था के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के बावजूद कर्नाटक में भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान सालाना 90 हजार करोड़ रुपए का विदेशी निवेश आया, जबकि पिछली सरकार के समय सही आंकड़ा सालाना सिर्फ 30 हजार करोड़ रुपए के आसपास था। ये विकास के प्रति, कर्नाटक के प्रति और खासकर युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए भाजपा का कमिटमेंट है। हम कर्नाटक को इन्वेस्टमेंट, इंडस्ट्री और इनोवेशन में नंबर 1 बनाना चाहता है। हम भाजपा को एजुकेशन, इम्पलॉयमेंट और आंत्रप्रेन्योरशिप में नंबर 1 बनाना चाहते हैं।

# अवैध निर्माण हटाने को लेकर डीसी ने की बैठक

## अधिकारियों की बैठक लेते हुए विस्तार से समीक्षा की तथा इस विषय के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**उपायुक्त** डा. शालीन ने अपने कार्यालय में अवैध निर्माण विषय पर सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक लेते हुए विस्तार से समीक्षा की तथा इस विषय के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।




अवैध निर्माण विषय को लेकर उन्होंने जिला नगर योजनाकार से एजेंडे में रखे बिन्दूओं बारे जानकारी लेते हुए समीक्षा की। डीटीपी ने उपायुक्त को बताया कि विभाग द्वारा हर महीने रोस्टर के मुताबिक रूपरेखा तैयार करते हुए जहां पर अवैध निर्माण होता है, वहां पर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने बताया कि अप्रैल माह में जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा रोस्टर के मुताबिक 12 जगहों पर अतिक्रमण से सम्बन्धित विषय पर कार्रवाई की गई है। मई माह में रोस्टर के मुताबिक 6 स्थानों पर कार्रवाई की जानी है, जिनमें से एक पर आज कार्रवाई प्रस्तावित है। विभाग द्वारा 22 व्यक्तियों को अवैध निर्माण से सम्बन्धित श्योकेस नोटिस जारी किया गया है और नियमानुसार 19 व्यक्तियों को रैस्टोरेशन ऑर्डर जारी किया गया है। अवैध निर्माण से सम्बन्धित रिकवरी के तौर पर 47 हजार रुपए की राशि भी वूसली गई है। पिछले दो माह में अवैध निर्माण से सम्बन्धित पुलिस को इस विषय के तहत 10 एफआईआर दर्ज करने के लिये लिखा गया है, जिनमें से 5 एफआईआर दर्ज हो चुकी है। उपायुक्त ने 5 अन्य एफआईआर दर्ज करने बारे एएसपी को कहा। उपायुक्त ने बैठक क्रम में लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सडके) के अधिकारियों को कहा कि वे अपने क्षेत्रों में 30 मीटर की परिधि के मापदंडो की पालना अनुसार जो भी अवैध निर्माण या स्ट्रक्चर है उस पर कार्रवाई करें तथा आगामी बैठक में कितनों पर कार्रवाई हुई है उसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें। इसके साथ-साथ बैठक में जिला नगर योजनाकार विभाग की पोलिसी अनुसार ऐसी कालोनियां जो एम.सी. क्षेत्र से बाहर पडती हैं उन्हें अवैध से वैध करने के रूप में जो कार्य किए जा रहे हैं उसकी जानकारी हासिल की। जिला नगर योजनाकार ने उपायुक्त को बताया कि पोलिसी अनुसार अप्रैल 2023 में एक नई गाईडलाईन जारी हुई है और उसके तहत आवेदनकताओं के लिए समय अवधि बढ़ाकर 14 जुलाई 2023 कर दी गई है। विभाग द्वारा जिले में 40 कालोनियों को अवैध से वैध के रूप में करने के लिए कार्रवाई की जायेगी।

# वर्ल्ड रैड क्रॉस डे के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**




आर्य गर्ल्ज कॉलेज, अम्बाला छावनी के प्रांगण में यूथ रैड क्रॉस व एन.एस.एस. की ओर से भाषण, कविता, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने सभी छात्राओं को संदेश दिया कि हेनरी डयूनेंट की जयंती पर 8 मई को वर्ल्ड रैड क्रॉस डे मनाया जाता है। इस सोसायटी का गठन साल 1863 में किया गया था। 1859 में हुए युद्ध के समय जितने भी सैनिक घायल हुए, परिवार असहाय हुए, उन सभी की मदद के लिए यह सोसायटी बनाई गई तब से लेकर आज तक यह सोसायटी जरूरतमंदों की सहायता करती आ रही है। इसलिए हम सभी को निःस्वार्थ भाव से अपना कत्र्तव्य निभाना चाहिए। इसी सेवा भावना से हम सभी पूरे विश्व को स्वास्थ्य और खुशहाल बना सकते हैं। गंभीर से गंभीर स्थिति हो या आपदाओं का समय हो हमें शपथ लेनी है कि हम सभी मानवीय सहायता का वचन सुदृढ़ भाव से निभाएंगे। इस प्रकार से हैप्पी वर्ल्ड रैड क्रास डे मनाते रहेंगे। मंच का संचालन डॉ. रेखा व डॉ. सरिता द्वारा किया गया।

निर्णायक मंडल में डॉ. अनीता, डॉ. सुनीता, प्रो. निशा, ने निभाई। इस प्रतियोगिता का निर्णय इस प्रकार रहा -प्रथम पुरस्कारः शोभा (भाषण), बी.कॉम तृतीय, लवप्रीत (पोस्टर), राजविन्द्र (कविता), बी.ए. तृतीय, बी.ए. प्रथम वर्ष।

द्वितीय पुरस्कारः शिवानी (पोस्टर), बी.ए. प्रथम वर्ष, नेहा (पोस्टर), बी.ए. प्रथम वर्ष, दिलप्रीत (पोस्टर), बी.ए. प्रथम वर्ष।

तृतीय पुरस्कारः मुस्कान, नेहा, बी.ए. प्रथम वर्ष।

# 'मुख्यमंत्री मनोहर के नेतृत्व में प्रदेश विकास के रास्ते पर तेजी के साथ आगे बढ रहा'

## गन्नौर विधानसभी के प्रत्येक गांवों में हो रहे हैं विकास कार्य-विधायक चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/ गन्नौर (सोनीपत)**

**विधायक** निर्मल चौधरी ने गन्नौर विधानसभा के गांव भाखरपुर, चिरस्मी, पट्टी ब्राह्मणान तथा दातौली में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा विकास के रास्ते पर तेजी के साथ आगे बढ रहा है। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की तेजी से तब होगी जब गांवों के लोगों को मूल सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं और गांवों में विकास कार्य करवाएं जाएं। इसी सोच पर आगे बढ़ते हुए हरियाणा सरकार प्राथमिकता के आधार पर गांवों का विकास करवा रही है।



विधायक ने गन्नौर विधानसभा के गांवों में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि गांव भाखरपुर में 88 लाख की लागत से रोड़, शमशान घाट, खेतों का रास्ता पक्का, पार्क व व्यायामशाला, गलियां, ई-लाइब्रेरी, तालाब, चौपाल आदि कार्य पूर्ण करवाए जा चुके है और कुछ कार्य को पूरा करवाया जा रहा है। इसके अलावा गांवों में 10 लाख 54 हजार की लागत से 188 पानी के कनेक्शन किए गए। जीटी रोड से भाखरपुर रोड को 12 फुट से 18 फुट करने के लिए एक करोड़ 50 लाख रुपए का एस्टीमेट भेजा जा चुका है। इस दौरान उन्होंने गांव की आंगनवाड़ी केन्द्र में पीने के पानी का प्रबंध करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

**पार्क व व्यायामशाला, गलियां, ई-लाइब्रेरी, तालाब, चौपाल आदि कार्य पूर्ण हुए और कुछ चल रहे हैं**

विधायक ने बताया कि गांव चिरस्मी में 75 लाख 89 हजार की लागत से रोड़, शमशान घाट, खेतों का रास्ता पक्का, पार्क व व्यायामशाला, गलियां, ई-लाइब्रेरी, तालाब, चौपाल आदि कार्य पूर्ण हुए और कुछ चल रहे हैं। गांव में 15 लाख 11 हजार रुपए की लागत से 470 पानी के कनेक्शन मुहैया करवाए गए हैं। गांव पट्टी ब्रह्मद्णान में 77 लाख 71 हजार की लागत से रोड, शमशान घाट, खेतों का रास्ता पक्का, पार्क व व्यायामशाला, गलियां, ई-लाइब्रेरी, तालाब, चौपाल आदि कार्य पूर्ण हुए और कुछ चल रहे हैं। इसके अलावा 06 लाख 72 हजार रुपए की लागत से पानी के 42 कनेक्शन करवाए गए हैं। साथ ही जीटी रोड से पट्टी ब्रह्मद्णान वाया चिरस्मी रोड क 12 फुट से 18 फुट चौड़ा करने के लिए 4 करोड़ 59 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। गांव दातौली में 77 लाख 71 हजार की लागत से रोड, शमशान घाट, खेतों का रास्ता पक्का, पार्क व व्यायामशाला, गलियां, ई-लाइब्रेरी, तालाब, चौपाल आदि कार्य पूर्ण हुए और कुछ चल रहे हैं। इसके अलावा गांव में 22 लाख 58 हजार की लागत से पानी के 809 कनेक्शन कराए गए। साथ ही जीटी रोड से मिरारपुर वाया दातौली, बेगा, घसौली, पबनेरा रोड को 2 करोड़ 87 लाख की लागत से बनवाया गया। इस मौके पर बीडीपीओ पूनम चंदा, नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी, पूर्व मार्केट कमेटी चेयरमैन रामकुमार धनखड़, निगरानी समिति चेयरमैन भूषण हसीजा, भाखरपुर सरपंच राजेंद्र, चिरस्मी सरपंच जसबीर, पट्टीब्रह्मद्णान सरपंच देवेंद्र, दातौली सरपंच लोकेश, रोहतास छिक्कारा, महाबीर, सतबीर कोच, वीरेंद्र , भोपाल रापडयाा, नरेश, पार्षद विकास विकास , दीपक मोहन व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# पंचकूला में मनाया जाएगा ब्राह्मण परिवार सम्मेलन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

ब्राह्मण एकता शक्ति संगठन ज़िला अंबाला की ओर दिनांक 14.05.2023 दिन रविवार को पंचकूला सेक्टर 21 शिव मंदिर नजदीक मार्किट में ब्राह्मण युवक युवतियों का वैवाहिक परिचय सम्मेलन ब्राह्मण चेतना सभा एवं शिव मंदिर समिति पंचकूला के सहयोग से करवाने जा रहा है ।यह पूर्ण रूप से निःशुल्क रहेगा ।महा सचिव श्री सुरेंद्र मोहन वत्स ने कहा कि कोई भी ब्राह्मण परिवार जिन के बच्चे विवाह के योग्य है अपने परिवार के साथ पंचकूला कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं ।अब तक लगभग परिवारों की सूची हमे प्राप्त ही गई है ।रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 11.05.2023 रखी गई है।

# 'लागू होगा विश्व प्रसिद्ध मुनी इंटरनेशनल स्कूल का मुनि मॉडल'

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

सोना इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल सीमा राणा ने एवं कॉर्डिनेटर उवनीत कपूर ने दिल्ली स्थित भारत के नामी स्कूल मुनि इंटरनेशनल स्कूल का दौरा किया । मुनि इंटरनेशनल स्कूल पहुँचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया । मुनि इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर डा अशोक कुमार ठाकुर ने उनका अभिनंदन किया । गौरतलब है कि डा अशोक कुमार ठाकुर ने शिक्षा और नवीन प्रणालियों जैसे यूपीएलसी (अंडरस्टैंडिंग, प्रॉब्लम, लर्निंग एंड क्रिएटिविटी), एचएडीएस (हाइट, एलाइनमेंट, डिस्टेंस, शेप एंड स्पेस), जीआरएस (ग्रुप रेसिप्रोकल सिस्टम) आदि पर अपने विचार साझा किए, जिन्हें न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी सफलतापूर्वक लागू किया जा



रहा है। उनके रिसर्च और डेवलपमेंट पर आधारित पढ़ाई के कारण अशोक फाउंडेशन यूएसए द्वारा चेंज मेकर स्कूल का खिताब मिला । मुनि इंटरनेशनल स्कूल भारत में इकलौता ऐसा स्कूल है जिसके साथ जापान ने पार्टनरशिप की है यूनेस्को द्वारा कार्यप्रणाली की अत्यधिक सराहना की गई अमेरिकी नेतृत्व पुरस्कार लगातार तीन वर्षों (2015, 2016 और 2017 ) के लिए एजुकेशन वर्ल्ड मैगजीन द्वारा शहर, राज्य और देश स्तर पर भारत का नंबर 1 स्कूल घोषित और सम्मानित किया गया।

सोना इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल सीमा राणा ने बताया कि मुनि इंटरनेशनल स्कूल का दौरा करना और उनकी शिक्षण तकनीक से उन्हें बहुत बहुत कुछ सीखने को मिला ।उन्होंने समाज को ऐसी अद्भुत स्कूली शिक्षा व्यवस्था देने के लिए डा अशोक कुमार ठाकुर का आभार व्यक्त किया । अपने संयुक्त वक्तव्य में सोना इंटरनेशनल स्कूल के प्रधान ज्ञान चंद बिंदल, उप प्रधान राजेश कुमार बिंदल , जनरल सेक्रेटरी मदन लाल, चेयरमैन सारिका बिंदल , सोना देवी एवं डायरेक्टर संदीप बिंदल ने कहा कि सोना इंटरनेशनल मुनि इंटरनेशनल स्कूल का मुनि मॉडल ले छात्रों के जीवन में बदलाव का सकेंगे।

# फील्ड ब्वॉय 35 लाख रुपये ले भागा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**कुंडली** थाना क्षेत्र स्थित कंपनी के पूर्व फील्ड ब्वॉय पर कंपनी के मालिक ने लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने व फरार होने के आरोप की शिकायत पुलिस को दी है। मालिक का आरोप है कि दूसरी कंपनियों से उनकी राशि लेकर आता था उनके पास जमा कराता था। आरोपित लंबे समय से कई कंपनियों की राशि जमा नहीं करा रहा था। अब उन्होंने पता किया तो जानकारी मिली कि आरोपित उनकी राशि का गबन किया है। कंपनी मालिक के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**मालिक का आरोप है कि दूसरी कंपनियों से उनकी राशि लेकर आता था उनके पास जमा कराता था**

नांगलोई वेस्ट दिल्ली निवासी विनोद सिंह ने बताया कि वह कुंडली क्षेत्र में क्लासिक ग्रेवूर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी चलाता है। उनकी कंपनी प्रिंटिंड सिलिंडर सप्लाई करती है। उनके पास कई फील्ड ब्वॉय है। वह कंपनियों में प्रिटिंड सिलिंडर सप्लाई करते थे। उनकी कंपनी नाथूपुर, दिल्ली के बवाना, छत्तीसगढ़ के रायपुर, औद्योगिक क्षेत्र बवाना समेत अन्य स्थानों पर प्रिटिंड सिलिंडर सप्लाई करते है। उनके पास करीब सात साल तक दिल्ली के पश्चिम विहार निवासी रंजय सिंह काम करते थे। अब वह उनकी कंपनी में काम नहीं करते। वह रंजय पर विश्वास करते थे। जिसके चलते रंजय ही उनके रुपये, चेक व ऑनलाइन पेमेंट का हिसाब रखता था। वह कई कंपनियों से करीब 35 लाख रुपये लेकर आ चुका है, लेकिन रुपये जमा नहीं कराए। बाद में वह कंपनी को छोड़कर चला गया। उन्होंने अक्तूबर, 2022 को जब कंपनी का हिसाब देखा तो कई कंपनियों से उनकी लेनदारी मिली।

# भाविप की आनंद रसोई के साथ मनाया जन्मदिवस




**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल** । सेवा प्रकल्प आनद रसोई के संचालन में आज भारत विकास परिषद् शाखा नारनौल द्वारा परशुराम चौक नारनौल पर लगभग 300 श्रमिकों के लिए सुबह के भोजन की व्यस्था की गयी कशाखा सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि महेंद्रगढ़ रोड निवासी डॉ खुशी राम शर्मा और सुमित्रा शर्मा ने अपने पुत्र डॉ आदित्य शर्मा के जन्मदिन पर लेबर चौक पर उपस्थित लोगों के लिए भोजन व्यस्था की ' इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक संजय शर्मा ने कहा कि खुशियों को साँझा करने की हमारी समृद्ध परंपरा रही है उसी कड़ी में आनंद रसोई सेवा का सर्वोत्तम प्रकल्प है ' परिषद् के सेवा और संस्कार के प्रकल्प सामाजिक सद्भावना एवं सेवा के अनुपम उदहारण होते हैं क सचिव दिनेश शर्मा के कहा कि शाखा नारनौल के तत्वावधान में ह्लआनंद रसोईह्व नामक इस अभियान का सञ्चालन किया जाता है जिसमें लोग अपने जन्मदिवस, सालगिरह अथवा अन्य अवसर पर यहाँ भोजन वितरित करते है ककार्यक्रम प्रायोजक डॉ खुशी राम शर्मा ने कहा कि सेवा को उपकार की अपेक्षा उतरदायित्व मानते हुए समाज को उसी से प्राप्त वापस लौटाना एक स्वस्थ परम्परा है । हम सब का दायित्व है कि सेवा को एक जिम्मेदारी मानते हुए इसे निभाना चाहिए ' सुभाष सिंगला ने कहा कि सेवा कार्यों का आयोजन ही परिषद् का उद्देश्य है कउन्होंने कहा कि श्रमिक साथियों के बीच भोजन वितरण का यह अभियान सामाजिक समरसता का अनूठा उदहारण है क डॉ मुकेश शर्मा एवं डॉ सुमित्रा शर्मा ने कहा कि परिषद् अपने संस्कारों का निर्वहन इस कार्यक्रम के माध्यम से कर रही है 'भीम सेन शर्मा द्वारा प्रायोजक परिवार का परिषद् की और से आभार व्यक्त किया क

इस अवसर पर डॉ खुशी राम, सचिव दिनेश शर्मा, संजय शर्मा, सुभाष सिंगला, भीमसेन शर्मा, अशोक यादव, मुकेश शर्मा और अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नागरिक अस्पताल में गर्भवती महिलाओं का हंगामा

## नम्बर लगाने में गड़बड़ी करने पर भड़की महिलाएं, अनेक बिना जांच घर लौटी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।**

शहर के नागरिक अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए लगाए गए कैंप में मंगलवार को हंगामा हो गया हंगामे के कारण कैम्प में अव्यवस्था फैल गई। वही कैम्प में इलाज करवाने आई महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। करीब 2 घंटे बाद किसी तरह सीएमओ के हस्तक्षेप के बाद हंगामा करने वाली महिलाओं को शांत किया गया। जिसके बाद की कैम्प सुचारू रूप से चला। वही कैम्प में आई अधिकांश महिलाएं बिना जांच या ईलाज करवाए अपने घरों को लौट गई।

मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर माह के दूसरे मंगलवार को नागरिक अस्पताल नारनौल में गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क कैंप का आयोजन किया जाता है। जिसके तहत कैम्प में गर्भवती महिलाओं के विभिन्न प्रकार की जांच की जाती है व आवश्यकतानुसार दवाइयां दी जाती है ।मंगलवार को भी लगे इस कैम्प में अचानक हंगामा हो गया। हंगामा करने वाली महिलाओं का कहना था कि वह सुबह से अपनी बारी का इंतजार



कर रही है। जबकि यहां पर कार्यरत स्टाफ अपने चेहतों का नंबर पहले लगा देते है। इसे गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महिलाओं का कहना था कि कई महिलाओं की सोमवार की ओपीडी स्लिप कटी हुई है, जबकि मंगलवार तक उनका नंबर नहीं पड़ा। हंगामा करने वाली महिलाओं का आरोप था कि मिलने वाली सुविधाओं का भी टोटा हमेशा बना रहता है।

हंगामे की सूचना सिविल सर्जन रमेश चंद्र आर्य को मिली जिसके बाद उन्होंने अस्पताल के अन्य डाक्टरों में अधिकारियों को भेजकर हंगामा करने वाली महिलाओं को शांत कराया तथा उन्हें आश्वासन दिया कि इस कैम्प के बाद लगने वाले अगले सभी कैम्प में बिना किसी भेदभाव के नंबर के हिसाब से महिलाओं की जांच की जाएगी। इसके साथ कैम्प में मिलने वाली सुविधाओं को भी बढ़ा दिया जाएगा। जिसके बाद हंगामा करने वाली महिलाएं शांत हुई।

# रिक्शा लेकर निकला संदिग्ध हालात में लापता, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः शहर** थाना थाना क्षेत्र में घर से रिक्शा लेकर निकाल युवक संदिग्ध हालत में लापता हो गया। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव करोंथा रोहतक निवासी संजू ने बताया कि वह शहर के विशाल नगर में किराए के मकान में परिवार सहित रहती है। उसके पति मनोज ई-रिक्शा चलाने का काम करता है। गत 24 अप्रैल को घर से ई-रिक्शा लेकर निकला था। उसके बाद आज तक वापिस नहीं लौटा। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# चिकित्सक पर किया था हमला, एक माह बाद दर्ज हुआ मामला

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सेक्टर-27** शहर थाना सोनीपत क्षेत्र स्थित क्लीनिक में घुसकर शराब की बोतल से चिकित्सक पर हमला करने के मामले में पुलिस ने एक माह बाद आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित ने थाने में शिकायत दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो सकी। जिसके बाद पुलिस कमिश्नर कार्यालय में शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई। थाना पुलिस ने एक माह बाद आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

सेक्टर-14 निवासी डा. अंबुज चांदना ने बताया कि उनका इंद्रा डेंटल क्लीनिक के नाम से चिकित्सालय है। वह 10 अप्रैल को अपने चिकित्सालय पर मौजूद था। उसी समय एक बाइक पर दो युवक वहां पर पहुंचे। उन्होंने चिकित्सालय में घुसकर डा. अशोक चांदना पर शराब की बोतल से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गए। इस दौरान पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के आने से पहले ही हमलावर भाग गए। उन्होंने पुलिस को शिकायत और सीसीटीवी की फुटेज दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसके बाद एक मई को उक्त हमलावर दोबारा से आए और क्लीनिक के बाहर खड़ी उनकी कार के शीशे तोड़ डाले।

# आपसे हूं मैं, मुझसे हैं आप, एक दूसरे को सही से समझेंगे तो होगा सबका सर्वांगीण विकासः अनिल

## जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा गढ़ी ब्राह्मणान स्थित राजकीय विद्यालय में परवरिश की नई पहचान सॉफ्ट स्किल्स विषय पर किया गया सेमिनार का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**आजादी** का अमृत महोत्सव की श्रंखला में जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा मंगलवार को गढ़ी ब्राह्मद्णान स्थित राजकीय वरिष्ठद्द माध्यमिक विद्यालय में परवरिश की नई पहचान सॉफ्ट स्किल्स का विकास बच्चों को सशक्त बनाना विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी अनिल मलिक ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थित माता-पिता, अभिभावकों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे हम वेशभूषा व परिधान बदलते हैं उसी तरह से परवरिश की नई पहचान कायम करने हेतु सॉफ्ट स्किल को



सीखना होगा। बच्चों में सॉफ्ट स्किल विकसित करके उन्हें भी सशक्त बनाना होगा, इन्हें हम पावर स्किल भी कहते हैं।

मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी ने कहा कि पावर स्किल कुदरती गुण होते हैं, इन्हें पुस्तकों से नहीं बल्कि व्यवहारिक आचरण द्वारा विकसित किया जा सकता है, जैसे संप्रेषण कला, श्रवण कौशल, सृजनात्मकता, समस्या निवारण, टीम कौशल, परिवर्तनशीलता, तर्कसंगतता इत्यादि। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में ये सब इसलिए भी जरूरी हैं कि सॉफ्ट स्किल बेहतर हो तो वर्कप्लेस और घर के माहौल में सकारात्मक बदलाव आरंभ से ही महसूस किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जितना सिखोगे, खुद को विकसित करोगे, खुद को चमकाओगे, आपका निजी व व्यवसायिक जीवन उतना ही बेहतर होता जाएगा।

श्री मलिक ने कहा कि हमें व्यवहारकुशल, अनुशासित व मित्रवत परवरिश कौशल सीखना होगा। परवरिश का असली मतलब हम जो हैं हमें जो प्रकृति ने दिया है क्या हम पूरी ईमानदारी से बच्चों को दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण समय दीजिए, उन्हें धैर्यपूर्ण, ध्यानपूर्वक सुने, कही गई बातों को समझें। तीन पायदान से समस्या का समाधान संभव है संवाद, समानुभूति और सक्रियता ।

इस दौरान परामर्शदाता नीरज कुमार ने कहा कि माता-पिता द्वारा बच्चों के साथ निरंतर बातचीत का क्रम टूटने ना पाए। उनके हाव-भाव व कहे गए शब्दों को धैर्य से समझें, फिर उनका उचित मार्गदर्शन करें। इस मौके पर जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा हुड्डा, प्राचार्या डॉ० सुमनलता, संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थानिक) आरती बल्हारा, कार्यक्रम अधिकारी संदीप, सहायक कार्यक्रम अधिकारी धर्मपाल, आजीवन सदस्य नीरज कुमार, परामर्शदात्री इंदु, राजीव सहरावत, दिलावर लठवाल, स्कूल प्रवक्ता रेखा व प्राइमरी हेड जगबीर सिंह सहित बच्चों के अभिभावक व शिक्षकगण भी मौजूद रहे।

# मणिपुर हिंसा: वापस लौटे हरियाणा के छात्र

## रितू को अपने बीच पाकर परिजन बेहद खुश हुए। हालांकि रितू दिल्ली से नरवाना वापस नहीं लौटी हैं और वहीं अपने रिश्तेदारों के यहां है

**हॉस्टल में बंद छात्रो को 18 से 20 घंटे में एक बार खाना नसीब हो पा रहा था। एयरपोर्ट तक छात्राओं को पहुंचाने के लिए सुरक्षा नहीं मिल पा रही है**

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

मणिपुर में पिछले कई दिनों से चल रही हिंसा के बीच फंसे छात्र-छात्राओं के बीच नरवाना की रितू भी थी, जोकि सोमवार देर रात दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंची। जैसे ही परिजनों को रितु के आने का पता चला तो उसे लेने के लिए एयरपोर्ट गए। रितू को अपने बीच पाकर परिजन बेहद खुश हुए। हालांकि रितू दिल्ली से नरवाना वापस नहीं लौटी हैं और वहीं अपने रिश्तेदारों के यहां है। गौरतलब है कि जींद के नरवाना की रीतू समेत हरियाणा की 11 छात्राएं मणिपुर एयरपोर्ट से 14 किलोमीटर दूर हॉस्टल में फंसी थी। हॉस्टल के बाहर बम और गोलियों की आवाज गूंज रही थी। ऐसे में हॉस्टल में बंद छात्रो को 18 से 20 घंटे में एक बार खाना नसीब हो पा रहा था। एयरपोर्ट तक छात्राओं को पहुंचाने के लिए सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। सभी छात्रों की सकुशल वापसी को लेकर सरकार ने स्पेशल अभियान चलाया। बाकायदा



मुख्यमंत्री मनोहरलाल इस अभियान पर नजर रखे हुए थे।

गौरतलब है कि जींद के नरवाना स्थित हरि नगर की रहने वाली रीतू ने कुरुक्षेत्रा यूनिवर्सिटी से अपनी मास्टर डिग्री करने के बाद एनआईटी मणिपुर में पीएचडी के लिए दाखिला लिया था। एक सप्ताह दिन पहले वह यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में आ गई थी। इसके बाद वहां हिंसा और आगजनी की घटनाएं बढ़ गई और वह हॉस्टल में ही रह गई। पहले 100 से ज्यादा छात्राएं यहां थी लेकिन वहां की प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें निकाल लिया गया। लेकिन हरियाणा की 11 छात्राएं और उत्तर प्रदेश की 50 से ज्यादा छात्राएं वहां मौजूद थी। हॉस्टल में काम करने वाले कर्मचारी और अधिकारी यहां से भाग कर जा चुके थे। खाने और पीने की समस्या आने लगी थी।

रीतू के पिता राजकुमार ने बताया कि उसक बेटी पीएचडी करने के लिए मणिपुर गई थी लेकिन वह वहां हिंसा के चलते फंस गई थी। उन्होंने प्रशासन व सरकार से मदद की गुहार लगाई थी, ताकि उसकी बेटी को वहां से सुरक्षित निकाला जा सके। सरकार ने स्पेशल अभियान चलाते मणिपुर में फंसे छात्रों को सकुशल लाने का सराहनीय कार्य किया है। सोमवार को सुबह रितु के साथ उनकी बात हुई थी तो उसने बताया कि जिला प्रशासन की मदद से उनकी टिकट बुक हुई है। पहले टिकट भी नहीं बुक हो रही थी। शाम को 3.30 बजे के करीब उनकी बेटी का फोन उनके पिता राजकुमार के पास आया और उसकी बेटी ने माता-पिता को राहत की खबर देते हुए बताया कि वह रात तक दिल्ली पहुंच जाएगी।

# मणिपुर हिंसा ग्रस्त क्षेत्र से वापस लौट कर आई छात्रा ने जताया सरकार का आभार

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**

पलवल के जनोली गांव से मणिपुर में एमएससी करने गई छात्रा शिवानी आखिरकार डर को पीछे छोड़ कर अपने घर वापस लौट आई है। यहां जनोली गांव में पहुंचने पर परिवार ने जहां राहत की सांस ली है। वहीं छात्रा शिवानी अपने घर पहुंचकर काफी खुश है। छात्रा शिवानी कैमिस्ट्री में एमएससी फर्स्ट ईयर की छात्रा है। उनका अगस्त में सेकेंड सेमेस्टर का एग्जाम भी होना था। तीन मई 2023 को मणिपुर की राजधानी इंफाल में शाम तीन बजे फर्फ्यू लगा दिया गया। उसके बाद ट्रांसपोर्टेशन की समस्या खड़ी होने के बाद राशन और पानी की समस्या होने लगी। अब उन्हें भर पेट खाना भी नहीं मिल रहा था। दिन भर केवल बोतल पानी पीने के लिए दिया जा रहा था। नेशनल इंस्टिट्यूट से मात्र 500 मीटर की दूरी पर लगातार आगजनी और गोलियों की आवाजें आ रही थी। शिवानी के सीनियर जो नेशनल इंस्टिट्यूट के हॉस्टल से बाहर इंटीरियर में कमरा किराए पर लेकर रह रहे थे उन लोगों को अपने आसपास से लगातार लोगों की चीखने चिल्लाने की आवाज



आ रही थी। शिवानी का कहना है कि उन्हें नेशनल इंस्टिट्यूट के अंदर कोई डर नहीं था, लेकिन उनके जो सीनियर्स हॉस्टल से बाहर रह रहे थे वह और भी ज्यादा डरे हुए थे। क्योंकि नेशनल इंस्टिट्यूट के अंदर सीआरपीएफ की पूरी सुरक्षा थी। हालांकि पूरे मणिपुर में ही केंद्र सरकार ने बड़ी संख्या में फोर्स वहां पर भिजवा दी थी, लेकिन फिर भी हालत काफी खराब थी और दिन प्रति दिन उनका डर बढ़ता ही जा रहा था। उन्होंने बताया कि रात को शिवानी की मम्मी शिक्षा और पापा बिजेन्द्र सिंह तेवतिया उर्फ बबलू दिल्ली एयरपोर्ट पहुंच गए थे। रात साढ़े ग्यारह बजे विशेष एरोप्लेन में लेंड किया था। उसके पास एयरपोर्ट से निकलने में करीब एक घंटा का लग गया था और करीब 3:30 बजे सुबह जनोली गांव स्थित अपने घर पर पहुंच गए थे। घर पर देर रात तक सभी लोग इंतजार कर रहे थे बेटी के आने के बाद एक घण्टा कुशलक्षेम जानने में लग गया।

# भारतीय सैना के लिए क्षेत्र के गांव भैरा बाकिपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/राई**

**महाराणा** प्रताप की जयंती पर मंगलवार को राजकुमार शर्मा फाउंडेशन की तरफ से भारतीय सैना के लिए क्षेत्र के गांव भैरा बाकिपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़ चढकर भाग लिया। रक्तदान में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए राजकुमार शर्मा



फाउंडेशन के प्रमुख एवं समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा ने खुद रक्तदान किया और महाराणा प्रताप के जीवन की शौर्य गाथा बताई। प्रतीक राजकुमार शर्मा ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप में ने मातृभूमि के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया था। जब उन पर संकट आया तो जंगल में घास की रोटी खाई और धरती पर ही सोए, लेकिन अकबर क सामने उन्होंने हार नहीं मानी। उनकी जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 70 रक्तदाताओं ने रक्तदान करके समाज के लिए सराहनीय काम किया है। इस अवसर पर उन्होंने सभी रक्तदाताओं को महाराणा प्रताप के जीवन के प्रति प्रेरित किया।

# सीएम मनोहर लाल का दिल्ली दौरा, गृहमंत्री शाह से रेसलर्स मुद्दे पर चर्चा

## बीजेपी-जेजेपी गठबंधन को लेकर भी हुई बातचीत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** मुख्यमंत्री मनोहर लाल का एक दिवसीय दिल्ली दौरा खासा अहम माना जा रहा है। दिल्ली में सीएम ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ ही पार्टी प्रभारी और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब से मुलाकात की। इस दौरान उनकी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से भी कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि इस दौरान बीजेपी-जेजेपी गठबंधन के साथ ही रेसलर्स को लेकर काफी चर्चा हुई। शाह ने चर्चा के दौरान सीएम मनोहर लाल को पूरी टीम के साथ 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। हरियाणा कैबिनेट मीटिंग के बाद ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल दिल्ली रवाना हो गए थे।



**रेसलर्स विवाद पर लगे विराम:** केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुख्यमंत्री मनोहर लाल की 45 मिनट की मुलाकात में रेसलर्स विवाद छाया रहा। इसकी वजह यह रही कि अब इस मुद्दे ने हरियाणा सहित देश के दूसरे राज्यों में भी राजनीतिक मुद्दा बन रहा है। ऐसे में हरियाणा में पार्टी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हाल ही में कुछ पार्टी नेताओं ने भी सार्वजनिक मंच से रेसलर्स का समर्थन किए जाने की वकालत भी कर चुके हैं। जिसके बाद बीजेपी भी अब चाहती है कि इस आंदोलन पर विराम लगना चाहिए।

**बीजेपी-जेजेपी गठबंधन पर भी चर्चा:** इन दिनों हरियाणा में गठबंधन पर भी तकरार चल रही है। मुख्यमंत्री के एक बयान को लेकर जेजेपी के नेता और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला खासे नाराज चल रहे हैं। हाल ही में उन्होंने इसको लेकर अपनी नाराजगी भी जाहिर की है।

# झुग्गीवासी मजदूरों को प्लॉट देने पर विचार कर रही सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**पीढ़ियों से पंचकूला की झुग्गियों में गुजर** बसर करने वाले मजदूरों के अच्छे दिन आने वाले हैं। इन सभी जरूरतमंदों को सरकार जल्द ही एक-एक मरला के प्लॉट या फ्लैट दिए जाने की योजना बन रही है। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने इस योजना को सिरे चढ़ाने के लिए मंगलवार को सेक्टर-3 स्थित हरियाणा एमएलए हॉस्टल में प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक अजीत बालाजी जोशी समेत अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि पंचकूला की इंदिरा कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, खड़ग मंगोली इत्यादि में बनी झुग्गियों में रहने वाले लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए पूर्व की सरकारों व अनेक नेताओं ने वादे तो बहुत किए, लेकिन ये वादे इन गरीबों की भावनाओं के साथ खेलने वाले ही साबित हुए। दो बार तो इनसे मकान या फ्लैट देने के नाम पर रुपये भी ले लिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि

**अध्यक्ष ने की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक, योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए मुख्यमंत्री से होगी वार्ता**

ये रुपये भी ब्याज समेत वापस करने चाहिए। बैठक के दौरान शहर में पहले से चल रही पुनर्वास योजनाओं की भी समीक्षा की गई। विस अध्यक्ष ने कहा कि आशियाना फ्लैट्स के बेहतर रखरखाव न होने और वहां मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण लोगों को दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने कहा कि झुग्गियों में रहने वाले लोगों के पुनर्वास के लिए ठोस और व्यावहारिक योजना बनानी चाहिए। अनेक मॉड्यूल्स पर चर्चा होने के बाद झुग्गियों को हटाकर इनके बाशिंदों को एक-एक मरला के प्लॉट देने की संभावना तलाशी जा रही है। योजना पर स्वीकृति के लिए शीघ्र की मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ बैठक की जाएगी। इस दौरान जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने पर भी विचार हुआ। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शहर में आएदिन सैकड़ों झुग्गियां बन रही हैं। इसके लिए जिला प्रशासन और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व नगर निगम को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# द्वारका एक्सप्रेस-वे का हरियाणा क्षेत्र में 99 फीसदी तक निर्माण पूरा

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेस-वे का हरियाणा के हिस्से में 99 फीसदी तक काम पूरा हो गया है। नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के निकट शिवमू?त से द्वारका के रास्ते खेड़की दौला टोल के समीप पहुंचने वाले 29 किलोमीटर लंबाई वाले द्वारका एक्सप्रेस वे का हरियाणा क्षेत्र वाले हिस्से (18.9 किमी) का निर्माण अंतिम चरण में

**डीसी ने किया द्वारका एक्स्प्रेस-वे का निरीक्षण, एनएच-48 से बजघेड़ा तक अंतिम चरण में जारी कार्यों का लिया जायजा**

पहुंच चुका है। जिसके चलते गुरुग्राम में आबादी के एक बड़े वर्ग को नई दिल्ली तक आवागमन के लिए बेहतर विकल्प मिलेगा। ह देश का पहला एलिवेटेड अर्बन एक्सप्रेस वे होगा। मंगलवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने खेड़की दौला के निकट एक्सप्रेस-वे के क्लोवरलीफ से बजघेड़ा तक निमार्णाधीन सड़क परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने जीएमडीए व एनएचएआई के अधिकारियों के साथ एक्सप्रेस वे को लेकर स्थानीय लोगों की विभिन्न मांगों को लेकर भी चर्चा की। साथ ही एक्सप्रेस-वे के निर्माण से जुड़े जिला प्रशासन के विषयों पर विस्तार से विमर्श भी किया।

# शहर में कालेज की कक्षाएं नए सत्र से शुरू करने के लिए निदेशालय ने दिए आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

गन्नौर में काफी लंबे से चली आ रही राजकीय कालेज की हलके के लोगों की मांग विधायक के प्रयास से पूरी हो गई है। मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय की स्वीकृति मिल गई है। नए सत्र से लगेगी कक्षाएं। मंगलवार को उच्च शिक्षा निदेशालय की तरफ से उपायुक्त को पत्र भेजकर लिया गया है कि गन्नौर में राजकीय कालेज के लिए नए सत्र से लगने वाली कक्षाओं के लिए अस्थाई तौर पर जगह चयनित की जाए ताकि जब तक कालेज के नए भवन का निर्माण नही होगा तब तक कालेज की कक्षाएं उसी भवन में चलाई जाए। इसके अलावा गन्नौर कालेज के प्राचार्य का अतिरिक्त कार्यभार मुरथल कन्या कालेज की प्रचार्या की डा. संगीता सपरा को सौंप दिया है।

**शहर के लोगों में खुशी, अब उनके बच्चों को नही जाना पड़ेगा शहर से बाहर-** शहर में नए सत्र से कालेज की कक्षाएं शुरू होने की सूचना मिलने के बाद शहर के लोगों में खुशी है कि अब उनके बच्चों को कालेज में पढ़ने के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा। वे गन्नौर में ही कालेज में जाकर पढ़ाई कर सकेंगे। शहरवासी महक धनखड़ ने बताया कि शहर में कालेज खुलने से छात्र पर अतिरिक्त किराए का बो-ा घटने के साथ उनके समय की भी बचत होगी।

**मुख्यमंत्री का विधायक ने जताया आभार--** शहर में नए सत्र से कालेज की कक्षाएं शुरू होने के आदेशके बाद विधायक निर्मल चौधरी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि शहर में कालेज न होने का मुद्दा उन्होंने विधानसभा में प्रमुखता से उठाया था। उसके बाद से वे लगातार कालेज की मांग को पूरा करवाने के लिए प्रयासरत थी। जब तक कालेज का नया भवन नही बनेगा, तब तक शहर के किसी स्कूल व अन्य जगह का चयन कर वहां कक्षाएं लगाई जाएगी।

# सीएम 11 को 17 जिलों के 46 स्वास्थ्य संस्थानों का करेंगे उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिकता देने के साथ-साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में एक बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री 11 मई, 2023 को यमुनानगर में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान भिवानी जिले के आंची देवी मेघराज जिंदल सिविल अस्पताल, सिवानी और करनाल में 50 बिस्तरों वाले अस्पताल सहित 46 स्वास्थ्य संस्थानों का वर्चुअली उद्घाटन करेंगे।इस संबंध में सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री उपरोक्त अस्पतालों सहित फतेहाबाद, रोहतक, कैथल, फरीदाबाद, पलवल, सिरसा, पंचकूला, चरखी दादरी, जींद, यमुनानगर, हिसार, गुरुग्राम, नारनौल और कुरुक्षेत्र में 25 उप स्वास्थ्य केंद्र (एसएचसी), 6 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), 1 शहरी स्वास्थ्य केंद्र (यूएचसी) और 4 हेल?थ एवं वेलनेस सेंटर का उद्घाटन करेंगे। ये स्वास्थ्य संस्थान निश्चित रूप से प्रत्येक नागरिक को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ स्वास्थ्य ढांचे को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# प्रदेश के पहले डिजिटल बैंकिंग यूनिट की डीसी ने रखी आधारशिला

## बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा जिला फतेहाबाद में शुरू की जा रही है डिजिटल यूनिट

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए डिजिटल बैंकिंग यूनिट की श्रृंखला में फतेहाबाद के लघु सचिवालय में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा हरियाणा के पहले डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) का शिलान्यास मंगलवार को उपायुक्त मनदीप कौर द्वारा किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा शुरू की जा रही यह यूनिट पूरी तरह से डिजिटल होगी और प्रदेश का यह पहला यूनिट है। उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि डिजिटल भारत की ओर बढ़ते कदम में यह यूनिट कारगर सिद्ध होगी और ग्राहकों को बैंक से जुड़े हुए हर बड़े-छोटे काम खुद



कर सकेंगे। उन्होंने आधुनिक भारत की दिशा में बढ़ते हुआ एक नया कदम बताते हुए कहा कि आधुनिक युग में डिजिटल व्यवस्था अति आवश्यक है। उपायुक्त ने कहा कि इस डीबीयू के खुलने से बैंकिंग सेवाएं आसान हो जाएंगी। उन्होंने बैंक से आह्वान किया कि वे सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने और उसके क्रियान्वयन में प्राथमिकता दें। गरीबों को ऋण व अन्य सुविधाएं देने के

**बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा शुरू की जा रही यह यूनिट पूरी तरह से डिजिटल होगी और प्रदेश का यह पहला यूनिट है**

लिए बैंक आगे आएं। इस अवसर पर उपायुक्त मनदीप कौर ने अंतरराष्ट्रीय तैराक खिलाड़ी सुरेंद्र सिंह ढाका को बैंक की ओर से 38 हजार 400 रुपये का चेक भी वितरित किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी, बैंक ऑफ बड़ौदा के रीजनल हेड राजीव रंजन प्रसाद व डिप्टी रीजनल हेड भूपेंद्र रोहिल्ला, मुख्य ब्रांच हेड रविंद्र सिंह, एडवोकेट महेंद्र धारनिया, सरपंच राज कुमार बेनीवाल सहित बड़ी संख्या में ग्राहक और अधिकारी मौजूद रहे।

**क्या होती है डीबीयू:** डिजिटल बैंकिंग यूनिट्स के जरिये आप बैंकिंग की कई सुविधाओं का फायदा खुद ही उठा सकते हैं। इस यूनिट पर कैश निकासी और जमा करा सकते हैं।

इसके साथ ही आप अकाउंट भी ओपन करा सकते हैं। अगर निवेश में रुचि रखते हैं तो फिक्स्ड डिपोजिट यानी एफडी या रेकरिंग डिपोजिट करा सकते हैं। इसके अलावा डिजिटल लोन, पासबुक प्रिंटिंग, डेबिट कार्ड-क्रेडिट कार्ड सर्विस, बैलेंस पूछताछ और फंड ट्रांसफर भी कर सकते हैं।

# सीएनजी भरवाने को दो मिनट इंतजार को कहा तो की मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**

**पलवल में** पेट्रोल पंप पर सी.एन.जी. भरवाने आए कार सवारों ने पंप कर्मियों के साथ मारपीट करते हुए तोड़फोड़ की। सेल्समैन ने युवकों को 2 मिनट इंतजार करने की बात कही थी, जिस पर वह भड़क गए और साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। कैंप थाना पुलिस ने घायल पंप कर्मचारी की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अच्छेजा गांव के रहने वाले कुलदीप ने शिकायत में कहा है कि वह राष्ट्रीय राजमार्ग - 19 स्थित सिंगला पेट्रोल पंप पर नौकरी करता है। रात के समय वह पंप पर मौजूद था और उसके साथ अन्य कर्मचारी

**कैंप थाना पुलिस ने घायल पंप कर्मचारी की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है**

लखन, महेंद्र, लोकेश व मोहन भी मौजूद थे। साढ़े दस बजे वह खाना खा रहा था। उसी दौरान एक कार उनके पेट्रोल पंप पर आई। कार सवार युवक ने सी.एन.जी. डालने के लिए कहा तो उसने कहा कि वह खाना खा रहा है, बस 2 मिनट का समय दें। युवक नहीं माने तो वह खाना छोड़कर सीएनजी भरने लग गया। इसी दौरान कार में बैठे दूसरे युवक ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। पंप पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने युवकों को समझा कर वहां से भेज दिया। करीब एक घंटे बाद युवक अपने साथ 15-20 अन्य युवकों को लेकर पेट्रोल पंप पर पहुंचे, जिन्होंने हाथों में लाठी, डंडे लिए हुए थे। युवकों ने आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। वह भागकर ऑफिस में आया तो युवकों ने वहां लगे शीशे भी तोड़ दिए।

युवक जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कैंप थाना प्रभारी ने मंगलवार को बताया कि घायल पंप कर्मचारी की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## न्यूज फ्लैश

### जिला परिषद की ओर से मनाई गई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भारत भूमि** महापुरुषों की जननी है और हमें गर्व है कि हमारा जन्म ऐसी धरती पर हुआ है, जहां महाराणा प्रताप जैसे परम प्रतापी शूरवीर ने जन्म लिया है। यह बात जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कही।
वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर सभी जिला परिषद सदस्यों व साथियों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके और प्रसाद बांटकर बड़ी धूमधाम से मनाई। इससे पहले पंचायत भवन में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें महाराणा प्रताप जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप जी ने देश के लिए बहुत बड़ा बलिदान दिया है। हमें उनके आदर्शों पर चलते हुए आगे बढ?ा चाहिए। महाराणा प्रताप जी ने कभी भी मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की। उन्होंने अपने आप को कभी भी झुकने नहीं दिया। उन्होंने अपने राष्ट्र के लिए बहुत बड़ा बलिदान दिया, हमें उनके पदचिन्हों पर चलते हुए देश की सेवा में सदा आगे रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मातृभूमि के सम्मान के लिए इतना बड़ा त्याग, समर्पण और सम्मान हमें कही और देखने को नहीं मिलेगा। शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के लिए मातृभूमि की स्वतंत्रता और स्वाभिमान से बढकर कुछ नहीं था। अनेकों कष्ट सहते हुए धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। महाराणा प्रताप जी का शौर्य व उनकी पराक्रम की गाथाएँ वर्षो तक हमारी प्रेरणा का केंद्र रहेंगी। उन्होंने कहा कि आज सारा भारतवर्ष मातृभूमि के गौरव व सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले, वीरता व राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक, महान योद्धा, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती पर उन्हें नमन करता है। इस मौके पर वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि धीरज खरकाली, जिला परिषद सदस्य विक्रम राणा, ईश्वर राणा, प्रदीप राणा नलवी कला, गुरदीप राणा बीजना, कुलदीप राणा, रामफल कमालपुर, हरदीप राणा, बलवान खेड़ीनरू, शेखर राणा, विक्रम सांभली, साहब सिंह राणा, राजकिशन स्टोंडी, पूर्णचंद्र ब्रास, सुरेंद्र कंबोज, सुरेंद्र उड़ाना और अमित बराना आदि मौजूद रहे।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'मददगार साबित हो रहा एकीकृत कमान नियंत्रण केन्द्र'

## ट्रैफिक लाईट और निगरानी कैमरों से जनता में आई जागरूकता, अहम वारदातों को ट्रेस करने में पुलिस को मिल रही मदद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नागरिकों का** दुर्घटनाओं से बचाव और सुरक्षा प्रदान करने के मकसद से शहर के नगर निगम कार्यालय में स्थापित एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केन्द्र समूचे शहर की निगरानी के लिए है। आई.सी.सी.सी. में लगे सिस्टम से यातायात नियंत्रण और रियल टाईल फुटेज से पुलिस को बहुत सी वारदातों का पता लगाने में अहम मदद मिल रही है। इसकी स्थापना करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से की गई है। मंगलवार को जिला उपायुक्त एवं के.एस.सी.एल. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनीश यादव ने बताया कि आई.सी.सी.सी. की स्थापना से पहले सडक नियमों की जानकारी के अभाव में दुर्घटनाएं आम बात थी, लेकिन अब लोगों में जागरूकता बढ़ी है। बड़े शहरों की तर्ज पर करनाल में भी रेड लाईट के होने पर ट्रैफिक रूकता है और ग्रीन होने पर चल पड़ता है। इससे पहले पुलिस विभाग की ओर से वर्ष में 1 करोड़ रुपए के चालान



किए जाते थे, अब यह आकंड़ा 7 करोड़ रुपए से ऊपर का हो गया है। इस बारे उपायुक्त का कहना है कि चालान करने का मकसद सरकार को राजस्व में बढ़ौतरी करना नहीं हैं, बल्कि लोगों में यातायात, नियमों की समझ-बूझ और उनका पालन करने का है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के जरिए शहर के मुख्य चौक-चोराहों पर स्थापित वेरीएबल मैसेज डिस्प्ले और एमरजेंसी कॉल बॉक्स से किसी भी सूचना पर अमल का रिस्पाँस टाईम बहुत ही कम हो गया है। नागरिकों को सरकार की योजना और अन्य उपयोगी जानकारी देने के लिए वीएमडी सर्वोत्तम

**8 पानी की बड़ी टंकियां और बूस्टर स्टेशनों का सर्वे कर लिया गया है। स्काडा में जिन उपकरणों को लगाया जाएगा, कम्पनी की ओर से उनका ऑर्डर कर दिया**

माध्यम सिद्ध हो रहे हैं। चौक-चौराहों पर लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम से भी वाहन चालकों को सडक यातायात और सावधानी बरतने से सम्बंधित हर तरह की जानकारी दी जा रही है। एन्वायरमेंट सेंसर डिस्प्ले से नागरिकों को शहर की हवा की गुणवत्ता और उसमें प्रदूषण की मात्रा की जानकारी मिलती है। इस सुविधा से प्रदूषण को कंट्रोल करने में काफी मदद मिल रही है। अब स्ट्रीट लाईट प्रोजेक्ट आई.सी.सी.सी. से इंटीग्रेट- आई.सी.सी.सी. के प्रोजेक्ट मैनेजर राजेश पांडय ने बताया कि शहर को किफायती और अच्छी रोशनी प्रदान करने वाली एलईडी लाईटों के प्रोजेक्ट का आई.सी.सी.सी. से इंटीग्रेशन हो गया है। इससे सेंटर में रियल डाटा उपलब्ध होगा। शहर के जिस भी एरिया में लाईट खराब होगी, उसकी सूचना केन्द्र में आएगी और इसके बाद एच.पी.एल. कम्पनी के प्रतिनिधि सूचना प्राप्त करके निश्चित समय में शिकायत का निवारण करेंगे। पांडय ने बताया कि जल्द ही एच.पी.एल. के प्रतिनिधि आई.सी.सी.सी. में बैठेंगे, ताकि यहां से डाटा लेकर उस पर कार्रवाई प्रारम्भ की जा सके। जल्द जुड़ेगा स्काडा प्रोजेक्ट- नगर निगम के कार्यकारी अभियंता सतीश शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर को स्वच्छ एवं पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट स्काडा पर नगर निगम की ओर से काम किया जा रहा है। एजेंसी योकोगावा की ओर से शहर में स्थापित ट्यूबवेल, पानी की बड़ी टंकियां और बूस्टर स्टेशनों का सर्वे कर लिया गया है। स्काडा में जिन उपकरणों को लगाया जाएगा, कम्पनी की ओर से उनका ऑर्डर कर दिया गया है।

## खुशी ने अंतर्राष्ट्रीय वूशु चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले** के गांव कुटेल की निवासी खुशी ने अंतर्राष्ट्रीय वूशु चैंपियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। खुशी की जीत पर उनके परिवार को लगातार बधाईयां मिल रही हैं।



खुशी ने मॉस्को में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया है। खुशी ने इस बाबत जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में 10 देशों ने भाग लिया था। उनकी इस प्रतियोगिता में पहली फाइट इंडोनेशिया की खिलाड़ी से हुई, दूसरी फाइट तजाकिस्तान के खिलाड़ी से हुई और तीसरी फाइट रूस की खिलाड़ी से हुई। यह प्रतियोगिता 2 से 8 मई तक आयोजित की गई थी। खुशी का यह सफर स्कूल से शुरू होकर विश्वविद्यालय स्तर तक और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा है, जिसमें खुशी के परिवार का बहुत बड़ा योगदान है। खुशी के पिता जसमेर सिंह ने बताया कि अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर उन्हें गर्व है।

## ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने की आत्महत्या

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले में** एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष की प्रताड?ा से तंग आकर आत्महत्या कर ली। मायके वालों ने ससुराल पक्ष के खिलाफ थाने में शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घरौंडा निवासी अकविंद्र कौर की शादी साहब सिंह के साथ 15 नवंबर 2006 में हुई थी। मृतका के भाई सरबजीत ने बताया कि बहन की शादी में काफी दहेज दिया था। कुछ समय तो उसकी बहन को ससुराल में ठीक रखा, लेकिन बाद में दहेज के लिए तंग करना शुरू कर दिया। मृतका के भाई ने बताया कि पिता



ने कई बार इस बाबत पंचायत भी की और बहन के भविष्य व लोक लाज के लिए साहब सिंह व इसके परिवार को पैसे भी दिए। लेकिन कुछ समय बाद उन्होंने वहीं पुरानी हरकतें शुरू कर दी। सरबजीत ने बताया कि साहब सिंह का भाई दिलबाग भी उसकी बहन को पीटता था। बाद में इस बात की माफी भी पंचायत में मांगता था। साहब सिंह का पिता चमकार व उसकी मां रणजीत कौर साहब सिंह को उकसाते थे और खुद भी पीटते थे। यह बात बहन ने पिता को बताई थी। उसने कहा था कि मुझे इतना तंग कर रखा है कि या तो ये सभी मुझे मार देंगे या मैं खुद की जीवन लीला समाप्त कर लूंगी। इसको लेकर घरौंडा थाने में शिकायत भी दी थी। सरबजीत ने बताया कि उसकी बहन व जीजा 2019 में विदेश गए। इस पर पिता ने पैसे दिए और जमीन भी बेची, लेकिन कुछ समय बाद ये बहन को वापस अपने देश ले आया, क्योंकि इसके संबंध अन्य लड़कियों से भी थे। इसके बाद इन्होंने लगातार उसकी बहन को यातनाएं देनी शुरू कर दी व मारते पीटते व ताने देते की तुमने हमारी जमीन बिकवाई है, ताकि मेरे पिता से लिए पैसे वापिस न देने पड़े।

## सीजेएम ने प्लेस ऑफ सेफ्टी का किया औचक निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य** न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने मंगलवार को प्लेस ऑफ सेफ्टी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रसोई घर का निरीक्षण कर खाने की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने बताया कि प्लेस ऑफ सेफ्टी में रहने वाले बच्चों की कुल संख्या 185 थी। उन्होंने बंदी संवासियों के साथ बातचीत की और उन्हें कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत उनके अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया।



सीजेएम ने प्लेस ऑफ सेफ्टी के अधीक्षक को बैरकों और पुस्तकालय में बच्चों के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों को कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत बनाए गए नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके।

## सहकारी चीनी मिल लिमिटेड की सभा की बैठक का हुआ आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सहकारी** चीनी मिल लिमिटेड करनाल की 7वीं आम सभा की बैठक का मंगलवार को आयोजन किया गया। बैठक का शुभारम्भ कर्मचारी निदेशक राजपाल लाठर द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसमिति से संजय कम्बोज, मिल बोर्ड डायरेक्टर को बैठक का उपाध्यक्ष मनोनीत किया। मिल के मुख्य लेखा अधिकारी द्वारा वर्ष 2017-18 से वर्ष 2021-22 के दौरान मिल की तकनीकी कार्यशैली व लाभ-हानि खाते का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

## बैंक के लॉकर से जेवरात चोरी करने वाला काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**डिटेक्टिव** स्टाफ की टीम द्वारा सैंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की सेक्टर-13 स्थित ब्रांच के लॉकर को तोडकर उसमें से करीब 20 तोले सोने के जेवरात चोरी करने की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से चुराए गए जेवरात बरामद कर लिए गए हैं।
पुलिस टीम द्वारा आरोपी दीपचन्द पुत्र स्व. अमीर चन्द वासी गांव चुण्डीपुर जिला करनाल को विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर उसके गांव से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कल अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया। रिमाण्ड के दौरान आरोपी से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर टीम द्वारा पिछले कई सालों से लॉकर ठीक करने, अलमारी, खिडकी व मेज आदि को ठीक करने का काम करता है। आरोपी को कई बैंक वाले अपने बैंक में लॉकरों के लॉक, अलमारी व खिडकी आदि ठीक करवाने के लिए बुलाते रहते थे और आरोपी अपना काम खत्म करके काम के हिसाब से अपनी मजदूरी लेकर वंहा से चला जाता था। वारदात वाले दिन भी आरोपी बैंक में लॉकर आदि ठीक करने का काम करने गया था। उसी दौरान आरोपी के मन में लालच आ गया और ड्रिल मशीन व अन्य औजारों से सैण्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया सेक्टर-13 के लॉकर नम्बर 697 को तोडकर उसमें



रखे जेवरात को चोरी करके ले गया और अपने घर पर ले जाकर छुपा दिए। जिसके बाद आरोपी की निशानदेही पर आरोपी के कब्जे से चुराए गए सोने के जेवरात-एक सोने का ब्रासलेट, दो सोने के कड़े, एक सोने का गले का हार, दो झुमकी व एक माथे का टीका बरामद किया गया। जिनका वजन करीब 20 तोले पाया गया। इसके अलावा आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई ड्रिल मशीन व अन्य औजार बरामद किए गए। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संबंध में उक्त बैंक की सहायक बैंक मैनेजर व चपरासी से भी पूछताछ की जाएगी। अगर उनकी संलिप्तता सामने आती है तो उनको भी गिरफ्तार किया जाएगा।
उल्लेखनीय है कि इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता होशियार सिंह पुत्र मोहिन्द्र सिंह वासी सीएचडी सिटी करनाल ने पुलिस चौकी सेक्टर-13 में एक शिकायत दी थी, जिसके आधार पर थाना सिविल लाईन में 20 फरवरी को भारतीय दंड संहिता की धारा-409, 380 व 420 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## 'श्री राधा जागरण' इस बार करनाल में मनाया जाएगा: रेनू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री कृष्ण** कृपा जीओ गीता परिवार की ओर से श्री कृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव 'श्री राधा जागरणइ इस बार करनाल में मनाया जाएगा। भव्य उत्सव का आयोजन 15 मई को सेक्टर-12 हुडा मैदान में होगा। मंगलवार को उत्सव स्थल पर भूमि पूजन किया गया। हवन यज्ञ में आहूतियां डालकर कार्यक्रम के सफल आयोजन की कामना की गई। गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में होने वाले कार्यक्रम में पूज्य श्री कासनी गुरुशरणानंद जी महाराज रमनरेती वाले, महामंडलेश्वर अवधेशानंद जी महाराज जूनापीठाधीश हरिद्वार, पूज्य श्री साध्वी दीदी ऋतंबरा जी वृंदावन व



पूज्य श्री ज्ञानानंद जी महाराज भानुपुरापीठाधीश सहित देश-विदेश से संत महात्मा शिरकत करेंगे। भजन गायक के रूप में नंद किशोर नंदू व निकुंज कामरा को आमंत्रित किया गया है। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि स्वामी श्री ज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में होने जा रहे श्री राधा जागरण की शोभा बढ़ाने हरियाणा सहित अनेक राज्यों से मुख्य संत उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में जहां राजनीति से जुड़े कई महानुभाव उपस्थित होंगे, वहीं समस्त भारत से श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता समिति के अनेकों सदस्य शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सभी भक्तों के लिए श्री राधा रानी की रसोई के साथ-साथ ब्लड कैंप जैसी सेवाओं का भी आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में 20 हजार से ज्यादा लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, बृज गुप्ता, सतीश गुप्ता, सुनील गुप्ता, घनश्याम गोयल, अंकुर गुप्ता, पंकिल गोयल, यश नारंग, जयकुमार जिंदल, श्याम बत्रा, विरेन्द्र ग्रोवर, श्याम अरोड़ा, संजय बत्रा, विष्णु शास्त्री, संजय बिदानी, ललित असीजा, पारूल बाली, राजकुमार बहल, अशोक गुलाटी, देवीदयाल, रवि अरोड़ा, नवीन बत्रा, अशोक सेठी, संकल्प भंडारी, सुंदर दास चुघ, पवन, सुरेश, अजय, तिलक अरोड़ा, अनिल बिदानी, मोहित गोयल, अनु मीनाक्षी बत्रा व नीरु ग्रोवर आदि मौजूद रहे।

## 11 किलो 400 ग्राम डोडा पोस्त सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एंटी नारकोटिक्स** सैल की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर डोडा पोस्त की तस्करी करते हुए आरोपी विशाल पुत्र सुरेश कुमार वासी अलावला जिला करनाल को बस अड्डा करनाल पर रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा के कार्यालय के पास काबू किया गया। आरोपी के कब्जे से एक कट्टे व एक बैग में से 11 किलो 400 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह पानीपत



रिफाइनरी में नौकरी करता था। वह विदेश जाने का इच्छुक था, लेकिन एक ऐजेन्ट से उसके साथ धोखाधड़ी कर ली और उसके काफी रुपए हड़प लिए, जिसके कारण आरोपी पर कर्जा ज्यादा हो गया।

## अधर में नहीं, मुकम्मल की ओर बढ़ रहा एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट प्रोजेक्ट

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**करनाल** स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि शहर को स्ट्रीट लाईटों से जगमग करने का प्रोजेक्ट अधर में नहीं बल्कि प्रोग्रेस पर है। अब तक एलईडी लाईटे लगाने का काम करीब 85 प्रतिशत पूरा हो चुका है, आगामी 30 जून तक पूरा शहर बेहतरीन रोशनी देने वाली लाईटों से जगमग होगा।
उपायुक्त ने बताया कि लाईटें लगाने के कार्य में पहले सर्वे किया गया था। इसके बाद शहर के भिन्न-भिन्न वार्डों में लाईटें लगाने का काम शुरू किया गया। इस दौरान नगर निगम की ओर से लगाई गई लाईटों को



रिप्लेस करके नई एलईडी लाईटें लगाई गई। इनकी खूबी यह है कि यह कम खर्च में अधिक रोशनी प्रदान करने वाली लाईटें हैं। एलईडी लगा रही कम्पनी हिन्दूस्तान प्राईवेट लिमिटेड की ओर से शहर के जिन हिस्सों में लाईटें नहीं थी, वहां नई लाईटें लगाई गई। जिस एरिया में खम्बे नहीं थे, वहां खम्बे गाडकर उन पर लाईटें लगाई गई। अहम बात यह है कि एलईडी लाईटों की रोशनी से नागरिकों के घरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई है।
एलईडी लाईट के लिए मॉडल टाऊन में नगर निगम लगाएगा खम्बे- उन्होंने बताया कि मॉडल टाऊन में एलईडी लाईटों के लिए जो खम्बे रखे गए हैं, वे नगर निगम द्वारा स्थापित किए जाने हैं। शीघ्र ही उन पर नई एलईडी लाईटें लगाई जाएंगी। एलईडी लाईटों से सम्बंधित किसी भी शिकायत के समाधान के लिए सूचना तंत्र स्थापित है। यही नहीं नगर निगम की ओर से सभी वार्डों में शिकायत केन्द्र भी खोले गए हैं। शिकायतें प्राप्त करने और उन पर एक्शन लेने के लिए एक निजी एजेंसी को ठेका दिया गया है। शहर का कोई भी नागरिक शिकायत केन्द्र में जाकर अपनी शिकायत या समस्या को दर्ज करवा सकता है। नागरिक 0184-7966473 पर भी शिकायत दर्ज करवाकर उसका समाधान करवा सकते हैं।
23 हजार 500 लाइटों से शहर होगा जगमग- उपायुक्त ने बताया कि स्मार्ट सिटी के एलईडी प्रोजेक्ट में 23 हजार 500 लाईटें लगाई जानी है। इनमें 40, 70 और 90 वाट के अतिरिक्त हाई मास्ट लाईटें भी हैं। एच.पी.एल. कम्पनी 10 साल तक एलईडी लाईटों का संचालन और रख-रखाव भी करेगी।

## संपादकीय

# कर्नाटक की राजनीति के महत्वपूर्ण केन्द्र रहे हैं मठ

10 मई को कर्नाटक की कुल 224 विधानसभा सीटों पर होने जा रहे विधानसभा चुनाव पर पूरे देश की नजरें केन्द्रित हैं कि यहां कौन किस पर कितना भारी साबित होता है। सभी दलों द्वारा अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को लुभाने के लिए हर प्रकार की कोशिशें और हर तरह की जोर आजमाइश की जा रही है। विधानसभा में इस बार भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है, वहीं, जेडीएस भी अपना वोटबैंक बनाए रखने के भरपूर प्रयास कर रहा है। इस बार का चुनावी परिदृश्य इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि चुनावी मैदान में किस्मत आजमा रहे प्रमुख दलों कांग्रेस, भाजपा और जेडीएस द्वारा स्थानीय समस्याओं और जमीनी मुद्दों को दरकिनार कर साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण, जातिगत समीकरण, कट्टर हिन्दुत्व बनाम उदार हिन्दुत्व और क्षेत्रीय अस्मिता जैसे भावनात्मक और अति राष्ट्रवाद जैसे मुद्दों को ज्यादा हवा दी जा रही है।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव का परिणाम क्या होगा, यह तो 13 मई को पता चल ही जाएगा लेकिन इस बार जिस प्रकार लिंगायत तथा अन्य धार्मिक मुद्दे जोर-शोर से उछाले गए हैं, उसके मद्देनजर प्रदेश में जातीय अथवा सामुदायिक आधार पर स्थापित मठों की राजनीति में सक्रिय भूमिका पर नजर डालना बेहद जरूरी है। दरअसल सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं का ध्यान मठों और संतों पर केन्द्रित है और सभी दल विभिन्न मठों में जाकर संतों का समर्थन जुटाने की जुगत में लगे हैं। भाजपा हो या कांग्रेस अथवा जेडीएस, सभी राजनीतिक दल मठों के मठाधीशों की कृपा पाने के उद्देश्य से मठों में हाजिरी लगा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिद्धगंगा मठ का दौरा कर चुके हैं जबकि गृहमंत्री अमित शाह ने वोकालिग्गा समुदाय में बहुत अहम स्थान रखने वाले श्री आदिचुंचनगिरी मठ का दौरा किया। दरअसल भाजपा वोकालिग्गा मतदातों को अपनी ओर लाने के प्रयासों में जुटी है। भाजपा की नजरें अनुसूचित जाति, लिंगायत और वोकलिग्गा समुदायों पर केन्द्रित हैं। भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा भी तुमकुरु, दावणगेरे, चित्रदुर्ग जिलों के कई मठों में हाजिरी लगा चुके हैं। दूसरी ओर राहुल गांधी सहित कांग्रेसी नेता भी मठों का समर्थन हासिल करने के लिए मठों में हाजिरी लगाते रहे हैं। वर्तमान में कर्नाटक में करीब 650-700 मठ हैं, जिनकी प्रदेश की राजनीति में सक्रिय भूमिका रही है। इन मठों का प्रदेश की जनता पर विशेष प्रभाव रहा है और यही कारण है कि प्रमुख दलों के नेता प्रदेश के विभिन्न मठों व मंदिरों में जा-जाकर माथा टेक रहे हैं। दरअसल कर्नाटक के ये मठ प्रदेश की राजनीति के महत्वपूर्ण केन्द्र रहे हैं और राजनीतिक तौर पर इनका भरपूर इस्तेमाल होता रहा है लेकिन प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार देखा जा रहा है कि दोनों प्रमख दलों द्वारा ज्यादा से ज्यादा मठों को अपने पक्ष में करने की होड़ सी लगी हो और ऐसे में चुनाव के दौरान इन मठों के मठाधीशों की भूमिका पर काफी हद तक यह निर्भर करेगा कि सत्ता की चाबी किसके हाथ लगती है। कुल 30 जिलों में विभाजित कर्नाटक में 80 फीसदी से भी अधिक आबादी किसी न किसी रूप में इन मठों से जुड़ी रही है और इन मठों के लोगों पर विशेष प्रभाव का सबसे बड़ा कारण यही है कि प्रदेश में ये मठ हजारों स्कूल-कॉलेजों का संचालन करते हैं और कल्याणकारी योजनाओं के अलावा किसी भी प्रकार की आपदाओं के समय राहत गतिविधियां भी चलाते रहे हैं।

# अहम होंगे कर्नाटक चुनाव के नतीजे

-राजेश माहेश्वरी

"कांग्रेस के गढ़ रहे कर्नाटक में पार्टी अपनी खोयी विरासत फिर हासिल करने को बेताब है, वहीं भाजपा अपने इस दक्षिण के द्वार को किसी कीमत पर बंद नहीं होने देना चाहती। जिसके चलते चुनाव के अंतिम चरण में प्रवेश करने के बाद दोनों पार्टियां ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रही हैं। बहरहाल, कमजोर तबकों के सशक्तीकरण के नाम पर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का खेल बदस्तूर जारी है। राजनीतिक दलों की छवि इतनी निस्तेज हो चली है कि वे मुफ्त की रेवड़ियों के सहारे चुनावी वैतरणी पार करने की कवायद में जुटे हैं। कर्नाटक में यदि कांग्रेस को जीत मिली तो, यह इस साल दूसरे राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के लिए बूस्टर डोज साबित हो सकती है। दक्षिणी भारत के राज्यों ने अक्सर उत्तरी भारत के राज्यों की तुलना में अलग तरीके से मतदान किया है"

**कनार्टक** चुनाव के नतीजे 13 मई को आएंगे। उसी दिन उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव के नतीजे भी घोषित होंगे। लेकिन सबकी नजर दक्षिण भारत के महत्वपूर्ण राज्य कर्नाटक चुनाव के नतीजों पर लगी है। ये चुनाव जहां भाजपा की नाक का सवाल बने हुए हैं, तो वहीं कांग्रेस भी कर्नाटक चुनाव को लेकर काफी उत्साहित दिखाई देती है। यह माना जा रहा है कि कर्नाटक के चुनाव परिणामों का असर अगले साल होने वाले आम चुनाव व कुछ राज्यों में इस साल होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों पर पड़ेगा। ऐसे में कर्नाटक चुनाव के नतीजे देश की राजनीति में बड़ा बदलाव का कारण बनने जा रहे हैं। इन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत से कांग्रेस समेत विपक्ष के तमाम मंसूबों पर पानी फेरने का काम करेगी। वहीं नतीजे अगर कांग्रेस के पक्ष में रहे तो विपक्ष दोगुने उत्साह के साथ मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने की कोशिशों में जोर-शोर से जुट जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि दोनों राष्ट्रीय दलों भाजपा व कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिये सब-कुछ दांव पर लगा दिया है। ययही वजह कि दोनों दल आसमान से तारे तोड़ लाने के सब्जबाग जनता को दिखा रहे हैं। दरअसल, वर्ष 2019 में कांग्रेस व जनता दल (एस) सरकार के पतन के बाद राज्य में सत्ता में आई भाजपा के लिये अपनी उपलब्धियां गिनाने के लिये बहुत कुछ नहीं है। यही वजह कि पार्टी समान नागरिक संहिता व राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर जैसे मुद्दे लेकर सामने आई है। पार्टी कह रही है कि समान नागरिक संहिता लैंगिक न्याय और मुस्लिम महिलाओं के लिये समान अधिकार सुनिश्चित करेगी। दरअसल, इस राज्य में तेरह फीसदी मुस्लिम आबादी में सेंध लगाने की कोशिश भाजपा कर रही है। हालांकि, मुस्लिमों के लिये चार फीसदी ओबीसी कोटा खत्म करने के भाजपा सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। लेकिन पार्टी की कोशिश है कि कांग्रेस को एकमुश्त मुस्लिम वोट पड़ने से कैसे रोका जाये। जहां तक भाजपा व कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्रों का प्रश्न है तो दोनों ही लोकलुभावने वायदे पूरे करने में आगे हैं। भाजपा ने अपने घोषणापत्र में वायदा किया है कि बीपीएल परिवारों को साल में तीन गैस सिलेंडर युगादी, गणेश चतुर्थी



और दीवाली पर मुफ्त दिये जाएंगे। साथ ही पोषण योजना के तहत प्रत्येक बीपीएल परिवार को हर दिन आधा लीटर नंदिनी दूध तथा हर महीने पांच किलो मोटा अनाज दिया जायेगा। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस भी रेवड़ियां बांटने में पीछे नहीं रही है। उसने राज्य सरकार द्वारा संचालित बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा, परिवार की महिला मुखिया को दो हजार रुपये मासिक सहायता, दो सौ यूनिट तक बिजली मुफ्त तथा 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के स्नातक बेरोजगारों को तीन हजार तथा डिप्लोमा धारकों को डेढ़ हजार बेरोजगारी भत्ता देने का वायदा चुनाव घोषणा पत्र में किया है। जनता दल (एस) ने भी अपने घोषणा पत्र में कृषक समुदाय तथा महिला स्वयं सहायता समूहों के लिये लोक लुभावनी घोषणा की है। वहीं दूसरी ओर राज्य में धार्मिक कट्टरवाद को समाप्त करने की बात कह कर कांग्रेस ने संघ परिवार के संगठन बजरंग दल व प्रतिबंधित पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि राजग सरकार ने पीएफआई पर पहले ही पांच साल का बैन लगा रखा है। कांग्रेस की इस घोषणा ने भाजपा को नया अस्त्र दे दिया है। कर्नाटक की बीजेपी सरकार ने चाहे अच्छा प्रदर्शन किया हो या नहीं, लगातार विधानसभा चुनाव जीतने के मामले में बीजेपी अब उतनी मजबूत नहीं रही। वैसा दौर 2015 से 2019 के बीच का था। सरकार ने यदि अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, तो उसे चुनौती का सामना करना पड़ा है। कर्नाटक में लोकसभा की 28 सीटें हैं। 1999 से अब तक के हर चुनाव में बीजेपी वहां दोहरे अंकों में सीटें जीतती रही है। उस समय अपनी लोक शक्ति पार्टी को एनडीए में शामिल करके हेगड़े ने अपना लिंगायत वोट बैंक बीजेपी को ट्रांसफर करवा दिया था। 1999 में 13 सीटों से बढ़ते बढ़ते 2019 में बीजेपी 25 सीटों तक जा पहुंची। कर्नाटक चुनाव में बजरंगबली का मामला भी बड़ा मुद्दा बनकर कांग्रेस के लिये नई मुसीबत खड़ा कर रहा है। इस तरह से बेहद दिलचस्प हो चले कर्नाटक के चुनाव में ध्रुवीकरण और लोकलुभावन नीतियां बड़ी चुनौती पैदा कर रही हैं। दोनों पार्टियां अपने लक्षित वर्ग को भुनाने के लिये जमीन-आसमान एक कर रही हैं। कांग्रेस के गढ़ रहे कर्नाटक में पार्टी अपनी खोयी विरासत फिर हासिल करने को बेताब है, वहीं भाजपा अपने इस दक्षिण के द्वार को किसी कीमत पर बंद नहीं होने देना चाहती। जिसके चलते चुनाव के अंतिम चरण में प्रवेश करने के बाद दोनों पार्टियां ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रही हैं। बहरहाल, कमजोर तबकों के सशक्तीकरण के नाम पर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का खेल बदस्तूर जारी है। राजनीतिक दलों की छवि इतनी निस्तेज हो चली है कि वे मुफ्त की रेवड़ियों के सहारे चुनावी वैतरणी पार करने की कवायद में जुटे हैं। कर्नाटक में यदि कांग्रेस को जीत मिली तो, यह इस साल दूसरे राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के लिए बूस्टर डोज साबित हो सकती है। दक्षिणी भारत के राज्यों ने अक्सर उत्तरी भारत के राज्यों की तुलना में अलग तरीके से मतदान किया है। वैसे कर्नाटक के चुनाव महाराष्ट्र या तेलंगाना जैसे पड़ोसी राज्यों को प्रभावित नहीं करते. हालांकि जानकार इससे बिल्कुल राय रखते हैं। मान लें कि इस चुनाव में बीजेपी हार जाती है, तो इससे कांग्रेस और विपक्ष को एक नया जीवन मिलेगा। इन दलों को इससे और ऊर्जा मिलेगी।

कर्नाटक में बीजेपी को कभी भी अपने दम पर बहुमत नहीं मिला। यदि इस बार ऐसा हो गया, तो वो पूरे देश में ढिंढोरा पीटेगी कि उसके पास दक्षिण भारत में चुनावी स्वीकार्यता का सबूत है। वो ये साबित करने की कोशिश भी करेगी कि कांग्रेस की श्भारत जोड़ो यात्रा का कोई असर नहीं हुआ। इससे समूचे विपक्ष का मनोबल गिरेगा, ठीक वैसे ही जैसे उत्तर प्रदेश के विधानसभा नतीजों का उनके मनोबल पर पड़ा था। असल में कांग्रेस को जल्द से जल्द एक नैरेटिव तैयार करना होगा। यदि वो चुनाव दर चुनाव हारती जाती है, तो वो अपने पक्ष में पॉजिटिव नैरेटिव तैयार नहीं कर पाएगी। यही कारण है कि ये चुनाव कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत अहम है। राजनीतिक विशलेषकों के अनुसार, इस चुनाव में यदि कांग्रेस की हार होती है, तो ये उसके लिए बहुत बड़ा झटका साबित हो सकती है। यदि इस चुनाव में बीजेपी हारती है, तो इसका मतलब ये होगा कि वो दक्षिण भारत में कोई प्रगति नहीं कर पाई है। लेकिन यदि बीजेपी जीतती है, तो इस जीत से दक्षिणी पड़ोसी राज्यों तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के कार्यकर्ताओं को पर्याप्त ऊर्जा मिलेगी। पिछले कुछ दिनों से पहलवान धरने पर बैठे हुए हैं। अब उनके आंदोलन में किसान भी शामिल हो रहे हैं। आंदोलनरत पहलवानों को विपक्ष के कई राजनीतिक दलों का समर्थन प्राप्त है। विपक्ष के तमाम नेता उनके पर देशवासियों ने देखे हैं। कर्नाटक में अगर बीजेपी की हार के बाद यह आंदोलन किसान आंदोलन का ही रूप ले लेगा। और पहलवानों का ये अखाड़ा जो सियासी अखाड़े में तब्दील हो चुका है, मोदी सरकार और हरियाणा में खट्टर सरकार की मुश्किलें बढ़ाने का काम करेगा।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

## कविता

पेट और पीठ भूख से एक हो गए,
खाने को मुंह में दो निवाले नहीं।

शुद्ध घी की पुड़िया मिलती है जिन्हें,
उन्हें अजीर्ण से खाने की फिक्र ही नहीं।

बड़ी-बड़ी अट्टालिकाएं पड़ी है खाली,
फटे-हालों के सिर पर कहीं छत नहीं।

युवतियां नए जीन्स फाड़कर पहनती हैं जहां,
वहीं नौनिहालों के बदन पर चीथड़े भी नहीं,

कैसी है अंधी दुनिया,अंधी है नियति,
गरीबी,विपन्नता जानती तक नहीं।

कैसी बेमेल,अंधेर है भौतिक जिंदगी।
संवेदना को दूर तक पहचानती ही नहीं ।

मखमली शैय्या है, पर आंखों में नींद नहीं,
गहरी नींद है जहां, फुटपाथ पर भी जगह नहीं।

चंद पैसों के लिए दर-दर भटकता है इंसान।
धन्ना सेठों को महलों में भी चैन नहीं।

सुदामा तो बहुतेरे मिल जाते हैं यहा,
पर वैसा उदार मना, मित्र कृष्ण नहीं।

संजीव

# उड़ते ताबूत आखिर कब तक ?

**सुनील कुमार महला**

**हाल** ही में राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले की पीलीबंगा तहसील के बहलोलनगर गांव में भारतीय वायुसेना का मिग-21 फाइटर जेट विमान क्रैश होकर एक घर पर गिर गया जिससे हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि तीन महिलाएं घायल हो गई।हालांकि फाइटर जेट के पायलट और को-पायलट इस हादसे में सुरक्षित बच गए। मीडिया के हवाले से खबरें मिली हैं कि हादसे के दौरान पायलट और को-पायलट ने पैराशूट के जरिए कूदकर अपनी जान बचा ली, लेकिन मकान पर विमान गिरने से आसपास के लोग इसकी चपेट में आ गए। मिग-21 के क्रैश होने का यह पहला मामला नहीं है, अनेकों बार मिग-21 के क्रैश होने की घटनाएं हमारे यहाँ हो चुकी हैं और यही कारण भी है कि इनको अब 'उड़ते हुए ताबूत' तक की संज्ञा दे दी गई है। दरअसल इस लड़ाकू जहाज की लैंडिंग स्पीड ही 300 किलोमीटर प्रतिघंटा होती है। तो आसमान में इसकी रफ्तार का अंदाजा हम आसानी से लगा सकते हैं कि इतनी स्पीड कितनी होती होगी। इतनी अधिक स्पीड वाले फाइटर को उड़ाना कभी भी आसान काम नहीं होता है और इसे उड़ाने के लिए बहुत ही धैर्य, उच्च प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। यहाँ जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2021 में पांच मिग-21 विमान हादसे हुए थे। इससे पहले 2013 में दो, 2014 में तीन, 2015 में दो, 2016 में तीन, 2018 में दो, 2019 में तीन और 2022 में राजस्थान के बाड़मेर में मिग-21 क्रैश हुआ था। राजस्थान में हुए इस हादसे में तो दोनों पायलटों की मौत हो गई थी। पूर्व रक्षामंत्री एके एंटनी ने 2012 में टक्क्ष्21 से जुड़े विमान हादसों को लेकर एक बयान जारी किया था। उन्होंने बताया था कि वायु सेना में शामिल होने के बाद से लेकर साल 2012 तक 482 मिग-21 विमान हादसे के शिकार हो चुके थे। इन हादसों में 171 पायलट, 39 आम नागरिक और आठ अन्य की मौत हुई थी। आखिर मिग-21 है क्या ? और इनके क्रैश होने के पीछे कारण क्या है ? यदि हम यहाँ इसकी बात करें तो हमें जानकारी मिलती है कि मिग-21 एक सुपरसोनिक फाइटर प्लेन है और इसे रूस द्वारा तैयार किया गया है। दरअसल, इसका निर्माण सोवियत संघ( अब रूस) के मिकोयान-गुरेविच डिजाइन ब्यूरो ने किया है। इसे "बलालैका" के नाम से बुलाया जाता था क्योंकि यह रुसी संगीत वाद्य ऑलोवेक ( यानी कि पेन्सिल) की तरह दीखता था। वास्तव में, इसमें इस्तेमाल की गई तकनीक व इसका इंजन काफी पुराना है। ये सिंगल या यूं कहें कि एक ही इंजन वाला फाइटर प्लेन होता है, जिसमें थोड़ी सी गड़बड़ी पर ही आग लगने की संभावना बन जाती है। जांच में यह बात सामने आई है कि इसकी खिड़कियों की डिजाइन में भी कुछ गड़बड़ी पाई गई है, जिसकी वजह क्रैश जैसे हादसे जन्म लेते हैं। जानकारी मिलती है कि इसे 2025 में रिटायर किया जाएगा। जानकारी देना चाहूंगा कि इसने अपनी पहली उड़ान साल 1955 में भरी थी और भारतीय वायु सेना में साल 1963 में शामिल किया गया था। वैसे 1963 के समय में मिग-21 बहुत ही उन्नत किस्म के विमानों में से एक माना जाता था।

## विचार

# जातिवाद की राजनीति को ध्वस्त करती सरकारी योजनाएं

**सूर्य प्रकाश अग्रवाल**

**माना जाता है** कि सम्पूर्ण भारत में लगभग 12 हजार से अधिक जातियों के लोग निवास करते है। भारत के संविधान में सभी जातियों को बराबर का अधिकार तो दिया जाता रहा परन्तु वोट की राजनीति ने मतदान के मौसम में समाज को जबरदस्त तरीके से जातियों में विभक्त कर दिया है। जाति आधारित राजनीति करने के लिए विशेष राजनीतिक दलों का गठन किया गया तथा विभिन्न जातियों का राजनीतिक लाभ लेने हेतु गठबंधन की राजनीति शुरू हो गयी तथा वर्तमान में भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में भी विशेष धर्म को लेकर भी तुष्टिकरण की राजनीति शुरू हो गई क्योंकि धर्म विशेष के लोग एकुजट होकर मतदान करते है जिससे विशेष दलों को चुना जाता रहा है। इसलिए राजनीतिक दल बहुसंख्यकों के हितों की उपेक्षा करते रहे है। भारत में गत दशक से नित्य प्रति कहीं न कहीं किसी क्षेत्र में आम चुनाव होते ही रहते है जिसमें चुनावी लाभ लेने के लिए अब राजनीतिक दल जातिगत आधारित जनगणना करवाने के लिए सरकारों को विवश करते रहते है। जातिगत व धर्म आधारित आरक्षण को मजबूत करते हुए योग्यता व निम्न आर्थिक स्थिति को दर किनारे करते हुए प्रशासन चलाने की कोशिश की जाती है, जिससे जहां प्रतिभाओं अर्थात योग्यता से सम्पन्न युवा विदेशों को पलायन कर गये तथा अपेक्षाकृत द्वितीय श्रेणी के योग्य युवा भारत में ही रह जाते है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान आदि देशों के विकसित होने का मूल कारण भारतवंशी युवा वर्ग ही है जिन्होने इन देशों के प्रत्येक आर्थिक क्षेत्र में अपनी गहरी पैठ बनायी हुई है। जतिवादी राजनीति से लड़ने के लिए प्रलोभन व मुफ्तखोरी की राजनीति का सहारा लिया जा रहा है। जबसे दिल्ली में आम पार्टी ने मुफ्त बिजली व पानी देने की राजनीति शुरू की तो सारे जातिवादी राजनीतिक दल देखते रह गये तथा साम्प्रदायिक राजनीति भी धराशायी हो गई। अब प्रत्येक दल चुनावी घोषणा पत्रों में विकास की बात न करके सीधे सीधे मुफ्त में वस्तुऐं व सुविधाएँ प्रदान करने की बात करते है। छोटे बड़े राजनीतिक दल अपने जाति आधारित वोट बैंक को मुफ्त में सुविधाएँ देकर अपने हितों को साधने की कोशिश करते देखे जा सकते है। स्वतंत्रता के बाद से नित्य प्रति राजनीतिक दलों की संख्या बढ़ती जा रही है जो जाति विशेष की राजनीति करते है। सरकारी नौकरियों व अन्य सुविधाओं में जातिगत आरक्षण भी अब राजनीतिक दलों का प्रमुख राजनीतिक अस्त्र बन गया है। गत कुछ ही वर्षों में जाति, सम्प्रदाय तथा क्षेत्र विशेष को केन्द्र में रख कर राजनीति करने वाले राजनीतिक दलों की संख्या में बहुत बृद्धि हुई है। क्षेत्र में 3-5 प्रतिशत जाति विशेष के लोग भी राजनीतिक दलों का निर्माण करके राष्ट्रीय राजनीतिक दलों से वोटों की सौदेबाजी करते है जिससे सत्ता में किसी न किसी प्रकार से साझेदारी स्थापित हो जाये तथा राजनीति में उनके प्रतिनिधि दिखाई देने लगें तथा नारा लगाते है कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी परन्तु ऐसे राजनीतिक दल राजनीति में थोडी सी महत्वतता प्राप्त करने के उपरान्त ही स्वयं के परिवार तथा जाति विशेष के लोगों तक ही लाभ देने की लालसा करते देखे गये है। कितनी ही पीढियों तक अयोग्य लोग पार्टी का नेतृत्व परिवार के आधार पर करते रहते है। लोकतंत्र व भारतीय संविधान की घोर उपेक्षा करते हुए परिवारवादी सामंतशाही चलाये रखते है। देश के प्रमुख धर्म सनातन व इस्लाम दोनों ही अनेकों जातियों में विभामिजत है। हिन्दू समाज दलित, पिछड़ा, सवर्ण में बंट गया है। मुस्लिम समाज अजलाफ, अशरफ, अरजाल आदि में बंटा हुआ देख सकते है। मुस्लिम समाज के पसमांदा, शिया, सुन्नी इत्यादि में लामबंद होते रहते हैं जिससे मुस्लिम समाज में भी जाति व्यवस्था देखी जा सकती है। हिन्दू धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तित होने वाले लोग भी वहां पंहुच कर दलित के दलित ही रह जाते है। मतदाता को मतदान करते समय प्रत्याशी को जाति व सम्प्रदाय में नही तौलना चाहिए तथा देश हित में कार्य करने में सक्षम प्रत्याशी को ही मतदान करना चाहिए। प्रत्येक राजनीतिक दल मतदाताओं को उनकी जाति व धर्म के आधार पर मतदान करने का प्रलोभन देते रहते है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष

**संजीव**

**श्रम** संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैं' जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नावप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज मैं 3% नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है।

# कभी ये भी खाएँ

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**डाइट** एक्सपर्ट डॉक्टर फेंकूचंद कहते हैं कि विटामिन बाहरी हमलों से हड्डियों को मजबूत बनाने, शरीर को जुमला बाते सहने की एनर्जी देने और कई असहनीय बीमारियों से बचाने का काम करते हैं, लेकिन कन्फूजन यहां हो जाती है कि किन विटामिन का सेवन सेहत के लिए जरूरी है। अगर आपके मन में भी यही सवाल उठ रहा है तो परेशान न हों, हम आपको कुछ ऐसे जरूरी विटामिन के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। नीचे जानिए उनके बारे में-

**इन विटामिन को डाइट में शामिल करने से मिलेंगे शानदार फायदे –**

1. विटामिन सी यानी चाटुकारिता विटामिनः यह महत्वपूर्ण विटामिनों में से एक है, जो न केवल महंगाई के जमाने में सहने की इम्यूनिटी को बढ़ाने, बल्कि चमड़ी को गेंडे की माफिक एकदम मोटा बनाए रखने में मदद कर सकता है।

विटामिन चाटुकारिता की कमी को दूर करने के लिए व्हाट्सप समूहों, ट्विटर, सोशल मीडिया पर जाकर खट्टी-खट्टी बातें, कांटेदार फल, नागपुर के विशेष संतरों का लाभ उठाएँ। आपकी चाटुकारिता न सहने वाले को टमाटर से मारने के लिए विटामिन सी की प्रचुर उपलब्धता वाले सड़े-गले टमाटरों की पूरी व्यवस्था कर लें।

2. विटामिन के (कोई कुछ भी बोले) - हेल्थ एक्सपर्ट्स कहते हैं कि विटामिन के-कोई कुछ भी बोले की कमी से शरीर में कमजोरी महसूस होती है। दूसरे हम पर हावी होने लगते हैं। इसलिए आलाकमान का टीवी चैनल देखना और कोई कुछ भी बोले उसका मुँहतोड़ जवाब देने की सीख मिलती है। इसकी कमी को दूर करने के लिए आँखों पर हरी पत्तेदार सब्जियों के स्थान पर केवल केसरिया गाजर का सेवन करना पर्याप्त होगा। हरी सब्जियों से धार्मिक सद्भावना बिगड़ने की पूरी संभावना रहती है।

3.विटामिन ई (ईंट का जवाब पत्थर से) - विटामिन ई में सामने वाले की हड्डियाँ तोड़ने के गुण होते हैं, जो किसी भी प्रकार के हमले से बचाने और चमड़ी उधेड़ने और झोटा खिंचवाने से बचाता है। । यह गुण लाल मिर्च की तरह चेहरे के तमतमाने, मूंगफली की छिलकों की तरह अलग-अलग खेमों में बैठने का भरपूर अवसर देता है।

# विधायक सुरेंद्र का महिला रेलयात्रियों ने आभार जताया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**विधायक** सरेंद्र पंवार ने रेलवे स्टेशन सोनीपत पर पहुंचकर दैनिक रेलयात्रियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान दैनिक महिला रेलयात्रियों ने महिला स्पेशल ट्रेन पुनः शुरू होने पर विधायक सुरेंद्र पंवार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि विधायक सुरेंद्र पंवार के प्रयास से महिला स्पेशल ट्रेन पुनः शुरू हो गई है।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सोनीपत के प्रत्येक जन की आवाज उठाना उनकी जिम्मेदारी है।
रेलयात्रियों की अन्य समस्याओं व मांगों के समाधान के लिए भी प्रयासरत्त हूं, जल्द ही केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात कर अन्य मांगों व समस्याओं का भी समाधान करवाने का पूरा प्रयास करूंगा।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि कुछ समय पहले जब रेलवे स्टेशन,



सोनीपत पर दैनिक रेलयात्रियों की समस्याओं को सुनने के लिए पहुंचा था, तो उस दौरान बड़ी तादाद में दैनिक महिला रेल यात्रियों ने महिला स्पेशल ट्रेन पुनः शुरू करवाने की मांग की थी। उनका कहना था कि ट्रेन शुरू न होने की वजह से उनके गंतव्य तक पहुंचने में बड़ी परेशानियों का सामाना करना पड़ रहा है, कई बार मांग करने के बावजूद भी ट्रेन को शुरू नहीं किया जा रहा है। उनकी मांगों को लेकर बीती 21 अप्रैल को नार्दन रेलवे के जीएम से मुलाकात की। उन्होंने जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

विधायक सुरेंद्र पंवार मंगलवार को पुनः रेलवे स्टेशन सोनीपत पहुंचे और उन्होंने दैनिक रेलयात्रियों की समस्याएं सुनी और महिला स्पेशल ट्रेन शुरू होने पर दैनिक महिला रेलयात्रियों को शुभकामनाएं दी।
महिला रेलयात्रियों ने शनिवार के दिन भी महिला स्पेशल ट्रेन को अन्य दिनों की तरफ चलवाने की मांग की।
दैनिक रेलयात्रियों ने बताया कि बादली रेलवे स्टेशन पर झेलम व बठिंडा एक्सप्रैस का ठहराव किया जाए। पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से दोपहर के समय चलने वाली सवारी गाड़ी व बठिंडा एक्सप्रैस का समय पहले वाला ही किए जाने की मांग की। दैनिक रेलयात्रियों ने मंडी की तरफ बने टिकट काऊंटर को शुरू करवाने व मंडी की तरफ भी एक्सीलेटर लगवाने की मांग की।
रेलयात्रियों ने मांग की है कि दिल्ली से शाम के समय आने वाले पीएनजी व एचएनके निधार्रित समय पर पहुंचे। स्वराज एक्सप्रैस का सोनीपत में ठहराव किया जाए, इसके साथ ही अन्य मांगे भी रेल यात्रियों ने विधायक सुरेंद्र पंवार के समक्ष रखी। विधायक सुरेंद्र पंवार ने बताया कि जल्द ही केंद्रीय रेल मंत्री से मिलकर उक्त मांगों के अलावा सोनीपत से बनकर चलने वाली एस.डी.एस ट्रेन को शुरू करवाना, ट्रेनों की लेट-लतीफी को कम करवाना, सवारी गाड़ी के किराये में कमी करवाना, सोनीपत स्टेशन से गुरजने वाली सचखंड एक्सप्रेस, होशियापुर एक्सप्रैस, पठानकोट सुपरफास्ट ट्रेनों का सोनीपत स्टेशन पर ठहराव करवाना, हिमलायक्वीन एक्सप्रैस को शुरू करवाना सहित रेल यात्रियों की अन्य मांगों को पूरा करवाना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा।
ममलेश्वर अग्रवाल, पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद नीतू राजेश दहिया, पार्षद सूर्या दहिया, कमल हसीजा, पंडित स्नेही शर्मा, रवि कपूर, प्रेम रेलन, ममता राणा, अनिता परूथी, संजय, पंकज चावला, हरेंद्र राठी, सुनील वत्स, अशोक मित्तल, विजय शर्मा, नवीन सहित बड़ी तादाद में रेलयात्री मौजूद रहे।

# छावनी अटल कैंसर केयर की मनाई वर्षगांठ



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**सिविल अस्पताल** स्थित अटल कैंसर केयर को बने पूरा 1 साल हो गया है यह कैंसर केयर सैंटर अनेक लोगों को के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है। आज अटल कैंसर केयर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अस्पताल को गुब्बारों व रंगोली के साथ सजाया गया। डॉक्टरों व रोगियों ने केक काटते हुए अस्पताल का स्थापना दिवस मनाया गया। रोगियों ने सरकार द्वारा छावनी में बनाए गए अटल कैंसर केयर की सराहना की और सरकार का आभार जताया। आज इस अवसर पर डॉ राकेश सहल, डॉ विनय, डॉ यश पाल वर्मा सहित अनेक डॉ मौजूद थे।
अंबाला के सिविल सर्जन डॉ कुलदीप ने बताया कि विभिन्न प्रातों के लोग हिमाचल, उतराखंड उतर प्रदेश पजांब राजस्थान आदि से मरीज इस सस्थान में अपना ईलाज करवाने आ रहे है । इस कैसर सैटर की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले दिनों केरल व गुजतराज राज्य से मरीजो ने आकर यहां अपना सफल ईलाज करवाया है । इस संस्थान में सभी प्रकार के आप्रेशन टैंस्ट व ईलाज फ्री किये जाते है उन्होंने ने बताया कि बीते एक वर्ष में इस अवधि में लगभग 18,000 मरीजों ने ओ0पी0डी0 व 1500 से अधिक इन्डोर सुविधाओं का लाभ लिया है। यह हस्पताल 50 बैड से सुस्सजित है तथा 10 आई0सी0यू0 बैड भी मरीजो की सुविधा के लिये उपलब्ध है । इस अंतराल मे कैसर शल्य चिकित्सा की सुविधा भी अधिकाधिक जन मानस को दी गई जिसके लिये कैसर के सर्जन, स्तन कैसर सर्जन, पेट व आतों के कैसर सर्जन, न्यूरो सर्जन, प्लास्टिक सर्जन नाक कान व गले के सर्जन और दंतक सर्जन, स्त्री में होने वाले गर्भाशय व अण्डादानी के सर्जन की निरतंर उपलब्धता रही है । किसी भी प्रकार के कैसर होने पर उसका विशेषज्ञ कैसर डाक्टर यहां पर उपलब्ध है । कैंसर के मरीजो के लिये यहां पर नवीनतम पदति पर आधारित लैब मशीनस उपलब्ध है जिसके अन्दर सभी प्रकार के कैसर की जांच मुफ्त की जा रही है । इसमे कई टैस्ट तो प्राईवेट संस्थाओ में हजारा रुपये की कीमत के होते है । इस तरह की सुविधा प्रदान करने वाला यह हरियाणा का एक मात्र संस्थान है । इस संस्थान में रेडियोथैरेपिस्ट भी तैनात है जिनके कुशल मार्गदर्शन मे लगभग 2300 से अधिक मरीजों को कीमोथैरेपी व टारगेटिड थैरेपी दी गई है। अटल कैसर केयर हस्पताल में एक साल में लगभग 200 कैसर की सफल सर्जरी की गई है जिसमें से स्तन कैंसर सर्जरी, स्तन की बायोपसी, स्पाईन सर्जरी, गले व गर्दन की बायोपसी, पेट के कैसर की सर्जरी, दिमाग के कैंसर की सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, ओवेरियन सर्जरी, गले व गर्दन के कैसर की सर्जरी व गर्भाशय व अण्डेदानी, मुंह के कैसर बीनाईन टयूम्र की सर्जरी है।

## न्यूज फ्लैश

### गढ़ी केसरी में मोटरसाइकिल से टक्कर मारने के बाद फिर साथियों संग मिल की मारपीट

**गन्नौर:** शनिवार की रात को गढी केसरी प्रणामी मंदिर के पास घर जा रहे व्यक्ति की मोटरसाइकिल को एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद मोटरसाइकिल चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर व्यक्ति व उसके पिता और भाई के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। घायल ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर पुलिस को दी है। शिकायत में गांधी नगर के रहने वाले विजय ने बताया कि वह फाइनेंस कंपनी में काम करता है। 6 मई की रात को वह अपनी मोटरसाइकिल पर काम खत्म कर घर जा रहा था। जब वह गढ़ी केसरी स्थित प्रणामी मंदिर के पास पहुंचा तो सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसकी मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी और फरार हो गया। सूचना पर उसके स्वजन मौके पर पहुंचे तो आरोपित करीब सात-आठ लड़कों के साथ फिर से वहां आया और उसके पिता व भाई पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ग्लोबल विजन स्कूल अंसल की छात्रा ने राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में पदक जीता

**राई: ग्लोबल** विजन स्कूल अंसल सुशांत सिटी सेक्टर 61 की छात्रा ने दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेशों के करीब 15000 छात्रों ने भाग लिया था। जिसका परिणाम 22 अप्रैल को अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर न्यू दिल्ली में स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा गुरुशरण कौर को सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया। छात्रा गुरुशरण कौर की उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्य व स्टाफ ने बधाई देते हुए 1100 रुपएं की नकद राशि देकर उनका सम्मान किया। ग्लोबल विजन स्कूल की प्रधानाचार्य ने बताया कि स्कूल के छात्र शिक्षा के साथ-साथ खेलों व अन्य उपलब्धियों में पदक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। यह विद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात है।



### प्लॉग रन के जरीये गुरुग्राम के निवासी हरित भविष्य के लिए एक साथ आए

**गुरुग्राम:** गुरुग्राम के निवासियों के बीच जिम्मेदार वेस्ट मैनेजमेंट प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, शहर में प्रॉजेक्ट अलग करो के तहत प्लॉग रन का आयोजन किया गया था, जो कि जीआईजेड, टेट्रा पैक द्वारा समर्थित एक स्रोत पृथक्करण पहल है। कोका-कोला फाउंडेशन और साहस द्वारा गुरुग्राम नगर निगम के सहयोग से कार्यान्वित किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के प्लॉगमैन श्री रिपु दमन ने अलग करो स्वयंसेवकों, समुदाय के सदस्यों और विभिन्न स्कूलों के छात्रों के साथ भाग लिया और इसका नेतृत्व किया। आयोजन का उद्देश्य स्रोत पृथक्करण के महत्व और डंपिंग और कूड़े को कम करने में इसकी भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाना था। प्लॉग रन का उद्देश्य सड़कों की सफाई करना और लोगों को स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था।
श्री रिपु दमन ने इस आयोजन का हिस्सा बनने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, "मुझे अलग करो के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है, जो कि अपशिष्ट प्रबंधन के मामले में गुरुग्राम को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक अद्भुत पहल है। यह दौड़ सस्टेनेबिलिटी की ओर शहर की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भाग लेने वाले लोगों के उत्साह को देखकर मुझे खुशी हुई, और हम सभी ने अपने कूड़े को कम करने और प्लास्टिक प्रदूषण से लड़ने के लिए नियमित कदम उठाने का संकल्प लिया है । मैं गुरुग्राम के प्रत्येक निवासी से प्रतिज्ञा लेने और अच्छे कचरे प्रबंधन के तरीके को अपनाने का आग्रह करता हूं।" दौड़ स्मृति वाटिका पार्क, सेक्टर 55 से शुरू हुई और लगभग 1.7 किलोमीटर की दूरी तय की। प्रतिभागियों ने प्लास्टिक कचरा, रैपर और अन्य बायोडिग्रेडेबल कचरे सहित कुल 253 किलोग्राम सूखा कचरा एकत्र किया। एकत्रित कचरे को उचित निपटान और पुनर्चक्रण के लिए भेजा गया था।

# महाराणा प्रताप का जीवन समस्त देशवासियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत: निखिल मदान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मेयर निखिल** मदान ने मंगलवार को सभी नगर निगम वासियों को महाराणा प्रताप जयंती की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर मेयर निखिल मदान शहर के दिल्ली रोड स्तिथ महाराणा प्रताप चौक पहुँचे और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि मातृभूमि के लिए महाराणा प्रताप का त्याग,समर्पण और देशभक्ति बेमिसाल थी। उन्होंने जंगल



में रहकर घास की रोटी खाना स्वीकार किया लेकिन मुगलों की गुलामी स्वीकार नहीं की। ऐसे विराट व्यक्तित्व के महापुरुष को वो नमन करते हैं। साथ ही वो देश के युवाओं से अपील करते है कि वो महाराणा प्रताप जैसे महावीरों के जीवन से प्रेरणा लें और ऐसे महापुरुषों के पद चिन्हों पर चलने का प्रयास करें।
इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के हरियाणा अध्यक्ष सतपाल सिंह चौहान ने बताया कि महाराणा प्रताप ने अपना पूरा जीवन मुगलों के खिलाफ युद्ध में न्योछावर कर दिया। उन्होंने हल्दी घाटी की ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी लेकिन देश का गौरव नहीं झुकने दिया।
इस दौरान सत्यपाल चौहान, कर्मवीर सरोहा,पवन पाल चौहान ,अमित चौहान,जयदीप सिंह,विनय दहिया ,कुलदीप वत्स ,हेमंत सरोहा आदि लोग मौजूद रहे।

# पूर्व छात्रों द्वारा चलाई गई नेशनल डिफेंस एकेडमी की दो दिवसीय वर्कशॉप

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**मोतीलाल** नेहरू खेलकूद विधालय राई के 1998 बैच के छात्रों द्वारा विधालय परिसर में एनडीए (एसएसबी)की तैयारियों को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। खेल स्कूल राई के पूर्व छात्र कर्नल अम्बरीश और लाफ्टिनेंट कर्नल नीरज के द्वारा बच्चों को सेना में जाने के लिए प्रेरित किया गया व एसएसबी से संबंधित पूछे जाने वाले सवालों के बारे में जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य व निदेशक कर्नल अशोक मोर ने पूर्व छात्रों का धन्यवाद करते हुए कहा कि भारतीय सेना के प्राक्रम के बारे में बच्चों को बताया। कर्नल मोर ने बच्चों का मार्गदर्शन करते



हुए बताया कि परीक्षा को गणित और सामान्य योग्यता केदो पेपरों में विभाजित किया जाता है। इसका उद्देश्य किसी उम्मीदवार को उसकी तार्किक क्षमता और सामान्य जागरूकता पर निर्णय देना है। गणित के पेपर में 300 अंक होते हैं जबकि जनरल एबिलिटी टेस्ट में 600 अंक होते हैं। लिखित परीक्षा 900 अंकों की होगी।

# नव ज्योति शिक्षा सदन का स्थापना दिवस पर हवन यज्ञ का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**नव** ज्योति शिक्षा सदन खुबडू भांवर का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दिनेश शास्त्री ने हव यज्ञ करके की। जिसमें छात्रों ने मुक्त कंठ से श्लोकोचारण एवं मंत्रोचारण द्वारा वातावरण को भव्य एवं दिव्य बनाया। छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। बच्चों ने ग्रीटिंग कार्ड, पोस्टर और मॉडल तैयार किए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की कक्षा 12वीं की मेधावी छात्रा तन्वी एवं महक ने किया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। छात्रा साक्षी, निक्की,लक्की एवं अंशिका ने



अपने वक्तव्य एवं कविताओं से सदन के प्रति अपनी भावनाओं का परिचय दिया। विद्यालय प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने कहा कि विद्यालय की शुरूआत समिति के प्रेरणा स्त्रोत ब्रह्मलीन पूज्य आचार्य देवीदत्त वत्स, प्राचार्य सोमनाथ संस्कृत महाविद्यालय जींद एवं पंडित राम सिंह जी के पावन सानिध्य में 8 मई 2003 को भूमि पूजन एवं शिलान्यास हुआ। आज स्कूल के विद्यार्थी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में ऊंचे पदों पर कार्यरत हैं।

# महिलाओं को दी सुरक्षित मातृत्व की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार) अंबाला** छावनी के नागरिक अस्पताल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत कार्य क्रम आयोजित किया गया जिसमें गभवर्ती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच करते हुए उन्हें गुड़ चना दिया गया और साथ ही उन्हें विभिन्न रोगों के प्रति जागरूक किया गया तथा परिवार नियोजन के उपाय बताए गए।
अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल के डॉ रचना बंसल ने महिलाओं को बताया कि हर महीने की 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गभवर्ती महिलाओं की जांच की जाती है।

# गांधी नगर के रिहायशी क्षेत्र में फैक्ट्री चलने से मकान में आई दरार, सीएम विंडो पर दी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**गांधी नगर** में रिहायशी क्षेत्र में फैक्ट्री चलने से मकान में दरार आ गई। फैक्ट्री के संचालन से आस-पास ध्वनि प्रदूषण भी हो रहा है। सीएम विंडो पर इससे परेशान हो कर एक पड़ोसी ने शिकायत दे कर कार्रवाई करने की मांग की।
जिसके बाद नगरपालिका मौके पर पहुंची और फैक्ट्री को बंद करवा दिया। फैक्ट्री संचालक ने उस समय लिख कर दिया था कि वह अगर दोबारा फैक्ट्री चलाएगा तो उसका जिम्मदार वह स्वयं होगा, लेकिन इसके बावजूद भी 15 दिन



बाद फैक्ट्री संचालक ने फिर से फैक्ट्री को चालू कर दिया। ऐसे में शिकायतकर्ता ने एक बार फिर से सीएम विंडो पर शिकायत दे कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।
शिकायत में वार्ड 1 गांधी नगर के रहने वाले विष्णू कुमार ने बताया कि उसके मकान के साथ एक व्यक्ति ने गलत तरीके से रिहायशी क्षेत्र में धागा फैक्ट्री स्थापित कर दी है। फैक्ट्री में हर समय मोटरें व मशीनें चलती है। जिससे उसके मकान में धड़कन पैदा होती है। उसके मकान में दरारें आनी भी शुरू हो गई हैं। जिससे उसका मकान भी गिरने का डर बना हुआ है। वहीं फैक्ट्री से आने वाले शोर से उनके बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। जब फैक्ट्री संचालक से इस बारे में बात की तो उसने मकान छोड़ कर दूसरी जगह जाने की धमकी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री से फैक्ट्री संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# आदर्श गांव दातौली में सफाई व्यवस्था होगी बेहतर



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**आदर्श गांव** दातौली में सफाई व्यवस्था को ओर बेहतर करने के लिए ग्राम पंचायत ने करीब 10 लाख रुपए की लागत से दो ट्रैक्टर ट्रॉली व 1 लाख 50 हजार रुपए की लागत से ई रिक्शा खरीदी है। विधायक निर्मल चौधरी ने सोमवार को यह ट्रैक्टर ट्रॉली ग्राम पंचायत को सौंपी। पहले पंचायत के पास कूड़ा कचरा एकत्र करने के लिए बड़ा वाहन नहीं था, अब ट्रैक्टर ट्रॉली मिलने से यह समस्या दूर हो गई है। ग्राम पंचायत की ओर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव डाला गया था। जिसकी अनुमति मिलने के बाद पंचायत ने 7 लाख 70 हजार रुपए की लागत से दो ट्रैक्टर लगभग दो लाख रुपए की कीमत से दो ट्रॉली और एक ई रिक्शा खरीदी।
सोमवार को ट्रैक्टर ट्रॉली को पंचायत को सौंपने के लिए विधायक निर्मल चौधरी के साथ, नपाध्यक्ष अरूण त्यागी व बीडीपीओ पूनम चंदा पहुंची। विधायक का गांव में पहुंचने पर सरपंच गीता गोस्वामी व सरपंच प्रतिनिधि लोकेश गोस्वामी सहित पंचायत के सदस्यों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। उन्होंने सरपंच गीता गोस्वामी को टैक्ट्ररों की चाबी सौंपी और ट्रैक्टरों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने कहा कि भारत स्वच्छता मिशन के तहत हर नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह अपने आस पास की साफ सफाई पर ध्यान दें।

# जठेड़ी में कूड़ा उठाने वाली गाड़ी का सरपंच ने किया शुभारंभ

## योगेश जठेड़ी ने गांव की सबसे बुजुर्ग महिला धनों देवी के सहयोग से किया

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**गांव जठेड़ी** में पंचायत द्वाराघर घर से कूड़ा उठाने के लिए एक गाड़ी का शुभारम्भ गांव सरपंच योगेश जठेड़ी ने गांव की सबसे बुजुर्ग महिला धनों देवी के सहयोग से किया। सरपंच ने गांव के गाड़ी चालक रवींद्र को गाड़ी की चाबी सौपकर नारियल तोड़ हरि झंडी दिखाई। महिला ग्रामसभा में घर से कूड़ा उठाने की डिमांड को पूरा किया गया। गाड़ी चलने पर गांव की महिलाओं में बहुत ही खुशी है। महिलाओं ने ग्राम पंचायत के इस सराहनीय कदम का स्वागत किया



। सरपंच योगेश जठेड़ी ने बताया की गाड़ी गांव की सफाई में मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाये गये स्वच्छ भारत अभियान की तरफ एक बेहतरीन कदम है। ग्राम सचिव सुरेंद्र ओहल्यान ने बताया की गांव में जल्द कूड़ा करकट डालने के लिए एक शैड का निर्माण किया जायेगा । जहां पर कूड़े को अलग अलग करवाने की मैनेजमेंट होगी व कूड़ा ऊर्जा का स्त्रोत बनेगा। सरपंच योगेश ने बताया की जल्द सूखे व गीले कूड़े को डालने की व्यवस्था करवाई जाएगी। इस मौके पर राई के विधायक मोहनलाल बड़ौली ने पंचायत को सराहनीय कार्य करने पर शुभकामनाएं दी और कहा कि उनकी सरकार से मांग है कि उनके हलके के प्रत्येक गांव में ऐसी व्यवस्था की जाए।

# लायन्स क्लब गौरव द्वारा राहगीरों को गन्ने का रस पिलाकर गर्मी से निजात दिलाई

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**लायन्स** क्लब गन्नौर गौरव द्वारा रेलवे रोड पर श्री राधे फैशन स्टूडियों के सामने गर्मी के मौसम में राहगीरों के लिए निशुल्क गन्ने का रस पिलाया। राहगीरों ने गर्मी में ठंडा रस पीने के बाद क्लब द्वारा किए गए कार्य की सराहना की।
क्लब की प्रधान शालू वधवा, सचिव भावना जग्गा, कैशियर डिम्पी मल्होत्रा, सर्विस चेयरपर्सन रूचिका बत्रा ने क्लब के प्रोजेक्ट का राहगीरों को जूस पिलाकर किया। क्लब के पदाधिकारी हरीश वधवा, अंकित मल्होत्रा, अमित बत्रा, तरूण, गीता चुघ आदि ने सहयोग किया। कार्यक्रम में पहुंचे मन्नत ग्रुप के चैयरमैन एवं समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने क्लब द्वारा किए कार्य की सराहना की। कादियान ने कहा कि क्लब समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर हरी है। क्लब की प्रधान शालू वधवा ने क्लब की पदाधिकारियों के साथ मिलकर पिछल्ले एक साल से बहुत ही सामाजिक कार्य करने के साथ जरूरतमंद लोगों की मदद की है। क्लब के माध्यम से महिलाओं ने आगे आकर समाज सेवा का बीड़ा उठाया है, वो काबिले तारीफ है। क्लब के प्रधान शालू वधवा ने कहा कि इसमें क्लब के सभी सदस्यों का पूरा सहयोग मिल रहा है।

# नगरपालिका ने अपनी 1380 वर्ग गज जमीन से हटवाया अवैध कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर सोमवार** को नगर पालिका अधिकारियों ने नगरपालिका की जमीन पर वर्षो से चल रहे अवैध कब्जा को पुलिस की मदद से हटवा दिया। नगरपालिका द्वारा कब्जा हटाने के लिए तहसीलदार रविंद्र हुड्डा को बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। ड्यूटी मेजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पुलिस बल के सहयोग से नगरपालिका अधिकारियों ने अवैध कब्जे को पूरी तरह से हटवा दिया। नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि नगरपालिका की करीब 1380 गज जमीन पर पिछले कई सालों से एक पूर्व पार्षद ने अवैध कब्जा कर रखा था।

# श्रद्धा मर्डर केस की दिल्ली कोर्ट में सुनवाई जून से

## आफताब पर मर्डर और सबूत मिटाने का आरोप, उसने कोर्ट से कहा- आरोप गलत, ट्रायल हो

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**श्रद्धा** वालकर मर्डर केस में आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ दिल्ली की साकेत कोर्ट ने हत्या और सबूत मिटाने के आरोप तय किए हैं। एडिशनल सेशन जज मनीष खुराना कक्कड़ ने मंगलवार को कहा कि आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 (मर्डर) और 201 (अपराध के सबूत मिटाने) के तहत मामला बनता है। 24 जनवरी को पुलिस ने इस मामले में आफताब के खिलाफ 6,629 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने पर्याप्त सबूत पेश किए हैं, इसलिए आफताब पर मर्डर और सबूत मिटाने का केस बनता है। इस पर आफताब के वकील ने कहा कि वह मुकदमे का सामना करने के लिए तैयार है। दरअसल, नियम के तहत कोर्ट से आरोप तय होते ही आरोपी के पास दो विकल्प होते हैं। पहला- आरोप स्वीकार करने पर कोर्ट फौरन सजा सुनाती है। दूसरा- मुकदमे का सामना करना। आफताब ने आरोपों को नकार दिया और मुकदमे का सामना करने का विकल्प चुना। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई 1 जून को होगी।





**18 मई 2022 को मर्डर, शरीर के 35 टुकड़े कर फ्रिज में रखे थे:** आफताब पर आरोप है कि उसने 18 मई 2022 में अपनी लिव इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की गला घोंटकर हत्या की। बाद में उसके शरीर के 35 टुकड़े कर फ्रिज में रखे। फिर उन्हें जंगल में फेंक दिया। दिल्ली पुलिस ने 12 नवंबर 2022 को उसे गिरफ्तार किया था। 24 जनवरी को पुलिस ने इस मामले में आफताब के खिलाफ 6,629 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। जांच के दौरान दिल्ली पुलिस ने आफताब का नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट किया था, जिसमें उसने श्रद्धा की हत्या करने की बात स्वीकार की थी। मामले में पुलिस ने 150 से ज्यादा गवाहों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने आफताब का वाइस सैंपल भी रिकॉर्ड किया था, फिलहाल मामला कोर्ट में है।

**18 मई से पहले ही मारने का मन बना लिया था:** सूत्रों के मुताबिक, आफताब ने पुलिस के सामने कबूला कि मर्डर वाले दिन यानी 18 मई से एक हफ्ते पहले ही आफताब ने श्रद्धा को मारने का मन बना लिया था। उस दिन भी श्रद्धा और आफताब का झगड़ा हुआ था। उसने कहा था, 'मैंने 11 मई को ही उसे मारने की ठान ली थी कि वह अचानक से इमोशनल हो गई और रोने लगी। इसलिए मैंने तय किया कि अब इसे किसी और दिन मारूंगा।'

**श्रद्धा का इंस्टाग्राम अकाउंट अपडेट रखता था आफताब:** एक पुलिस अफसर ने कहा- आफताब ने पूछताछ में बताया कि वो वेब सीरीज और खासतौर पर क्राइम शोज देखने का आदी था।

इन्हीं को देखकर उसने श्रद्धा के बॉडी पार्ट्स को फ्रिज में रखने का तरीका सीखा। इतना ही नहीं इन्हीं सीरीज और शोज के जरिए उसने यह भी सीखा कि कैसे श्रद्धा को फैमिली और फ्रेंड्स की नजरों में जिंदा दिखाया जाए। इसके लिए वो श्रद्धा के इंस्टाग्राम प्रोफाइल और अकाउंट को अपडेट रखने के लिए उस पर पोस्ट करता रहता था। इसमें किसी ने उसकी मदद नहीं की थी।

**पिता को नहीं पता था कि बेटी कहां है...**श्रद्धा के पिता विकास ने कहा- मेरी उससे आखिरी बार 2021 में हुई थी। तब मैंने उससे पूछा था कि तुम्हारा लिव इन पार्टनर कैसा है। उसने ज्यादा कुछ नहीं बताया था। मुझे तो यह भी नहीं पता था कि वो दिल्ली शिफ्ट हो गई है।

उसकी एक दोस्त ने बताया कि श्रद्धा बंगलुरु में नहीं, बल्कि दिल्ली में है। आफताब को सबूत मिटाने के लिए बहुत वक्त मिल गया।

# दिल्ली पुलिस के हत्थे चढ़ा गैंगस्टर राकेश



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पानीपत में सरपंच के भाई समेत दो लोगों की मुंह मे गोली मारकर हत्या करने वाले गैंगस्टर राकेश को गिरफ्ता किया है। हरियाणा पुलिस ने उसपर 50,000 का इनाम रखा था।

**नंदू गैंग का नेटवर्क तोड़ने में भी लगी दिल्ली पुलिस:** द्वारका जिला पुलिस नंदू गैंग का नेटवर्क तोड़ने में जुटी है। बीते सप्ताह 300 पुलिस वालों ने दिल्ली-एनसीआर में 23 ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी सुबह से छावला बाबा हरिदास नगर नजफगढ़ झज्जर और सोनीपत में छापेमारी की गई। जहां से भारी मात्रा में कैश और हथियार बरामद हुए। मटियाला में बीजेपी नेता सुरेंद्र मटियाला की हत्या में कपिल सांगवान और नंदू गैंग का नाम सामने आया था। डीसीपी द्वारका एम हर्षवर्धन ने बताया कि द्वारका जिला पुलिस ने आज छापेमारी और तलाशी के दौरान बरामदगी के आधार पर शस्त्र अधिनियम और एनडीपीएस अधिनियम के तहत विभिन्न अपराधों के लिए 20 लोगों को हिरासत में लिया और छह अन्य को गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान एक बुलेटप्रूफ कार, सात राउंड के साथ तीन पिस्तौल, 22.4 ग्राम हेरोइन, 73 ग्राम एम्फेटामाइन और 20 लाख रुपये बरामद किए गए।

# जंतर मंतर पर 17वें दिन पूरा इलाका छावनी में तब्दील

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी दिल्ली** के जंतर मंतर पर पहलवानों को धरना देते हुए 16 दिन हो चुके हैं। पहलवानों के धरना प्रदर्शन का 17वां दिन है। पुलिस ने पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिस प्रकार से कल कुछ किसान प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग को तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की थी। उसी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा बढ़ाई गई है। दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों की संख्या बढ़ाई गई है। बैरिकेट्स को वेल्डिंग मशीन से सील कर दिया



गया है। जिससे वह अपनी जगह से हील न सकें। उल्लेखनीय है कि जंतर मंतर पर पहलवानों का धरना प्रदर्शन 23 अप्रैल को शुरू हुआ था। पहलवानों का कहना है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वो ऐसे ही धरने पर बैठे रहेंगे।

इसके अलावा अब किसान भी पहलवानों के समर्थन में उतर आए हैं। वहीं किसानों का कहना है कि 11 मई को देशभर में कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह का पूतला फूंकेंगे।

# मानसिक तनाव खो चुके हैं सीएम: वीरेंद्र सचदेवा

## भाजपा अध्यक्ष ने शराब घोटाले पर सीएम अरविंद केजरीवाल को दी बहस की चुनौती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री को बहस की खुली चुनौती दी है। कहा कि मनीष सिसोदिया को जमानत नहीं देने के कोर्ट के आदेश पर वह खुली बहस के लिए आगे आएं। बंगला घोटाला उजागर होने के बाद आम आदमी की छवि को पूरी तरह खो देने के कारण वे मानसिक तनाव में है। शराब घोटाले के दो आरोपियों को जमानत मिलने के आदेश का बार-बार हवाला दे रहे है। सचदेवा ने कहा कि शराब घोटाले



से इन्कार करने के लिए दो आरोपियों के जमानत आदेश का तो जिक्र मुख्यमंत्री व उनकी पार्टी कर रही है, लेकिन सिसोदिया को जमानत देने से इन्कार करने वाले अदालत के आदेश की अनदेखी कर रहे हैं।




मेरा बूथ-सबसे मजबूत: उत्तर पश्चिम जिले द्वारा मेरा बैठक का आोजन किया गया।

# आप की छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में मांग, भाजपा पर नरमी बरतने का आरोप

## आप ने इस मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भूमिका की जांच करने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ रुपये के शराब घोटाले के पर्दाफाश पर भाजपा पर नरमी बरतने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं, आप ने इस मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भूमिका की जांच करने की मांग की है। आप का कहना है कि छत्तीसगढ़ में आबकारी विभाग की मिली भगत से शराब घोटाले को अंजाम जा रहा था।

**दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज का सीएम बघेल और राहुल गांधी पर निशाना साधा:** आप नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाले पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ में शराब का कारोबार प्राइवेट नहीं, बल्कि सरकारी रूप से चलता है। यहां 800 सरकारी दुकानें और छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीएसएमसीएल) है। इस सरकारी कॉर्पोरेशन के ऊपर गंभीर आरोप लगे है। शराब घोटाले को अंजाम देने के लिए आबकारी विभाग में ऐसे अधिकारियों को लगाया गया। जिन्हें डराकर काम करवाना




आसान हो। इस बात को स्पष्ट रूप से अधिकारियों के नामों के साथ मीडिया रिपोर्ट्स में भी लिखा गया है।

### गंभीर आरोप लगाएं

= आप का कहना है कि छत्तीसगढ़ में आबकारी विभाग की मिली भगत से शराब घोटाले को अंजाम जा रहा था

**छत्तीसगढ़ शराब घोटाले पर सीएम बघेल से पूछे सवाल:** उन्होंने बताया कि इस शराब घोटाले में रायपुर के मेहर का भाई शामिल है। लिहाजा सवाल यह उठता है कि क्या मेयर का भाई किसी आबकारी आयुक्त को बदलवा सकता है? क्योंकि एक पूर्ण राज्य में आबकारी आयुक्त को बदलने की शक्ति सिर्फ मुख्यमंत्री के पास होती है। एक पूर्ण राज्य में बड़े पदों पर नियुक्ति मुख्यमंत्री ही तय करते हैं। छत्तीसगढ़ के मामले में एक ऐसे अधिकारी को आबकारी आयुक्त बनाया गया जो आसानी से बात सुन सकें और फिर उनकी देख-रेख के अंदर एक ऐसा सिंडिकेट चलाया गया। जिसके अंदर प्राइवेट शराब की भट्टी (डिस्टिलरी), एफएल-10 लाइसेंट होल्डर, राज्य स्तर और जिले स्तर के आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और बोतल और होलोग्राम बनाने वाले लोग शामिल थे।

# अमेरिकी महिला से रेप: दूतावास के दखल पर टूरिस्ट गाइड काबू



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के शा**हदरा जिला के विवेक विहार इलाके में अमेरिकी महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। 62 वर्षीय महिला ने टूरिस्ट गाइड पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसकी अश्लील फोटो व वीडियो लेकर उसे ब्लैकमेल कर 35 हजार यूएस डॉलर भी वसूल लिये। महिला 2017 से 2022 के बीच कई बार भारत आई। इस दौरान वह आरोपी के साथ रही, लेकिन जब पीड़िता को आरोपी की हकीकत का पता चला तो उसने मामले की शिकायत आगरा पुलिस से की। पुलिस ने उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में अमेरिकी दूतावास ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने दुष्कर्म समेत दूसरी धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी शाहदरा निवासी गगनदीप (32) को गिरफ्तार कर लिया है। गगनदीप को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खुद दिल्ली पुलिस आयुक्त मामले पर नजर बनाए हुए हैं। जांच के बाद आगे कार्रवाई की बात की जा रही है।

**2017 की शुरूआत में आई थी भारत:** पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वह अमेरिकी नागरिक है।

उसके पिता व पति की मौत हो चुकी है। वर्ष 2017 के शुरूआती माह में वह अपने रिश्तेदार के साथ घूमने के लिए भारत आई थी। इस बीच वह अलग-अलग जगह घूमती रही।

# भाजपा नेता समेत बिना लाइसेंस के चल रहे थे 16 फार्म हाउस




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सोनिया** विहार इलाके में वर्षों से बिना लाइसेंस के चल रहे 16 फार्म हाउस को एसडीएम करावल नगर ने बंद करवा दिया है। इसमें भाजपा के उत्तर पूर्वी जिले के महामंत्री डा. यूके चौधरी का सुमित्रा फार्म हाउस भी शामिल हैं। सोनिया विहार थाना पुलिस ने इन फार्म हाउस की सूची एसडीएम को सौंपी थी। जिसपर एसडीएम ने कार्रवाई की। फार्म हाउस चालकों को 15 मई तक नगर निगम समेत अन्य विभागों से लाइसेंस लेने का समय दिया है। समय अवधि पूरी होने के बाद इन्हें सील कर दिया जाएगा। जो फार्म हाउस बंद करवाए गए हैं, वह नगर निगम, पुलिस, प्रशासन समेत कई विभागों की मिलीभगत से पिछले कई वर्षों से धड़ल्ले से चल रहे थे। नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही थी। उनके पास न तो लाइसेंस था, न ही दमकल विभाग से प्रमाण पत्र लिया हुआ था। सवाल उठता है कि जब फार्म हाउस चालकों के पास लाइसेंस नहीं थे इनमें समारोह कैसे हो रहे थे। जिन अधिकारियों पर नियमों पा पालन करवाने की जिम्मेदारी थी उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। एसडीएम करावल नगर संजय सोंधी ने बताया कि पुलिस की तरफ से प्रशासन को सूची दी गई थी जिसमें बताया गया था कि सोनिया विहार व उसके आसपास के क्षेत्र में कितने फार्म हाउस बिना लाइसेंस के चल रहे हैं। उन फार्म हाउस के संचालकों को पिछले दिनों नोटिस जारी कर लाइसेंस, अग्निशमन प्रमाण पत्र व अन्य जरूरी कागजात प्रशासन को दिखाने को कहे थे। न दिखाने पर आदेश जारी कर 16 फार्म हाउस को बंद करवा दिया गया है।

### बंद करवाई

= फार्म हाउस चालकों को 15 मई तक नगर निगम समेत अन्य विभागों से लाइसेंस लेने का समय दिया है

# बैग छीनने का विरोध करने पर शख्स की गोली मारकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तरी** जिले के सिविल लाइन इलाके में बैग छीनने का विरोध करने पर बदमाशों ने एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी। बदमाश वीआइपी इलाके में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। मृतक का नाम वीरेंद्र सिंह रावत (55) के रूप में हुई है। घटना की सूचना सिविल लाइंस थाना पुलिस को दी गई, जिसपर पुलिस, एफएसएल व क्राइम टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल चश्मदीद के बयान और सबूतों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच




की जा रही है। डीसीपी सागर सिंह कलसी ने मंगलवार को बताया कि सिविल लाइन थाना इलाके में राजपुर रोड पर सोमवार शाम करीब 7:15 बजे बाइक सवार वीरेंद्र सिंह रावत को बदमाशों ने गोली मारकर बैग छीनने की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस को घटना की सूचना मृतक के परिजन मनोज ने दी। शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर पुलिस ने आईपीसी धारा 302/397/34 व 247 आर्म्स एक्ट के मामला दर्ज कर लिया है और आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। मृतक के भाई ने बताया कि वीरेंद्र हर रोज की तरह शाम के समय अपने काम से घर आ रहा था। इसी दौरान स्कूटी सवार बदमाशों ने पीछाकर के वारदात को अंजाम दिया। वहीं मृतक के परिजनों का कहना है कि पुलिस, दिल्ली के लोगों की सुरक्षा का दावा करती है, लेकिन इसके बावजूद सिविल लाइंस जैसे इलाके में बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दे दिया।

घटना सिविल लाइन थाने से एक किलोमीटर की दूरी पर हुई।

### जांच जारी

= बदमाश वीआइपी इलाके में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। मृतक का नाम वीरेंद्र सिंह रावत (55) के रूप में हुई है

# डरावनी कहानियों से जुड़ा है दिल्ली की 'हांटेड वॉक' का इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** का हर एक नगर अपने में इतिहास का पूरा एक कालखंड समेटे है। अगर बात राजधानी दिल्ली की करें तो महाभारत काल से यह क्षेत्र महत्वपूर्ण रहा है। दसवीं शताब्दी के बाद विदेशी आक्रांताओं के यहां आने और फिर बस जाने की कहानी हर किसी को जुबानी याद है। लेकिन, यहां शासन करने वालों की बनाई इमारतों से पांच सौ से अधिक सालों में कई कहानियां और जुड़ गई हैं। इन कहानियों को लोगों को पहुंचाने के लिए और इतिहास से रूबरू कराने के लिए दिल्ली टूरिज्म टूरिज्म ट्रांसपोर्टेशन डेवलपमेंट कारपोरेशन (डीटीटीडीसी) हांटेड वॉक लेकर आया है। अगर आप डरावनी कहानियों में यकीन रखते हैं। ऐतिहासिक स्थानों में दिलचस्पी भी है तो आप इसका हिस्सा बन सकते हैं। इसकी शुरूआत नई दिल्ली इलाके में फिरोजशाह तुगलक के बनाए मालचा महल से की गई है। इसके बाद सेंट्रल रिज क्षेत्र में स्थित भूली भटियारी, फिरोजशाह कोटला और तुगलकाबाद के किले में इस वॉक की शुरूआत की जाएगी।

**डीटीटीडीसी की वेबसाइट से करें बुकिंग:** वॉक के लिए डीटीटीडीसी की वेबसाइट से बुकिंग की जा सकती है। इसके लिए एक हजार रुपये शुल्क रखा गया है। मालचा महल का रास्ता सरदार पटेल मार्ग के पास से होकर जाता है। यह इलाका वन विभाग के अधीन है। चारों ओर जंगल फैला हुआ है। बीच में एक सराय बनी है। जिसे फिरोजशाह



तुगलक ने 1325 में शिकारगाह के तौर पर बनाया था। डीटीटीडीसी ने यहां हुई घटनाओं के चलते इसे हान्टेड हाउस माना है। इसलिए इसे हांटेड वॉक नाम दिया है।

**"दहलीज शब्द से आया दिल्ली का नाम":** इसकी शुरूआत मुख्य प्रवेश द्वार से होती है। बीच में डामर की टूटी-फुटी सड़क है। चारों ओर जगंल है। यहां बड़ी तादाद बंदर दिखाई पड़ते हैं। इन्हीं के बीच से गुजरकर मालचा महल ले जाया जाता है।

निष्ठा जोशी को इस वॉक के समन्वयन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे एक कहाानियों के जरिये पर्यटकों को बांधने का काम करती हैं। वॉक की शुरूआत में वो बताती हैं कि दिल्ली का नाम दहलीज शब्द से आया है। मध्य एशिया से आक्रांता आने पर लोग आगरा, ग्वालियर जैसे इलाकों में चले जाते थे। दक्षिणी हिस्से से हमला होने पर अंबाला के जरिये लााहौर और काबुल तक पहुंचा जा सकता था। सब यहीं से इसी इलाके से गुजरते थे। दहलीज का अपभ्रंश बाद में दिल्ली हो गया। वे अपनी अंदाज से पर्यटकों को खूब बांधती हैं। कहती हैं यह इलाका सेंट्रल रिज क्षेत्र कहलाता है। एक तरफ यमुना नदी और दूसरी तरह अरावली की पहाडियों से घिरा है।

**दिल्ली में बनाई गईं थी 7 राजधानियां:** दिल्ली में सात राजधानियां बनाई गईं थी। यह इलाका उनमें से एक है। जिसे फिरोजशाह तुगलक ने बनाया था। वे पर्यटकों के साथ कुछ सौ मीटर आगे बढ़ती हैं और इस इलाके के हान्टेड होने की दास्तां बयां करती हैं। वे शुरूआत 1978 में घटे रंगा-बिल्ले के कारनामे से करती हैं। कहती हैं जिन दो लड़कियों के साथ दुष्कर्म कर हत्या उन्होंने की थी, उन्हें इसी जंगली इलाके में लाया गया था। वे कहती हैं यहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों को आज भी कुछ आहटें आती हैं। हालांकि वे कही-सुनी बातों का जिक्र करती हैं और डरावनी कहानियों को आपके विश्वास पर छोड़ देती हैं। आगे बढ़ते हुए वे राष्ट्रपति भवन जो अंग्रेजों के शासन के वक्त वायसराय का घर हुआ करता था तब का किस्सा सुनाती हैं। निष्ठा बताती हैं यहां गांव हुआ करते थे। जिनमें 189 घर थे।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के अंतर्गत कम्युनिटी सेंटर धनाना में मेले का आयोजन किया गया। जिसमें जानकारी मिलने तक 131 लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन सम्बंधित विभागों से स्कीम का लाभ लेने के लिए करवाया है, ताकि वे स्व-रोजगार कर सके। अतिरिक्त उपायुक्त सचिन गुप्ता द्वारा मेले के निरिक्षण के दौरान सम्बंधित अधिकारिओ को निर्देश भी दिए की वे लाभार्थीओ को सभी मौजूदा स्कीम एवं अन्य रोजगार योजना के बारे मे अच्छे से जानकारी दें। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभाग से सम्बंधित योजनाओं को डिस्पले करने के साथ ही लाभथीर्यों को योजनाओं की जानकारी भी दी गई। जिससे कि पात्र लोग उन योजनाओं का लाभ उठा सके।

इस दौरान बीडीपीओं किन्नी गुप्ता ने भी मेले में आए लाभार्थी परिवारों से भी बातचीत की और उनसे मेले में मिलने वाली सेवाओं के लाभ बारे फीडबैक लिया। बीडीपीओं ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत अंत्योदय मेलों का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त के निदेशार्नुसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजीकरण करवाने वाले लाभार्थी परिवारों के आवेदन मौके पर ही संबंधित विभाग व एलडीएम को भेजे जा रहे हैं, ताकि लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं व सेवाओं का लाभ मिलने में देरी ना हो।

इस दौरान विभिन्न विभागों के कर्मचारी भी मौजूद रहे तथा मेले में आए लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

### पात्र परिवारों की आय बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : एडीसी

**पानीपत: सरकार** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में अंत्योदय की भावना के साथ गरीब परिवारों की आय बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों के माध्यम से समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिलाभर में 15 मई तक सभी खंडों और शहरी क्षेत्रों में अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पीपीपी के माध्यम से चिन्हित परिवारों को आमंत्रित करते हुए योजनाओं की जानकारी देकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है। एडीसी वीना हुड्डा ने कहा कि यह योजना प्रदेश में गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए लागू की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य अंत्योदय की भावना से जरूरतमंद को आर्थिक रूप से लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को आजीविका के संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए अंत्योदय मेले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोडने में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंत्योदय मेलों में 18 विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों पर ज्यादातर लोग रोजगार, स्किल डेव्लपमेंट तथा स्वरोजगार हेतु ऋण लेने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि 9 मई को समालखा के बीडीपीओ कार्यालय में 216 चिन्हित पात्र परिवारों के लिए अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का आयोजन किया गया। इसमें समालखा ब्लॉक में 216 परिवारों में से 140 परिवारों के सदस्य तथा समालखा नगर पालिका क्षेत्र में 50 परिवारों में से 15 परिवारों के सदस्य पहुंचे।

### सीएमआर एकेडमी गुमड़ की टीम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में किया तीसरा स्थान प्राप्त

**गन्नौर: हांसी** में हुई राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में सीएमआर एकेडमी गुमड़ की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। टीम का एकेडमी में पहुंचने पर एकेडमी के कोच इन्द्र सिंह व खेल प्रेमियों ने स्वागत किया। कोच इंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में 50 किलो भार वर्ग में विभिन्न जिलों की 50 टीमों ने भाग लिया। सी एम आर एकेडमी गुम्मड़ की टीम ने खेलते हुए पहला मैच पावड़ा हिसार की टीम के साथ खेला। जिसमें टीम ने 6 अंकों के अंतर से जीत हासिल की। इसके बाद उकलाना को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। उसके बाद दानाकला को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### गोदरेज एग्रोवेट ने टिकाऊ तरीके से कपास उत्पादन के लिए प्रमुख ब्रांड पाइना लॉन्च किया

**फतेहाबाद।** गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (जीएवीएल) के फसल संरक्षण व्यवसाय ने आज टिकाऊ कपास उत्पादन के लिए प्रमुख ब्रांड, पाइना लॉन्च किया। विभिन्न बाजारों में चुनिंदा कपास जड़ी – बूटियों की अवधारणा स्थापित करने में अग्रणी, जीएवीएल अपने तीन कपास खरपतवार प्रबंधन उत्पादों हिटवीड, हिटवीड मैक्स और मैक्सकोट को पाइना ब्रांड के तहत बिक्री करेगा। प्रारंभिक अवस्थाओं में कपास की फसलें धीरे-धीरे बढ़ती हैं। इसके अतिरिक्त, फसलों के बीच व्यापक अंतर के कारण, खरपतवार कपास की उपज को 45 -50% तक प्रभावित करते हैं। पाइना ब्रांडों द्वारा बीज बुवाई से लेकर फूल फूलने और फसल तक के चरणों के लिए व्यापक रूप से खरपतवार प्रबंधन विकल्पों के साथ, किसान अब लंबी अवधि तक खरपतवार मुक्त फसल प्राप्त कर सकते हैं।

# 'नशे की कमर तोडने पर होगा काम'

## नशे की गैर-कानूनी दवाईयों की मांग और आपूर्ति पर कसा जाएगा शिकंजा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। नशे** की कमर तोड? के लिए जिला प्रशासन एक नेशनल प्लान पर काम करने जा रहा है। इसके तहत जिला में नशे की गैर कानूनी दवाईयों की मांग और आपूर्ति पर शिकंजा कसा जाएगा। मंगलवार को एनकोर्ड (नेशनल कोर्डिनेशन सेंटर) की एक मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने यह जानकारी दी।



**क्या है नेशनल प्लान- एडीसी** ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत देश के 272 जिले चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से करनाल भी एक है। वर्ष 2018 में एम्स के माध्यम से सर्वाधिक नशा करने वाले व्यक्तियों के जिलों का एक सर्वे करवाया गया था, जिसमें यह पाया गया कि देश में जिस कदर अपराधों की संख्या बढ़ रही है, उनमें एक बड़ा कारण नशे का है। इसके बाद बीते वर्ष इस प्लान को लागू करने की तैयारियां शुरू हो गई। हरियाणा के सोनीपत में इसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया है और अब करनाल इसे क्रियान्वित करने जा रहा है।

उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार की ओर से इसके लिए 200 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की गई है, प्लान पर काम करने के लिए जिला को 75 लाख रुपए की राशि मिलेगी। उन्होंने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसाईटी और नागरिक अस्पताल में संचालित नशा मुक्ति केन्द्र, आवेदन का ड्राफ्ट तैयार करेंगे और फिर जिला स्तरीय कमेटी की अनुशंसा के बाद इसे केन्द्र सरकार को भेजा जाएगा। नशा मुक्ति एवं

**▶▶ काउंसलिंग कर बताया गया कि नशा मुक्ति केन्द्र में ऐसे व्यक्तियों का नि:शुल्क ईलाज किया जाता है**

परामर्श केन्द्र नशे से ग्रस्त व्यक्तियों का करेंगे तैयार डाटा- मीटिंग में अतिरिक्त उपायुक्त ने सिविल अस्पताल में नशा मुक्ति केन्द्र के प्रभारी डॉ. मनन गुप्ता को निर्देश दिए कि नशे से ग्रस्त कितने व्यक्तियों ने नशा मुक्ति केन्द्र में आकर रजिस्ट्रेशन करवाया। कितने लोग नशा छोड़ गए और कितनों का पुनर्वास हुआ, इसका एक व्यापक डाटा तैयार करें। डाटा में जिला और उपमण्डल स्तर पर चलाए जा रहे नशा मुक्ति केन्द्रों में आए रोगियों की संख्या भी होनी चाहिए।

कलसौरा के बाद अब गोंदर गांव होगा नशा मुक्त- डॉ. मनन गुप्ता ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कलसौरा गांव को नशा मुक्त करने के बाद अब जिला के गांव गोंदर को अपनाया गया है। गत दिनो गांव में नशे से ग्रस्त व्यक्तियों का पता लगाने के लिए टीम करीब 35 घरों में गई। अधिकांश लोगों ने नशा मुक्ति केन्द्र को लेकर अज्ञात भय के कारण पूरी जानकारी नहीं दी। उन्हें काउंसलिंग कर बताया गया कि नशा मुक्ति केन्द्र में ऐसे व्यक्तियों का नि:शुल्क ईलाज किया जाता है, डर की कोई बात नहीं है, न ही किसी के साथ कोई ज्यादतती की जाती है।

## लिटल एंजल्स की छात्रा का नेट बॉल चैंपि. के लिए हुआ चयन

**लिटल** एंजल्स स्कूल की छात्रा खुशी दहिया को एशियन यूथ नेट बॉल चैंपियनशिप 2023 के लिए चुन लिया गया। यह प्रतियोगिता 10 जून से 17 जून तक जेओंजू कोरिया में आयोजित होगी। खुशी दहिया के इस चयन से विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। गाँव गढ़ीबाला की खुशी दहिया के माता-पिता ने अपनी बेटी के चयन से अत्यधिक प्रसन्न थे । उन्होंने कहा की विद्यालय प्रशासन के द्वारा प्रदान की गई खेल सुविधाओं के कारण ही ऐसा मुमकिन हो पाया। नेटबॉल कोच मीनाक्षी ने बताया कि खुशी एक बहुत ही मेहनती खिलाड़ी है और आने वाली इस चैंपियनशिप के लिए भी वह कड़ी मेहनत कर रही है और इस चैंपियनशिप में भी उससे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। विद्यालय के चेयरमैन श्री तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ विशाल गर्ग व प्रधानाचार्य आशा गोयल ने खुशी को बधाई दी और कोरिया में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। अधिक जानकारी के लिए आप नेटबॉल कोच मीनाक्षी से 8814079530 पर संपर्क कर सकते हैं।



## सेक्टर 4 निवासियों ने समस्या को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**सेक्टर 4** निवासियों की समस्याओं का ज्ञापन विकास मंच ने नगरपालिका अध्यक्षा रिंकी वालिया को सौंपा। अध्यक्षा ने मंच को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी समस्याओं के समाधान के लिए गम्भीरता से काम कर रहे है। उन द्वारा 16 मई का विकास मंच को मिलने का समय देते हुए कहा कि नगरपालिका द्वारा की गई कार्यवाही बारे वह सेक्टरवासियों को अवगत करवाएगी। विकास मंच के प्रधान राकेश वालिया के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधमंडल में शामिल महासचिव सतीश सेठी, सुरेंद्र धीमान व अश्वनी शर्मा ने नगरपालिका अध्यक्षा को सौंपे ज्ञापन में अवगत करवाया कि सेक्टर की सड़के पूरी तरह टूट चुकी है। साफ सफाई की व्यवस्था चरमराई हुई है। स्ट्रीट लाईट आधी बंद पड़ी है। पार्क आवारा पशुओं के चारागाह बने हुए है। वाटर गली की सफाई तो दूर की बात वह जगह जगह से टूट चुकी है। सेक्टरवासी आवारा कुत्तों व बंदरो से भयभीत है। टूटी सड़को व बंदरो तथा कुत्तों की वजह से कई दर्दनाक दुर्घटनाएं हो चुकी है। सेक्टर में खाली पड़े प्लाट में खड़ी झाड़ियां सांपो व मच्छरों का आश्रय स्थल बने हुए है।

नगरपालिका से सेक्टर में कोई सुविधा तो नही मिल रही परंतु ऊपर से हाउस टैक्स वसूलना शुरू कर दिया है। इसमें भी भेदभाव किया जा रहा है। पानी व सीवरेज के बिलों में सरकारी सरंक्षण में सेक्टरवासियों की भारी लूट-खसूट हो रही है। सीवर की निकासी का कोई स्थाई प्रबंध नही है। मंच के प्रधान राकेश वालिया व महासचिव सतीश सेठी ने कहा कि सेक्टरवासी काफी समय से समस्याओं से जूझ रहे है। नगरपालिका चुनावो के बाद सुधार की उम्मीद जगी थी। परंतु एक साल बाद भी कोई राहत नही मिली है। नगरपालिका की उपध्यक्षा आईना गुप्ता को भी विकास मंच ने ज्ञापन दिया है। उम्मीद है कि अध्यक्षा एवं उपध्यक्षा दोनों के प्रयासों से सेक्टर की समस्याओं का जल्द समाधान होगा।

## आर्य कॉलेज के एनसीसी कैडेट चिराग को मिली कैडेट वेलफेयर स्कॉलरशिप

**पानीपत: पानीपत के** जीटी रोड स्थित आर्य कॉलेज के एनसीसी कैडेट चिराग को कैडेट वेलफेयर स्कॉलरशिप मिली है। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता, एनसीसी अधिकारी डॉ. शिवनारायण, डॉ. विजय सिंह व अन्य स्टाफ सदस्यों ने मंगलवार को इस उपलब्धि के लिए एनसीसी कैडेट चिराग को बधाई दी। वहीं प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि आर्य कॉलेज के लिए यह गर्व की बात है। एनसीसी के माध्यम से हमें देश सेवा का मौका मिलता है। कैडेट वेलफेयर स्कॉलरशिप में हर साल देशभर से कैडेट्स भाग लेते है और उनमें से केवल 1000 कैडेट्स का चयन किया जाता है। कैडेट का चयन उनकी प्रतिभा के आधार पर स्कॉलरशिप के लिए किया जाता है।

## हकेवि में विदेशी विद्यार्थियों के साथ संवाद सत्र आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश यादव महेन्दगढ़**

**हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा विश्वविद्यालय में अध्ययरनरत विदेशी विद्यार्थियों के साथ संवाद का आयोजन किया गया। ह्यअनुसंधान सहायता सेवाह्य पर केंद्रित इस संवाद सत्र का उद्देश्य अनुसंधान और प्रकाशन गतिविधियों के प्रभावी संचालन हेतु शोधकताओं के लिए प्रदान की जा रही विभिन्न अनुसंधान सहायता सेवाओं की जानकारी उपलब्ध करवाना था। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने पुस्तकालय द्वारा अनुसंधानकताओं के लिए किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से शोधकताओं को पुस्तकालय संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करने में मदद मिलेगी।



विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सी. एच. ने संवाद सत्र के दौरान पुस्तकालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले सभी संसाधनों और सेवाओं का विवरण प्रतिभागियों से साझा किया। उन्होंने अनुसंधान और प्रकाशन गतिविधियों के लिए सेवाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने की अपील की।

विश्वविद्यालय के उपपुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ ने पुस्तकालय, नियमों, सदस्यता, सर्वोत्तम प्रथाओं आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। इसी क्रम में सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष नरेश कुमार ने पुस्तकालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले विभिन्न ई-संसाधनों की जानकारी दी।

# जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्षों की सूची जारी

**टीम एक्शन इंडिया/ अंबाला (मनीष कुमार)**

**जन** नायक जनता पार्टी ने अंबाला जिलाध्यक्ष दलबीर सिंह पुनिया को एक बार फिर से जिम्मेदारी दी है। जिसको लेकर जजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर है। जजपा कार्यकताओं ने दोबारा से दलबीर पुनिया पर विश्वास जताने और उन्हें फिर से जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी देने पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व पार्टी हाईकमान का धन्यवाद किया है। जजपा कार्यकताओं ने कहा दलबीर पुनिया ईमानदार व निष्ठा से काम करने वाले कार्यकर्ता है वे सभी को एक साथ लेकर चलते हैं। इसलिए उन्हें



दोबारा जिम्मेदारी मिलने से पार्टी वर्क्स में फिर से नई ऊर्जा आ गई है। वे अब दोगुनी मेहनत के साथ पार्टी के लिए काम कर सकेंगे। वहीं इस मौके जजपा जिलाध्यक्ष दलबीर पुनिया ने भी पार्टी हाईकमान का धन्यवाद किया और कहा पार्टी ने उन पर एक बार फिर से विश्वास जताया है वे पार्टी का विश्वास पहले की तरह बनाये रखेंगे और सभी कार्यकताओं को साथ लेकर चलेंगे। दलबीर पुनिया ने कहा पार्टी को मजबूत करने के लिए उन्होंने कभी कसर नही छोड़ी उनकी यह कोशिश आगे भी जारी रहेगी। इस मौके जसविंदर धनौरा , सरबजीत कौर , फौजी सुरिंदर सैनी, मनदीप बोपाराय , दविंदर सैनी, सर्वण सिंह, हरबंस ककड़माजरा, हैप्पी बलाना, अमरिंदर सोंटा, दलबीर सोंटा, रवि बब्याल, बिंदर चोडमस्तपुर, माया राम काकरकुंडा, कैप्टन दया चंद, पाला राम गुज्जर, मोहित राणा बधौली, राजेश जंडली, कुलवंत बाछल, अजीत सिंह नमबरदार , भूपिंदर कलरेहड़ी, रोशन भारती सहित कई गणमान्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले बीते कल जेजेपी ने संगठन में बड़ा बदलाव किया था जिसमें अदयक्ष पद के दलविन्द्र पुनिया को अंबाला, जोगिन्द्र बागनवाला को भिवानी, नरेश को दादरी, कृष्ण झाखड को फरीदाबाद, रविन्द्र को फतेहबाद, शयोचंद यादव को गुरूग्राम, अमित को हिसार, संजय को झंझर, कृष्ण राठी को जींद, रणदीप कौल को कैथल, गुरदेव को करनाल, कुलदीप को कुरूक्षेत्र, डॉ मुनीश को महेंद्रगड़, एडवोकेट जावेद खान को नो, दवेन्द्र सोतिर को पलवल, दिलबाग को पंचकूला, सुरेन्द्र को पानीपत, दलवीर को रोहतक, विजय पंच को रेवाड़ी, आशोक शर्मा को सिरसा, राज सिंह दहिया को सोनीपत, गुरविन्द्र तेजली को यमुनानगर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## लायन्स क्लब गन्नौर गौरव का आभार 2023 पारितोषिक वितरण समारोह



**गन्नौर: लायन्स क्लब** गन्नौर गौरव का आभार 2023 पारितोषिक वितरण समारोह जी टी रोड स्थित कनक गार्डन में धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि दिनेश दीपक जोशी, विशिष्ठ अतिथि भारत भूषण दुआ, वीडीजी प्रथम विनित गोयल, वीडीजी द्वितीय दिनेश बत्रा ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर अतिथियों को क्लब की प्रधान शालू वधवा, सचिव भावना जग्या, कोषाध्यक्ष डिम्पी मल्होत्रा, सर्विस चेयरपर्सन रूचिका बत्रा, अवार्ड चेयरपर्सन रितिका भाटिया आदि ने बूके देकर स्वागत किया। मंच संचालन क्लब के पदाधिकारी एवं प्रयास स्कूल के निदेशक अमित बत्रा ने किया। इस मौके पर क्लब की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें नए सत्र के लिए प्रधान चारू चांदना, सचिव भावना जग्या, कोषाध्यक्ष प्रिया जिंदल, परियोजना अध्यक्ष रूचिका बत्रा को सर्वसम्मति से बनाया गया। नवनियुक्त क्लब की कार्यकारिणी का क्लब के सभी सदस्यों ने स्वागत किया। मुख्यातिथि ने कहा कि क्लब समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि क्लब की महिलाएं क्लब के सदस्यों के साथ बहुत ही बेहतर प्रोजेक्ट कर रही है। विशिष्ठ अतिथि विनित गोयल ने कहा कि क्लब गरीब जरूरतमंद छात्राओं को साईकिल, बुजुर्गों को राशन सामग्री के अलावा दर्जनों प्रौजेक्ट कर रहा है।

## ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज ने करनाल में ग्रीनलैम लैमिनेट्स का एक्सक्लूसिव डिस्प्ले सेंटर खोला

**करनाल:** सजावटी लैमिनेट्स के लिए प्रसिद्ध दुनिया के मुख्य 3 निमार्ताओं में शामिल ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज ने हाल ही में करनाल में डागा वर्ल्ड एलएलपी में विशेष एसआईएस डिस्प्ले सेंटर का उद्घाटन किया। इस शोरूम में विशेष रूप से ग्रीनलैम लैमिनेट्स की पूरी श्रृंखला सजाई गई है, जो हर तरह के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई है, यह अलग-अलग बनावट और रंगों की एक विविध रेंज में उपलब्ध हैं ।ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज ग्राहकों को हाई क्वॉलिटी सरफेसिंग समाधान सुंदरता के साथ देने के लिए जाना जाता है। अपनी विरासत में हमेशा खास मगर कुछ हटकर कलाकारी को बेधड़क पेश करने का जुनून इसके प्रमुख ब्रांडों की पेशकश में दिखाई देता है। इसकी रेंज ग्रीनलैम के ग्राहकों के लिए कई तरह के टेक्सचर, रंग और डिजाइन को लेकर आती है। उनके उत्पादों की विशाल श्रृंखला ग्रीनलैम के ग्राहकों को उनके स्थान को डिजाइन कर उसकी खूबसूरती को बढ़ाने के साथ-साथ और भी मनोरम बना देती है।

## भाजपा की गलत नीतियों के निमंत्रण पत्र की प्रतियों को फूंका

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

मुख्यमंत्री द्वारा मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन को बातचीत के लिए बुलाना और फिर बात न करना उनके अहंकार को दशार्ता है। शिक्षा विभाग के लिपिकों ने इकठे होकर निमंत्रण पत्र की प्रतियों को ब्लाक प्रधान गोपाल कृष्ण के नेतृत्व में बीईओ कार्यलय में फूंककर अपना रोष प्रकट किया। 28 मई को जींद में होने वाली चेतावनी रैली में तानाशाही का मुँहतोड़ ज्वाब दिया जाएगा। हरियाणा एजुकेशन मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन (हेमसा) संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ के प्रधान गोपाल कृष्ण , सचिव सर्वजीत सिंह व कैशियर आशीष गुप्ता ने कहा कि सभी विभागों के मिनिस्टीरियल स्टाफ के हजारों कर्मचारियों ने 25 अगस्त 2014 के मंत्रिमंडल के फैसले को लागू करते हुए लिपिक को 35400 रुपए वेतन देने की मांग को लेकर 30 अप्रैल को करनाल में आक्रोश प्रदर्शन किया था। इसके बाद करनाल प्रशासन ने मुख्यमंत्री से बात कर हरियाणा मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को 4 मई को बातचीत के लिए लिखित पत्र दिया था। अगले दिन प्रशासन ने एसोसिएशन को मोबाइल पर सूचना दी कि मुख्यमंत्री से वार्ता 4 मई की बजाए 3 मई को करनाल में ही होगी। प्रशासन के सन्देश पर एसोसिएशन का प्रतिनिधमंडल निश्चित समय पर 3 मई को रेस्ट हाउस करनाल में पहुंच गया जंहा प्रशासन भी मौजूद था। परंतु मुख्यमंत्री नही आए। बार-बार पूछने पर भी करनाल प्रशासन मूकदर्शक बना रहा। इससे साफ है कि मुख्यमंत्री एसोसिएशन से बातचीत करना नही चाहते।



# ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम सक्षम-2023 का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**कार्बन फुटप्रिंट** को कम करने और तेल एवं गैस का संरक्षण करने के मुख्य उद्देश्य हेतु , पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में ह्लऊर्जा संरक्षण - नेट जीरो की ओर" विषय पर आधारित दो सप्ताह तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का शानदार समापन हुआ। इस पखवाड़े के प्रमुख आकर्षण बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, साइक्लोथॉन, वॉकथॉन, मोबाइल वैन द्वारा ऑडियो वीडियो फिल्म से आसपास के गांवों में सक्षम विषय पर आधारित संदेश का प्रसारण, नुक्कड़ नाटक और मुफ्त प्रदूषण जांच आदि रहे। सभी कार्यक्रमों ने बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी को आकर्षित किया। समापन समारोह का



आयोजन मिनी स्मार्ट सिटी में एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख , मुख्य-महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारी संघ तथा ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, बड़ी संख्या में कर्मचारियों और उनके परिजनों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत हेमंत अग्रवाल, मुख्य-महाप्रबंधकगण के स्वागत भाषण से हुई। सक्षम-2023 पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों पर वीडियो फिल्म के माध्यम से एक रिपोर्ट प्रदर्शित की गई, जिसकी सभी ने सराहना की। इसके साथ ही ह्लऊर्जा संरक्षण - नेट जीरो की ओर" विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया गया । अपने संबोधन में डहरिया ने सभी कार्यक्रमों को अच्छी तरह से आयोजित करने के लिए टीम सक्षम, पीआरपीसी की सराहना की।

उन्होंने पीआरपीसी के भीतर और बाहर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को भी बधाई दी और उनसे आग्रह किया कि वे ऊर्जा संसाधनों का संरक्षण करके कार्बन फुटप्रिंट्स को कम करने के लिए पूरे दिल से योगदान दें और दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि हम में से प्रत्येक को नेट जीरो उत्सर्जन की दिशा में प्रयास करना चाहिए। इसका मतलब है जितना संभव हो सके हमारे उत्सर्जन को कम करना है । उन्होने कहा कि यदि हम अपने उद्योगों, आने वाली पीढ़ियों और धरती माता के भविष्य को सुरक्षित करना चाहते हैं तो यह परम आवश्यक हैं कि हम सभी को जीवाश्म ईंधन का कम से कम प्रयोग करना है और सभी तरह की ऊर्जा को बचाना है।

# उपलब्धि : संस्कृति विवि के छात्रों को विदेश के होटलों में मिली नौकरी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**संस्कृति** यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को लगातार विदेशी कंपनियों, निगमों में नौकरियां मिल रही हैं। एक अच्छे शैक्षणिक वातावरण के कारण यह संभव हो सका है। हाल ही में स्कूल ऑफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के 15 छात्रों को दुबई और तुर्की में नौकरी मिली है। कठोर चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद छात्रों का चयन एक प्रमुख बहुराष्ट्रीय निगम द्वारा किया गया।



संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल आफ टूरिज्म एंड हास्पिटेलिटी के छात्र उमेश, कन्हैया लाल, प्रमोद, योगेंद्र शुक्ला, अनुज सिंह, गौरव, राहुल सिंह, दलवीर सिंह, सोहित कुमार, अजय वर्मा, आशुतोष, विजय सिंह, सुरेंद्र सिंह, ऋतिक सिंह, सद्दाम, इंद्रेश और अंकित सिंह अब सफल होटल व्यवसायी हैं, काम कर रहे हैं दुबई और तुर्की के विभिन्न होटलों में। संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता ने कहा, "इन छात्रों ने अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान अविश्वसनीय दृढ़ता, दृढ़ संकल्प और एक मजबूत कार्य नीति का परिचय दिया है। उनके द्वारा हासिल किए गए परिणामों में उनका समर्पण स्पष्ट है, उनमें से कई ने अपनी कक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किए हैं।

## आदर्श नगर इलाके के सांई सदन में व्हील चेयर वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन, पहुंचे श्याम जाजू

# वंचितों की मदद करने में आगे हैं टीना आहूजा: श्याम जाजू









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के आदर्श नगर इलाके के सांई सदन में हेल्प एण्ड केयर फाउंडेशन और वर्ल्ड विजन संस्था की ओर से व्हील चेयर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ईआरडी केयर फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इसमें ईआरडी केयर फाउंडेशन ने दिव्यांगों में 7 व्हील चेयर, 5 बैसाखी, 20 छड़ी दी। इस मौके पर भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू के अलावा भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष राज सिंह चौहान, निगम पार्षद योगेश वर्मा, दिल्ली पुलिस से मुक्ता, मंडल अध्यक्ष प्रदीप राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, गौरव गुप्ता, अशोक बंसल, अजय बसौया, वर्ल्ड विजन इंडिया संस्था के प्रेमलाल, मदन अरोड़ा मौजूद रहे। इस अवसर पर श्याम जाजू ने कहा कि आज टीना आहूजा के द्वारा बड़ा ही अच्छा प्रयास किया गया है, ऐसे प्रयास सभी को करने चाहिए और गरीबों, दिव्यांगों और वंचितों की सहायता करनी चाहिए, जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके। इस अवसर पर फाउंडेशन की अध्यक्ष टीना आहूजा ने संस्था के द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी लोगों को दी। इस मौके पर आये हुए गणमान्य लोगों का हेल्प एण्ड केयर फाउंडेशन की अध्यक्ष टीना आहूजा ने स्वागत किया। इस मौके पर मीनू वधवा, पवन, कुसुमलता सैनी, संगीता खन्ना, मधु, आंकाशा बजाज, डॉ. मुदित, मनी बंसल, कपिल शर्मा, प्रेम कुमार, अजीत शेखावत, अजय शर्मा, विक्रम सोमानी, चौखेलाल, पूजा, गीता, नीरज बंसल, सुनील, बिट्टू, सांई सेवा सदन के अध्यक्ष विकास, प्रदीप मौजूद रहे।













वार्ड-18 जहांगीर पुरी के श्रद्धानंद कॉलोनी के मेंन रोड़ के नालो की सफाई करवाते हुए निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा साथ में है रमेश शर्मा व अन्य।

## पायलटों को संशोधित मुआवजा ढांचा स्वीकारने का दिया समय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**टाटा** की अगुवाई वाली एयर इंडिया (एआई) ने अपने पायलटों को संशोधित मुआवजा ढांचा स्वीकार करने के लिए और समय दिया है। हालांकि, इस ढांचे का दो पायलट यूनियनों ने विरोध किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।
सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि एयर इंडिया ने अपने पायलटों को संशोधित मुआवजा ढांचा स्वीकार करने के लिए और समय दिया है। यह वक्त एयरलाइन ने उन पायलटों को दिया है, जिन्होंने अभी तक नए अनुबंधों पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। ऐसा कई पायलटों के साथ उनकी चिंताओं पर चर्चा करने के बाद किया गया है। जानकारी के मुताबिक एयरलाइन ने नए अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने के लिए इस सप्ताह के अंत तक का वक्त दिया गया है। हालांकि, पायलटों को संशोधित मुआवजा ढांचा स्वीकार करने के लिए समय-सीमा बढ़ाने पर एआई की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इससे पहले नए अनुबंधों को स्वीकार करने की समय-सीमा 30 अप्रैल को खत्म हो गई थी। उल्लेखनीय है कि करीब 800 पायलट ने नए ढांचे को स्वीकार नहीं किया था। एयर इंडिया का समय-सीमा बढ़ाने का फैसला ऐसे वक्त में लिया है।



बुराड़ी की मुख्य सड़को का अधिकारियों संग दौरा करते हुए बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव झा व अन्य।

## दिल्ली दंगे के नौ दोषियों को सात साल की कैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के कड़कड़डूमा कोर्ट ने वर्ष 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगे के नौ दोषियों को सात साल की कैद की सजा सुनाई है। एडिशनल सेशंस जज पुलस्त्य प्रमाचल ने कहा कि इनकी करतूतों से समाज में असुरक्षा का माहौल बन गया और इन्होंने सांप्रदायिक ताने-बाने को बर्बाद करने की कोशिश की। कोर्ट ने सभी दोषियों पर 21-21 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की इस रकम में से डेढ़ लाख रुपये शिकायतकर्ता को मुआवजा के तौर पर देने का आदेश दिया गया है। कोर्ट ने कहा कि सांप्रदायिक दंगे देश के नागरिकों के बीच भाईचारे के लिए खतरा हैं। इससे न केवल जान-माल की बबार्दी होती है बल्कि ये सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाता है। सांप्रदायिक दंगों में निर्दोष लोग मारे जाते हैं। कोर्ट ने इन सभी को मार्च में दोषी ठहराया था। कोर्ट ने जिन दोषियों को सजा सुनाई है उनमें मोहम्मद शाहनवाज, मोहम्मद शोएब, शाहरुख, राशिद, आजाद, अशरफ अली, परवेज, मोहम्मद फैसल और राशिद ऊर्फ मोनू हैं। इनके खिलाफ गोकलपुरी थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। कोर्ट ने इन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 380, 427, 346, 149 और 188 के तहत दोषी पाया है।

## हाजी हकीम की किताब का हुआ विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्राकृतिक** चिकित्सा पर हाजी हकीम की किताब का विमोचन बवाना रोड पर स्थित भारत माता वरिष्ठ बाल विद्यालय के प्रांगण में नरेला क्षेत्र के मशहूर वैद्य हाजी हकीम अब्दुल कयूम की भारतीय जड़ी बूटी प्राकृतिक चिकित्सा के अथाह ज्ञान को समेटे एक किताब का विमोचन नरेला के पूर्व विधायक चरण सिंह कंडेरा, वरिष्ठ गो सेवक राजेन्द्र सिंहल, डॉक्टर विदुला गुज्जरवार निदेशक एवं प्राचार्य चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान, दिल्ली तथा लघु कथाकार मास्टर सत्य प्रकाश भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कंडेरा ने करते हुए




कहा कि हकीम जी के 50 साल की मेहनत के इस पुस्तक रूपी पेड़ से निः संदेह समाज लाभान्वित होगा। मेरी शुभकामनाएं तहेदिल से इनके साथ हैं। मुख्य अतिथि के रुप में डॉक्टर विदुला गुज्जरवार ने हकीम जी को अपनी शुभकामनाओं के साथ कहा कि इस पुस्तक के लेखन के लिए हकीम जी का अथक प्रयास, कडी मेहनत, अटूट इरादा और लगन मुझे जबरन यहां तक खींच लाई। मुझे यह कहने में कतई संकोच नहीं है कि इन की किताब प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी। श्री सिंहल ने प्राकृतिक चिकित्सा में पशु पक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया। इस अवसर पर डॉक्टर डिंपल, कंझावला, वैद्य बलराम खनाल, तारा देवी पूर्व प्रधानाचार्य, नूर आलम बकई दवाखाना, हकीम इरफान, रमेश गौड, रविंद्र गोयल, भारत माता स्कूल प्रबंधक, डॉ यूनुस आदि अनेकों गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को भव्य बनाया। अंत में हकीम जी ने सभी का हार्दिक धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

## 30 स्कूली बच्चों ने किया रेल भवन का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** के 30 स्कूली बच्चों ने मंगलवार को रेल भवन की यात्रा की। वे सभी बच्चे पूसा रोड स्थित सेंट माइकल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के थे। सभी स्कूली बच्चे रेल भवन परिसर में स्थित वंदे भारत 2.0 के मॉडल में सवार हुए। बच्चों को वंदे भारत 2.0 ट्रेन के संबंध में बताया गया, जो विशेष खूबियों, बेहतर राइड इंडेक्स, यात्री सुविधाओं और नवीनतम सुविधाओं से सुसज्जित है।
इस दौरान रेलवे बोर्ड और उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने वंदे भारत रेलगाड़ियों के आधुनिकीकरण, अपग्रेडेशन, तकनीक और प्रमुख विशेषताओं के बारे में बच्चों को जानकारी दी। स्कूली बच्चों ने वंदे भारत ट्रेन मॉडल के साथ सेल्फी ली और कहा कि वंदे भारत रेलगाड़ियां भारतीय रेल का नया चेहरा हैं, जो दुनिया को भारतीय रेल की नवीनतम तकनीक से परिचित कराती हैं। सभी बच्चे वंदे भारत रेलगाड़ियों में यात्रा करने के लिए बेहद उत्सुक दिखे।

**जानकारी...**

= बच्चों को वंदे भारत 2.0 ट्रेन के संबंध में बताया गया, जो विशेष खूबियों और नवीनतम सुविधाओं से सुसज्जित है।



क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए त्रीनगर वार्ड की निगम पार्षद मीनू गोयल। साथ में है भाजपा नेता वीरेंद्र गोयल।

## शालीमार बाग क्षेत्र में चलाया गया पोल खोल अभियान





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केजरीवाल** के अपने राजमहल पर जनता की गाढ़ी कमाई का 45 करोड़ रूपए खर्च करने के विषय पर पोल-खोल अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम भाजपा दिल्ली प्रदेश के आहवान पर चलाया गया। इस अभियान के तहत 'झूठा कहीं का' झूठ चोरी मक्कारी की ये कहानी केजरीवाल की जुबानी वाली एलईडी वैन जिलाध्यक्ष राजकुमार भाटिया के नेतृत्व में शालीमार बाग विधानसभा के वार्ड नंबर 55, शालीमार बाग ए में बादली मोड़, नेहरु कैंप, आयुर्वेदिक अस्पताल के साथ लेबर चौक, हैदरपुर बस स्टैंड, आयुर्वैदिक कैंप, हनुमान मंदिर के साथ, हैदरपुर इन पांचों जगह पर एलईडी वैन चलाई गई। कार्यक्रम संयोजक पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, मंडल अध्यक्ष श्री कृष्ण यादव, मंडल कार्यक्रम संयोजक सुनील ठाकुर, मंडल महामंत्री वीरेंद्र सिंह पिंटू, मंडल महामंत्री राजेश गुप्ता अन्य सभी मंडल पदाधिकारी, प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एससी-एसटी मामले में दें लाभार्थियों को आर्थिक मदद: डीसी अपराजिता

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** एडीसी अपराजिता ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार एससी-एसटी एक्ट और पॉक्सो एक्ट के केसों के मामलों में लाभार्थियों को आर्थिक मदद निर्धारित समय देना सुनिश्चित करें। एडीसी अपराजिता ने यह दिशा-निर्देश आज मंगलवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति बैठक में समीक्षा कर रही थी। एडीसी अपराजिता ने एक-एक करके केसों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने जिला कल्याण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एससी-



एसटी, रेप और पोस्को एक्ट के केसों में आर्थिक सहायता धनराशि देने के लिए मुख्यालय से मार्ग दर्शन जरूर लें। समीक्षा बैठक में जिला कल्याण अधिकारी राजबीर शर्मा ने चालू वित्त वर्ष के दौरान कल्याण विभाग में आए 14 केसों में आर्थिक सहायता धनराशि देने बारे विस्तृत जानकारी दी। वहीं एसीपी विनोद कुमार पुलिस विभाग के पास एससी-एसटी, रेप, पॉक्सो एक्ट और मारपीट के केसों बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। आपको बता दें कि हरियाणा सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम-1989 और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण नियम- 1995 के प्रावधानों के तहत अत्याचार से पीड़ित व्यक्तियों के लिए एडहॉक ग्रांट की राशि बढ़ा दी है। पहले 75 सौ रुपये तुरंत राहत के तौर पर दिए जाते थे। अब 10 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। ये राशि जांच, गवाही के लिए आने पर बस, रेल किराया, लोकल खर्च, दैनिक मजदूरी इत्यादि के लिए बनाए गए कंटीजेंसी प्लान आकस्मिक योजना के तहत दी जा रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अत्याचार से पीड़ित व्यक्ति को तुरंत राहत प्रदान करने के लिए संबंधित डीसी के माध्यम से एडहॉक ग्रांट दी जाती है।

जिसमें तुरंत प्रभाव से 25 सौ रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है। इसी प्रकार अत्याचार से पीड़ित व्यक्ति, उसके आश्रित या गवाह को जांच या सुनवाई में आने-जाने के लिए एकमुश्त 100 रुपये की राशि को बढ़ाकर 150 रुपये करने का फैसला किया गया है। अत्याचार से पीड़ित व्यक्ति, उसके आश्रित, सहायक या गवाह को खाने-पीने के लिए 50 रुपये प्रतिदिन दी जाने वाली राशि बढ़ाकर 200 रुपये कर दी गई है।

# सरकार के फिट इंडिया अभियान के तहत हुआ संस्थान में छात्राओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के खेल निदेशालय की ओर से 9वीं ओपन एमआरईआई गर्ल्स स्पोर्ट्स मीट-2023 का आयोजन किया गया। केंद्र सरकार के फिट इंडि?ा अभियान के तहत यूजीसी के आदेशों पर आयोजित हुई इस प्रतियोगिता का मकसद छात्राओं को खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रेरित करना था। संस्थान की मुख्य.संरक्षक श्रीमति सत्या भल्ला के साथ डायरेक्टर जनरल एमआरईआई डॉ. एनसी वाधवा, प्रो वाइस चांसलर एम आर आई आई आरएस डॉ. प्रदीप कुमार, खेल निदेशक सरकार तलवार ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान डीन एफसीए डॉ. उषा बत्रा, छात्र कल्याण विभाग व आरएमआर



डायरेक्टर डॉ. गुरजीत कौर, निदेशक एसबीएसएस डॉ. आनंदजीत गोस्वामी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. गीता ठाकुर, मानव रचना डेंटल कॉलेज से डॉ. मनीष भार्गव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता की शुरूआत करते हुए श्रीमती सत्या भल्ला ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद का विशेष महत्व है इसलिए पढ़ाई के साथ खेलों को भी जिंदगी का हिस्सा जरूर बनाएं। प्रतियोगिता में डे स्कॉलर और हॉस्टलर्स से करीब 4 सौ छात्राओं ने बास्केटबॉल टेबल टेनिस, रस्साकशी, दौड़ बैडमिंटन आदि खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### संदिग्ध हालत में युवक लापता, अपहरण का आरोप

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव मेंहदीपुर निवासी प्रदीप ने बताया कि वह बिल्डिंग मैटेरियल का काम करता है। उसका भाई जगदीप गत 27 अप्रैल को बिना किसी से कुछ बताए घर से चला गया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी प्रीतम सिंह ने बताया कि युवक की तलाश के प्रयास किए जा रहे है। जल्द से जल्द युवक का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### सर पर ईंट से वार करके दुकानदार की बेरहमी से हत्या

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव तिहाड़ के पास पंक्चर की दुकान चलाने वाले दुकानदार के सिर पर ईंट से वार करके हत्या कर दी गई। उनका शव दुकान के पास ही बणी में पड़ा मिला। रातभर दुकानदार घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उसकी तलाश की, तलाशी के दौरान शव बणी में मिला। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस हत्यारोपितों की तलाश कर रही है। गांव तिहाड़ खुर्द निवासी राजेश कुमार (40) गांव के बाहर ही टायर पंक्चर की दुकान चलाता था। वह सोमवार को घर से दुकान पर गया था। उसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने बताया कि जब राजेश रात भर नहीं आया, तो उन्हें लगा कि काम के सिलसिले में रुक गया। उसके बाद सुबह भी वह नहीं आए।

### लूट का विरोध किया तो मारपीट कर दी धमकी, एक बदमाश ने लगा रखा था हेलमेट

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ओल्ड डीसी रोड पर स्थित चॉकलेट की दुकान में घुसे हथियारबंद बदमाशों ने दुकानदार भाइयों पर हथियार के बल पर हजारों रुपये की व लैपटॉप लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने हमला कर दिया। उसके बाद दुकारदार भाइयों को अंदर बंद करके फरार हो गए। किसी तरह दरवाजा खुलवाकर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंची जांच की। पुलिस ने सीसीटीवी को कब्जे में लेकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मॉडल टाउन निवासी अनुज कुमार ने बताया कि वह ओल्ड डीसी रोड पर भगत अस्पताल के पास सुमन इंटरप्राइजेज के नाम से चॉकलेट की दुकान चलाता है। सोमवार रात को वह तथा उनके भाई आयुष दुकान पर मौजूद थे।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपित को किया गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संदीप निवासी शिव कॉलोनी बढमलिक का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने गत 14 अप्रैल को कुंडली थाने में शिकायत देकर बताय कि उसकी नाबालिग बेटी को संदीप नाम का युवक बहलाफुसलाकर ले गया है। उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने लड़की को बरामद करके उसका मेडिकल करवाया। उसके बाद कोर्ट में बयान दर्ज करवाएं। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित कोक ाबू कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुनील निवासी खटकड़ का है। जांच अधिकारी सोमबीर ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान सेरसा गांव में मौजूद थी। उसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक सेरसा मोड़ पर अवैध हथियार सहित आने वाला है।

# अग्रवाल महाविद्यालय के अर्थशास्त्र, प्रबंध और वाणिज्य विभागों द्वारा दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
अग्रवाल महाविद्यालय में चेंजिंग सिनेरियो आफ इंटरनेशनल ट्रेड गेन्स एंड चैलेंजिस फॉर इंडिया विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएसएसआर) भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा अनुमोदित था। उद्घाटन समारोह के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि की भूमिका प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस न्यू दिल्ली ने निभाई। इन्होंने देश के आर्थिक इतिहास के बारे में भी बताया तथा नवप्रवर्तन के विषय पर गहन चिंतन की आवश्यकता को जताया। समारोह



में अध्यक्ष के रूप में अग्रवाल महाविद्यालय, प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत जी उपस्थित रहे तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर ज्योति राणा श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी पलवल रही। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के महत्व को बताया तथा उन्होंने भारत के कुल आयात और कुल निर्यात का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती आराधना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सम्मेलन में प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी ने बाहर से आए हुए विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार के बदलते हुए स्वरूप के बारे में चर्चा की और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के फलस्वरूप होने वाले विभिन्न फायदे व चुनौतियों के बारे में भी बताया। उद्घाटन सत्र में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज शुक्ला जी ने कार्यक्रम की थीम प्रस्तुत करते हुए अंतरराष्ट्रीय व्यापार से भारत के होने वाले विभिन्न लाभों और चुनौतियों के बारे में बताया तथा यह भी बताया कि किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार कितना महत्वपूर्ण हैं। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020: चैलेंजिस एंड अपॉर्चुनिटी शीर्षक बुक का विमोचन भी किया गया। सम्मेलन में प्रथम दिन बड़ी संख्या में लोगों ने पंजीकरण करवाया। इस सम्मेलन में प्रथम दिन कुल 4 तकनीकी सत्र रहे। जिसमें द्वितीय सत्र में अध्यक्ष के रूप में डॉ. लक्ष्मी गुप्ता, सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल रही। इस सत्र में आमंत्रित वार्ता डॉ. मीनाक्षी गुजराल, के.आर. मंगलम यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम जिनकी वार्ता का विषय था रिवॉल्यूशनाइजिगं ग्लोबल ट्रेड टेक्नोलॉजी एंड इन्नोवेशन रहा। सम्मेलन के तृतीय सत्र के अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी रहे तथा आमंत्रित वार्ता के रूप में भूमिका डॉ. अमित शर्मा, गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, द्वारका न्यू दिल्ली ने निभाई। जिनका विषय था ट्रेड इशू ऑफ इंडिया चैलेंज फॉर एक्सपोर्टर्स । इस सत्र में दूसरी आमंत्रित वार्ता डॉ. सत्यबीर सिंह, जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल द्वारा दी गई। जिनका विषय था एक्सपोर्ट प्रमोशनस इंपैक्ट ऑन एक्सपोर्ट: एक केस स्टडी ऑफ इंडिया। चौथे सत्र के अध्यक्ष डॉ. सत्यबीर सिंह रहे।

इस सत्र में डॉ. सपना बंसल, बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी, रोहतक द्वारा आमंत्रित वार्ता दी गई। जिनका विषय था चेंजिंग सिनेरियो ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड: गेन्स एंड चैलेंजिस फॉर इंडिया।

# बिजली स्टेशन का औचक निरीक्षण करने पहुंचे विधायक राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
**विधायक राजेश नागर ने आज** सेक्टर 37 में नए बने बिजली सब स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद बिजली अधिकारियों से कहा कि वह अपनी तैयारियों को मुकम्मल कर लें जिससे कि इस गर्मी में लोगों को बिजली की कटौती से दो चार न होना पड़े। नागर ने सब स्टेशन पर मौजूद अधिकारियों से बिजली की आपूर्ति एवं क्षमता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और ऐसे में लोगों को



बिजली आपूर्ति में किसी तरह की समस्या नहीं आनी चाहिए। ऐसे में स्टेशन में कोई भी काम बाकी रहता है तो उसे समय रहते पूरा कर लें। जिससे किसी भी आशंका को दूर किया जा सके। विधायक ने बताया कि प्रदेश में विकास कार्यों के लिए सरकार कोई कमी नहीं छोड़ रही है ऐसे में अधिकारियों को भी अपने पूरे प्रयास कर जनता को लाभ पहुंचाने का काम करना चाहिए।

## ब्लैकमेल करने व पीछा करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत। सेक्टर-27 शहर थाना** पुलिस ने ब्लैकमेल करने व पीछा करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल निवासी जटवाड़ा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत 7 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि साहिल नाम को युवक उसका पीछा करता है। उसे ब्लैकमेल करता है। इस संबंध में पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# ई-अधिगम कार्यक्रम के तहत कार्यशाला में किया मास्टर ट्रेनर को किया तैयार



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि ई-अधिगम कार्यक्रम के तहत लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर को तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि आज मंगलवार से कल्सट्रल प्रशिक्षण दिया गया है । डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिसके लिए केंद्र एवं राज्य सरकार दोनों विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही है। हाल ही में हरियाणा सरकार द्वारा भी हरियाणा ई-अधिगम योजना आरंभ करने का निर्णय लिया गया है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के छात्रों को टैबलेट प्रदान किए गए हैं।

**हरियाणा ई अधिगम योजना 2023 का लाभ:-**
सीएमजीजीए श्रुति शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा ई-अधिगम योजना लांच की गई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के सरकारी स्कूलों में पढ? वाले विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए हैं । प्रदेश में लगभग 5 लाख टेबलेट इस योजना के अंतर्गत वितरित किए गए हैं । इन टेबलेट में पर्सनलाइज्ड और अटैंटिव लर्निंग सॉफ्टवेयर के साथ प्रीलोडेड कंटेंट और 2 जीबी/त्रक्क मुफ्त डाटा भी प्रदान किया जा रहा है । दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा देने के पश्चात यह टेबलेट प्रदान किए जाएंगे। अगले वर्ष इस योजना के अंतर्गत नौवी से लेकर बारहवीं कक्षा तक के सभी छात्रों को कवर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन टेबलेट के माध्यम से प्रदेश के छात्र कौशल हासिल कर सकेंगे एवं उनको नए अफसरों की भी प्राप्ति होगी। इसके अलावा ई लर्निंग के माध्यम से हरियाणा के विद्यार्थी वैश्विक विद्यार्थी भी बन सकेंगे। प्रदेश के लगभग 119 ब्लॉक के छात्रों के बीच इन उपकरणों का वितरण किया

# 'कृष्ण जाखड़ के अनुभव का हम सब को मिलेगा'

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन में बदलाव करते हुए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद फरीदाबाद में पूर्व राष्ट्रीय सचिव और पार्टी के पुराने कार्यकर्ता कृष्ण जाखड़ को फरीदाबाद जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी है। मंगलवार को सेक्टर 14 उनके निवास पर जिला अध्यक्ष बनने के बाद जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता तिगांव विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी उमेश भाटी अपनी टीम के



साथ नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कृष्ण जाखड़ को बधाई देने पहुंचे। उमेश भाटी और टीम ने उन्हें बधाई देते हुए पगड़ी पहनाई और बुके देकर उनका मुंह मीठा कराते हुए जिला अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर कृष्ण जाखड़ ने उमेश भाटी और टीम का तहे दिल से धन्यवाद करते हुए कहा की पार्टी हाईकमान ने जो उन पर विश्वास जताया है। और जिला अध्यक्ष कि उन्हें कमान सौंपी है वह पूरी निष्ठा लगन और कड़ी मेहनत द्वारा पार्टी के उम्मीदों पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे और फरीदाबाद में पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर संगठन को और मजबूत करने के लिए सेक्टर हो या कॉलोनी हो या फिर ग्रामीण इलाका हो जेजेपी पार्टी की लाभकारी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का अपने कार्यकर्ताओं के साथ प्रयास करेंगे ताकि लोगों का जेजेपी पार्टी के प्रति पहले से भी ज्यादा और विश्वास बढ़े आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर फरीदाबाद के विभिन्न विधानसभाओं में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नए लोगों को जोडने का काम करेंगे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 13 मई को: सीजेएम सुकिर्ती गोयल

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुकिर्ती गोयल ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी 13 मई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण राजीनामा करके करा



सकते हैं। सीजेएम सुकिर्ती विस्तृत जानकारी देते हुए आगे बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए पिछले लगभग 15 वर्षों से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है, वह आपसी सहमति सुलह करके राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निपटारा करवा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों का निपटान करवाकर बचाएँ धन और समय सीजेएम कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुकिर्ती गोयल ने विभिन्न अदालतों में विचाराधीन केसों से सम्बंधित लोगों से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते करके केसों के निपटान करवा कर समाज में भाईचारा बढ़ाने के भागीदार बनें। वहीं इससे धन और समय की भी बचत होती है और समाज में भाईचारे की भावना भी बढ़ती है। उन्होंने आगे बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने कहा कि कानूनी रूप से राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह किए गए केसों का भी अन्य केसों के बराबरी ही होती है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं होती। अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में कारगर सिद्ध होती है इन केसों की सुनवाई की किसी भी ऊपरी अदालत में अपील नहीं की जा सकती है। सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाता है।वहीं आपसी सहमति से हल होने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है।

# किशोर से कुकर्म करने के दोषी को अदालत ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सदर थाना गोहाना क्षेत्र में किशोर** को बाइक पर बैठाकर खेत में ले जाकर कुकर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर एक लाख रुपये जुमार्ना भी किया है। बता दें कि गोहाना के सदर थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने 17 अगस्त, 2017 को खरखौदा थाना पुलिस को बताया था कि उनका दस वर्षीय बेटा खेलने के लिए घर से निकला था। वह रात आठ बजे तक घर नहीं आया था तो उन्हें उसकी चिंता सताने लगी थी। जब वह बच्चे को तलाश करने निकले तो वह सिसाना-गोहाना मार्ग पर मौजमनगर गांव के मोड़ के पास रोते हुए मिला था। बच्चे से जब उन्होंने रोने का कारण पूछा था तो उसने बताया कि जोहड़ के पास से गांव के ही युवक ने उसे 20 रुपये दिए थे और अपनी बाइक पर बैठा लिया था। जिसके बाद आरोपित उसे बाजरे के खेत में ले गया था। जहां पर उसने उसके साथ कुकर्म किया और उसे वहीं पर छोड़कर अपनी बाइक लेकर भाग गया। जिसके बाद वह रोते हुए अपने घर आ रहा था। मासूम के साथ हुई घटना की जानकारी मिलने पर बच्चे के पिता ने मामले की शिकायत पुलिस को की थी, जिस पर पुलिस ने उनके गांव के युवक पर पुलिस ने 4 पॉक्सो एक्ट व भादसं की धारा 377 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में आरोपित को पकड़ा तो वह घटना के समय नाबालिग मिला था। जिसके बाद उसे बाल सुधार गृह में भेजा गया था। हालांकि उसका मुकदमा अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में चला गया। मामले की सुनवाई के बाद अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह की अदालत ने आरोपित को दोषी करार दिया है। मंगलवार को अदालत ने दोषी को 6 पॉक्सो एक्ट में उम्रकैद व 50 हजार रुपये जुमार्ना तथा भादसं की धारा 377 में भी उम्रकैद व 50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 10 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# विकास के लिए भाजपा को जिताएं: योगी

## महापौर के साथ पार्षद और चेयरमैन पदों पर भाजपा को जिताने की योगी ने की अपील

**वोट की अपील**

**जनता भाजपा के साथ हो गई तो विपक्ष के लोग बौखला गये और आस्था पर चोट पहुंचाने लगे: सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**

**नगर** निकाय चुनाव के दूसरे चरण के तहत कानपुर में हो रहे चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विपक्षियों पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और देश की जनता भाजपा के साथ हो गई तो विपक्ष के लोग बौखला गये और आस्था पर चोट पहुंचाने लगे, लेकिन इनको जवाब आपको कमल का बटन दबाकर देना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो विकास को मुख्य मुद्दा बनाती है। आपके नगर के विकास के लिए जरूरी है कि ट्रिपल इंजन की सरकार हो। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप अपने नगर के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार ट्रिपल इंजन जरूर जोड़ेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने शहर के दक्षिण स्थिति कामर्शियल मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाया जा रहा है। बड़े शहरों पर मेट्रो लाई जा रही है। यह चुनाव कूड़ा उठाने का चुनाव नहीं है। यह चुनाव बसपा, सपा और कांग्रेस के कचरा उठाने का चुनाव है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश का व्यापारी गुंडा टैक्स और रंगदारी से परेशान रहता था। अब व्यापारी सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने व्यापार को बढ़ावा दे रहा है। स्मार्ट सिटी योजना से कानपुर में सफाई बहुत तेजी से हुई है। इस योजना को सफल बनाने के लिए दोबारा भाजपा महापौर उम्मीदवार प्रमिला पाण्डेय को आपको आशीर्वाद देना होगा। विपक्षियों पर तंज कसते हुए योगी ने कहा कि यह लोग अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के तहत आस्था से खिलवाड़ किये हैं। अब रामायण पर भी टिप्पणी की जा रही है। इसे लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। नगर में पेयजल और सीवर लाइन की कभी भी समस्या नहीं होने पाएगी। आप लोगों से मेरी अपील है कि भाजपा महापौर उम्मीदवार प्रमिला पाण्डेय समेत सभी पार्षद उम्मीदवार और नगर पालिका के साथ नगर पंचायत के चेयरमैन उम्मीदवारों को आशीर्वाद देने के लिए कमल का बटन दबाएं।

## न्यूज फ्लैश

### गुरुदेव का राजनीतिक लाभ लेना चाहती है भाजपा: टीएमसी

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 161वीं जयंती के मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कोलकाता दौरा सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस को रास नहीं आ रहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के करीबी राज्य के मंत्री और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने शाह के दौरे को लेकर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा गुरुदेव का राजनीतिक इस्तेमाल करना चाहती है। मंगलवार को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबारी में अमित शाह के दौरे के पहले फिरहाद पहुंचे और कवियत्री को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीति हो रही है। गुरुदेव के जरिए वे (शाह) बंगाली समुदाय की भावनाओं को छूना चाहते हैं लेकिन लोग इतने मूर्ख नहीं है। उन्होंने कहा कि रविंद्रनाथ टैगोर ने सभी को एकजुट रहने की बात की है, सभी को एक नजर से देखने की बात की है लेकिन आज वे (अमित शाह और भाजपा) विभाजन की राजनीति करते हैं। गुरुदेव के प्रति अगर सच्चा समर्पण उनके अंदर है तो उन्होंने जिस तरह से सद्भावना की बात की थी उस तरह की राजनीति भाजपा करें।

उल्लेखनीय है कि गुरुदेव जयंती पर कोलकाता पहुंचे अमित शाह ने अभी तक किसी तरह का कोई राजनीतिक बयान नहीं दिया है। एक दिन पहले भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जब राज्य सचिवालय में मीडिया से बात की थी तब भी शाह के कोलकाता दौरे पर सवाल खड़ा किया था। उन्होंने कहा था कि मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है। गृह मंत्री होने के नाते शाह को पहले वहां जाना चाहिए लेकिन उन्हें तो राजनीति करनी है।

### डाक पार्सल कंटेनर से 12 मवेशी जब्त, दो गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** खोरीबाड़ी अंतर्गत बांग्ला-बिहार सीमांत इलाके के चक्करमाड़ी चेकिंग प्वाइंट पर मंगलवार तड़के खोरीबाड़ी थाने की पुलिस ने डाक पार्सल कंटेनर से 12 मवेशी सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के नाम मोहम्मद इकबाल (58) और मोहम्मद आरिफ (42) है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तड़के सुबह डाक पार्सल कंटेनर को मिली सूचना के आधार पर बांग्ला-बिहार सीमांत इलाके के चक्करमाड़ी चेकिंग प्वाइंट पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कंटेनर से 12 मवेशी बरामद हुआ। जिसके बाद खोरीबाड़ी थाने की पुलिस ने चालक और सह चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के पूछताछ में पता चला कि मवेशियों को बिहार से तस्करी कर असम ले जाया जा रहा था। खोरीबाड़ी थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा: चीन ने वीजा शुल्क बढ़ाया

**काठमांडू।** कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वाले नेपालियों, भारतीयों और अन्य विदेशी यात्रियों के लिए चीन ने वीजा शुल्क में बढ़ोतरी और सख्त एंट्री करके मुश्किलें बढ़ा दी हैं। चीन सख्त नियम बनाकर भारत से तीर्थयात्रियों को रोकने की कोशिश कर रहा है। विशेष रूप से भारतीय तीर्थयात्रियों को लक्ष्य बनाकर नए नियम पेश किए गए हैं। नेपाल की ट्रैवल एजेंसियों ने यात्रियों के लिए नियमों को आसान बनाने की पहल शुरू की है। ट्रेकिंग एजेंसी एसोसिएशन ऑफ नेपाल और एसोसिएशन ऑफ कैलाश टूर ऑपरेटर्स नेपाल ने चीनी राजदूत चेन सॉन्ग को एक ध्यानाकर्षण पत्र दिया है।

इसमें अन्य देशों के पर्यटकों की तुलना में भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए अधिक यात्रा शुल्क और कई सख्त नियमों का उल्लेख किया गया है।

## उप्र में 'द केरल स्टोरी' फिल्म टैक्स फ्री

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

**प्रदेश** में 'द केरल स्टोरी' को टैक्स फ्री कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सिनेमा को टैक्स फ्री करने का निर्देश जारी कर दिया है। सरकार के इस निर्णय पर कांग्रेस ने कड़ा एतराज जताया है। मंगलवार को पार्टी के प्रान्तीय अध्यक्ष प्रयागराज जोन और पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने निकाय चुनाव के दरम्यान फिल्म 'द केरल स्टोरी' का राजनीतिक मुद्दे के रूप में इस्तेमाल करने के लिए 'टैक्स फ्री' घोषित किया है। यह सीधा-सीधा चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। पूर्व मंत्री ने इस मामले को चुनाव आयोग से संज्ञान लेने को कहा है। अजय राय ने आरोप लगाया कि चुनावी भाषणों में भाजपा नेताओं ने साम्प्रदायिक एजेंडे के रुप में इसे भरपूर इस्तेमाल किया है।

## आकांक्षा मौत: गायक समर की जमानत याचिका पर सुनवाई 17 मई को

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के आरोप में जिला जेल चौकाघाट में बंद गायक समर सिंह उर्फ समरजीत सिंह के जमानत प्रार्थना पत्र मंगलवार को भी सुनवाई नहीं हो सकी। अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सुनवाई नहीं की जा सकी। अब इस मामले में 17 मई को सुनवाई होगी। आकांक्षा की मां मधु दुबे के अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने कहा कि 17 मई को भी समर सिंह की जमानत अर्जी का विरोध करेंगे। अधिवक्ता शशांक शेखर ने बताया कि वाराणसी कचहरी के स्थानांतरण के विरोध को लेकर अधिवक्ता हड़ताल पर है। इसलिए समर सिंह के जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई नहीं हो पाई। उल्लेखनीय है कि भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे बीती 26 मार्च को सारनाथ क्षेत्र स्थित एक होटल के कमरे में मृत मिली थीं।

## राजस्थान पहुंचे राहुल गांधी, कैंप में होंगे शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**कांग्रेस के** पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी माउंट आबू दौरे पर हैं। वे माउंट आबू में कांग्रेस के सर्वोदय संगम कैंप में शामिल होने के लिए आए हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल पहली बार राजस्थान आए हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को माउंट आबू पहुंचेंगे। यहां उनके कई कार्यक्रमों में शामिल होने की जानकारी है। राहुल गांधी दिल्ली से रूटीन फ्लाइट के जरिए उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पहुंचे। यहां डबोक एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राहुल की अगवानी की। इसके बाद उदयपुर से हेलिकॉप्टर से माउंट आबू पहुंचे। वह माउंट आबू के स्वामीनारायण धर्मशाला में कांग्रेस के ट्रेनिंग कैंप में शामिल हो रहे हैं। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर भजन भी सुने। इस दौरान पिंडवाड़ा के पूर्व विधायक लालाराम गरासिया, गंगाबेन गरासिया भी स्वामीनारायण धर्मशाला के बाहर पहुंचे। यहां पुलिस ने उन्हें रोक लिया। जिस पर दोनों पूर्व विधायकों ने नाराजगी जताते हुए कहा- क्षेत्र के आदिवासी जनप्रतिनिधि हैं और हमें ही राहुल गांधी से मिलने से रोका जा रहा है। लगभग 30 मिनट बाद दोनों को अंदर बुलाया गया। इससे पहले राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर से पोलोग्राउंड पहुंचने पर प्रभारी मंत्री महेंद्र चौधरी ,मंत्री सुखराम बिश्नोई, पीसीसी सदस्य हरीश चौधरी ने स्वागत किया।

**ट्रेनिंग कैंप**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को माउंट आबू पहुंचेंगे। यहां उनके कई कार्यक्रमों में शामिल होने की जानकारी है**



मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

## असम की महिला आईएएस अजमेर से गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अजमेर**

**असम** की आईएएस ऑफिसर सेवाली देवी शर्मा सहित तीन लोगों को अजमेर से गिरफ्तार किया गया है। इसमें उनका एक दामाद भी है। इस दौरान सेवाली की नौकरानी को भी हिरासत में लिया गया था। असम की विजिलेंस टीम ने सोमवार सुबह अजमेर की कोतवाली थाना पुलिस की मदद से इस कार्रवाई को अंजाम दिया। यह गिरफ्तारी असम की स्टेट काउंसलिंग ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग में 105 करोड़ रुपए के कथित घोटाले के मामले में हुई है। तीनों आरोपी फरारी काटने के लिए अजमेर आए थे। तीनों को यहीं के उखट पेश कर रिमांड पर लिया गया। इसके बाद टीम इनको लेकर असम रवाना हो गई है। रविवार देर रात असम विजिलेंस की स्पेशल टीम इंस्पेक्टर प्रीतम सेकिया के नेतृत्व में अजमेर पहुंची थी। प्रीतम ने बताया- टीम रविवार रात को ही अजमेर पहुंच गई थी। कोतवाली थाना पुलिस से संपर्क किया गया। पूरा मामला बताया गया। आरोपियों के अजमेर होने की सूचना दी गई। सोमवार सुबह असम विजिलेंस टीम और कोतवाली थाना पुलिस ने लोकेशन के आधार पर जयपुर रोड स्थित होटल क्रॉस लेन से सेवाली देवी शर्मा, दामाद अजीत पाल सिंह और राहुल आमीन को गिरफ्तार किया है।

## मिशन मर्यादा के तहत 75 को गिरफ्तार

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा के दृष्टिगत चलाए जा रहे अभियान मिशन मयार्दा को सफल बनाने के लिए एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पर पुलिस मयार्दा के खिलाफ काम करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस धार्मिक स्थलों पर शराब, हुक्का पीकर हुड़दंग मचाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर मयार्दा का पाठ पढ़ा रही है। इसी के चलते एक सप्ताह में पुलिस ने हरिद्वार शहर में अशांति एवं सार्वजनिक स्थानों पर नशा आदि करने वाले अभी तक 1293 लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई, जिनमें 75 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए लगभग साढ़े तीन लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।

## जी-20 की बैठक से पहले साफ होगी श्रीनगर की प्रसिद्ध डल झील



**श्रीनगर।** श्रीनगर में इस महीने के अंत में होने वाली जी20 की बैठक से पहले प्रसिद्ध डल झील की सफाई का कार्य जोरों पर शुरू कर दिया गया है। इसके लिए मिशन मोड के तहत 500 मजदूरों को मशीनों के साथ लगाया गया है। जी-20 के पर्यटन समूह की बैठक 22 से 24 मई तक श्रीनगर में डल झील के किनारे शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (एसकेआईसीसी) में होने वाली है। डल झील सहित जल निकायों को साफ रखने के लिए जिम्मेदार झील संरक्षण और प्रबंधन प्राधिकरण (एलसीएमए) ने सफाई प्रक्रिया के लिए कर्मचारियों और मशीनरी को तैनात किया है। प्राधिकरण झील को साफ करने और मेहमानों के लिए इसे सुंदर बनाने के लिए मशीनों और मानवीय दोनों साधनों का उपयोग कर रहा है। एलसीएमए के उपाध्यक्ष बशीर अहमद भट ने श्रीनगर में कहा कि मुख्य समारोह डल झील के आसपास हो रहा है, इसलिए इसे सुंदर और आकर्षक बनाने का अभियान जारी है।

**फिल्म पर बैन**

एक दिन बाद ही राज्य भर के सिनेमा हॉल में हंगामा और बल प्रयोग देखने को मिला

## 'द केरला स्टोरी' देखने पहुंचे दर्शकों को पुलिस ने हॉल से बाहर निकाला



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**लव** जिहाद के जरिए हिंदू लड़कियों को फंसा कर उनका धर्म बदलने और बाद में उन पर बर्बर अत्याचार करने की पटकथा पर बनी फिल्म 'द केरला स्टोरी' को पश्चिम बंगाल में प्रतिबंधित करने की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की घोषणा के एक दिन बाद ही राज्य भर के सिनेमा हॉल में हंगामा और बल प्रयोग देखने को मिला है। यहां सिनेमा हॉल में पहले से टिकट बुक करने की वजह से फिल्म देखने पहुंचे दर्शकों को पुलिस ने कॉलर पकड़कर जबरदस्ती घसीटते हुए बाहर निकाला है। इसका वीडियो वायरल हुआ है जिसे भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख और उत्तर बंगाल के प्रभारी अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर डाला है। उन्होंने लिखा है, "पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने नागरिक स्वतंत्रता और लोगों की आजादी को बलपूर्वक कुचलने की कोशिश शुरू कर दी है। फिल्म देखने पहुंचे लोगों को मारा पीटा जा रहा और घसीटा जा रहा है। यह सब कुछ एक खास समुदाय को खुश करने के मकसद से किया जा रहा है।

यहां कानून का शासन स्थापित करने के लिए हमें तत्काल कदम उठाने की जरूरत है।" सूत्रों ने बताया है कि उत्तर 24 परगना के बेलघरिया में फिल्म देखने आए दर्शकों को बाहर निकाला गया है। इसमें महिला पुरुष समेत हर आयु वर्ग के लोग थे।

**मारा पीटा**

**यहां कानून का शासन स्थापित करने के लिए हमें तत्काल कदम उठाने की जरूरत है**

